मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 263

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com

जयपुर, बुधवार, 13 अगस्त, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




### रेवासा पीठ तपोस्थली पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक, स्वामी राघवाचार्य की प्रतिमा का अनावरण और गुरुकुल भवन का किया लोकार्पण

# भारत विश्व का कल्याण चाहने वाला देश : डॉ. भागवत

महानगर संवाददाता



**सीकर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत दुनिया में धर्म देने वाला और विश्व का कल्याण चाहने वाला देश है। यहां के वेदों में सभी शास्त्र निहित हैं, ऋषियों की तपस्या से राष्ट्र में बल और ओज का संचार हुआ है।

डॉ. भागवत मंगलवार को सीकर जिले स्थित श्री जानकीनाथ बड़ा मंदिर रैवासाधाम में ब्रह्मलीन पूज्य रेवासा पीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य वेदांती महाराज की प्रथम पुण्य तिथि पर आयोजित 'श्री सियपिय मिलन समारोह' में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी राघवाचार्य की तीन फीट ऊंची संगमरमर की प्रतिमा का अनावरण और नवनिर्मित गुरुकुल भवन का लोकार्पण भी किया।

सरसंघचालक ने कहा कि इतिहास ने भी जब आंखें नहीं खोली थीं, तबसे विश्व को सत्य, धर्म और अध्यात्म का मार्ग दिखाने और मानवता के कल्याण का कार्य भारतवर्ष और भारत का हिंदू समाज कर रहा है। सनातन काल से रीति ऐसी ही चल रही है। कई उतार-चढ़ाव आए। कभी हम स्वतंत्र रहे। कभी वैभव संपन्न रहे। कभी हम दरिद्र हो गए। कभी हम परतंत्र हो गए। अत्याचारी-पीड़ित हो गए। फिर भी यह काम लगातार चलता रहा। जब-जब दुनिया को विशेष रूप से इसकी आवश्यकता पड़ती है। तब भारत का उत्थान होता है। आज हम अगर स्वतंत्रता के बाद का हमारा इतिहास देखें तो इतिहास के आधार पर कोई यह तर्क नहीं कर सकता कि भारतवर्ष उठेगा, लेकिन भारत वर्ष उठ रहा है। विश्व में अपना स्थान बना रहा है। डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि यहां से प्रेरणा लेकर संपूर्ण देश में विचरण करने वाले हमारे संत हैं। बाकी दुनिया में भी अनेक पूजा-पद्धतियां हैं, लेकिन यदि उन पद्धतियों का पालन करने वालों से पूछा जाए कि जो आप बता रहे हैं उसे प्रत्यक्ष दिखाएं, तो उनके पास कोई उत्तर नहीं होगा। भारतवर्ष में आज भी अध्यात्म के रूप में जो कुछ कहा जाता है, वह हमारे यहां ऐसे व्यक्तियों के जीवन में प्रत्यक्ष दिखाई देता है, जिन्होंने उसे आचरण में उतारकर यश, कीर्ति, श्रेय और प्रेय सब कुछ प्राप्त किया है। ऐसे जीवन हमारे बीच ही हैं, जो हमारे साथ चलते-फिरते हैं, हमारे जैसे खाते-पीते हैं और सामान्य ही दिखाई देते हैं। तुकाराम महाराज महाराष्ट्र के एक संत हैं, उन्होंने कहा कि हम यहां के तो हैं नहीं, हम तो भगवान के और बैकुंठ के हैं। यहां पर क्यों आए हैं। वे मराठी में रहते हैं आमी बैकुंठवासी, आलो याचिकारंणा सी। इसी कारण से यहां पर आए हैं। ऋषियों ने जो कहा इसका सत्य आचरण हर समय तब तबके देशकाल परिस्थिति के अनुसार करके बताने के लिए हम यहां पर हैं।

### 'प्रजातंत्र पर संकट आया तो लोगों ने किया प्रतिकार'

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत के स्वतंत्र होने के बाद लोगों ने भविष्यवाणी की थी कि यहां प्रजातंत्र चल ही नहीं सकता। प्रजातंत्र चला भी और जब इस पर संकट आया तो लोगों ने उसका प्रतिकार करके प्रजातंत्र को कायम रखा है। आज भारत आश्चर्यकारक रीति से प्रजातांत्रिक देश के नाते प्रजातंत्र के मामले में सारी दुनिया से आगे है। उन्होंने कहा कि सत्य एक ही है, वही विश्वरूप है और वही विविध रूप में दिखाई देता है। मिथ्या कुछ समय तक ही चलती है, बाद में सब एक ही में विलीन हो जाता है। इसलिए हमारे यहां संतों की ऐसी कथाएं भी मिलती हैं। रामकृष्ण के जीवन का एक प्रसंग वर्णित है कि पंचवटी में वे गंगा को निहारते हुए बैठे थे। निहारते-निहारते उनका ध्यान लग गया और वे आसपास के समस्त दृश्य के साथ एकरूप हो गए। उसी समय सामने की हरियाली पर से एक गाय गुजरी। वे इतने गहरे एकत्व में लीन थे कि उनके अपने सीने पर गाय के पैरों के निशान पड़ गए। इतनी गहन तन्मयता संपूर्ण सृष्टि के साथ प्राप्त करने की गुरुकुंजी हमारे पास है, यह चाबी हमारे पास है और यह कल्याणकारी चाबी सभी लोगों के लिए है। ऋषि-मुनियों ने सोचा कि सब एक हैं, सब अपने हैं। जो इतना महान श्रेय हमें मिला है, उसे संपूर्ण विश्व को देना चाहिए, लेकिन पूरे विश्व को यह देने के लिए केवल एक व्यक्ति पर्याप्त नहीं होगा, इसके लिए एक पूरा राष्ट्र अपना जीवनध्येय बनाकर इसे जिए। इसी उद्देश्य से ऋषियों ने अपनी तपस्या से इस राष्ट्र की निर्मिती की है।

### 'संस्कृत और संस्कृति के उत्थान के लिए किया कार्य'

सरसंघचालक ने कहा कि राघवाचार्य जी ने संस्कृत और संस्कृति के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। यहां सभी का आगमन सदैव सहज, निर्बाध और बिना किसी भेदभाव के होता रहा है। संतों का जीवन इसलिए है और ऐसे संत का स्मरण आज हम एक साल बाद कर रहे हैं। उसी जगह दूसरे संत हमें आश्वस्त करते हुए कि एक संत जिनका पार्थिव चला गया, लेकिन संत हैं। इसलिए मैं मानता हूं कि जब तक इस स्थान और उसकी महिमा को चलाने वाले संत लोग हैं, तब तक हमको राघवाचार्य महाराज सदैव इस पीठ पर मिलते रहेंगे।



### 'महाराज की तपस्या आज दिखाई दे रही है'

डॉ. भागवत ने राघवाचार्य जी का स्मरण करते हुए कहा कि मेरा उनसे संबंध सरसंघचालक बनने के बाद ही हुआ। पहली भेंट में मेरे मन में दो बातें आईं, पहली उनके ह्रदय में सभी के लिए स्नेह था और दूसरी वे सभी को आत्मीय भाव से देखते थे। उन्होंने बताया कि उनके जीवनकाल में मैं एक बार रैवासाधाम आ चुका हूं। उस समय उन्होंने मुझे गुरुकुल के छात्रों से भी मिलवाया था। उस वक्त भी वही स्नेह और समाज के प्रति वही तड़पन दिखाई दी। बहुत से ऐसे संत हैं जो संघ के कार्यक्रमों में नहीं आते, लेकिन वे स्वयंसेवक ही होते हैं। मैंने उनसे कहा था कि जब-जब आऊंगा, आपसे मिलूंगा। मैं दो-तीन बार आया, लेकिन उस समय महाराज प्रवास पर थे, इसलिए धाम नहीं आ सका। फिर से यहां आना, उनके जाने के बाद होगा। इसका मुझे बिल्कुल भी अनुमान नहीं था। ऐसा अनुमान किसी को होता भी नहीं है। सरसंघचालक ने कहा कि मैं देख रहा हूं कि समाज के हित के लिए वही तड़पन यहां के वातावरण में विद्यमान है। महाराज के जाने के बाद उनकी तपस्या आज दिखाई दे रही है। इस जगह भक्तमाल की रचना हुई। स्थान की परंपरा ऐसी ही चलती रहेगी। यह आज मुझे विश्वास हो गया है।

---



## विधानसभा का चौथा सत्र एक सितंबर से

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विधानसभा का चौथा सत्र 1 सितंबर से शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि सत्र के लिए राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही स्पीकर देवनानी ने मंगलवार को सत्र की तैयारियों की समीक्षा की और विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा को सत्र से संबंधित व्यवस्थाएं निर्धारित अवधि में करने के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि सत्र के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोचिंग संस्थाओं पर नियंत्रण और धर्मांतरण पर रोक जैसे अहम विधेयक लाए जा सकते हैं।

### सर्वदलीय बैठक होगी

सत्र से पहले स्पीकर देवनानी की ओर से सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी, ताकि सत्र के दौरान शांतिपूर्ण ढंग से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हो सके। देवनानी इससे पहले के सत्रों में भी सर्वदलीय बैठक करते रहे हैं।

### प्रश्नों के जवाब मांगे

स्पीकर ने सरकार के सभी विभागों के एसीएस, प्रमुख शासन सचिव और सचिवों को निर्देश दिए हैं कि तृतीय सत्र में विधायकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब 27 अगस्त तक भेज दिए जाएं। देवनानी ने बताया कि तृतीय सत्र में विधायकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों में से लगभग 75 प्रतिशत के जवाब राज्य सरकार ने भेज दिए हैं। विधानसभा को लगभग 9700 प्रश्न प्राप्त हुए थे, जिसमें से 7300 के जवाब मिल गए हैं, लंबित 2400 प्रश्नों के जवाब आना शेष हैं। देवनानी ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए विधानसभा द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब आना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आमजन के मुद्दों के समाधान के लिए और विधायकों को अपने क्षेत्र की समस्याओं से निजात के लिए समय पर जानकारी मिलना जरूरी है।

---

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

# सत्ता के लालची लोगों ने तुष्टिकरण के लिए कराया विभाजन: भजनलाल



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा जयपुर शहर की ओर से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मंगलवार को बिडला ऑडिटोरियम में आयोजित संगोष्ठी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभाजन को दुनिया की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदी बताया। उन्होंने कहा कि आजादी से ठीक पहले 10 लाख लोगों की हत्या हुई, लाखों परिवार उजड़ गए। देश की आजादी के लिए महान पुरुषों ने खुद को समर्पित किया, लेकिन सत्ता के लालच और तुष्टिकरण की राजनीति ने देश को बांट दिया। जिन लोगों ने हमेशा स्वार्थ की राजनीति की, लालच की राजनीति की, उनके कारण हमारे देश के हिंदुओं को विभाजन का दंश झेलना पड़ा। पाकिस्तान से जो ट्रेनें आती थीं, वे लाशों से भरी होती थीं। यह विभाजन की भयावहता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह केवल भूतकाल की पीड़ा नहीं है, बल्कि आज भी पाकिस्तान में रहने वाले हिंदुओं के साथ अन्याय हो रहा है।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक अशोक परनामी ने कहा कि 1947 में देश के विभाजन के समय पाकिस्तान से भारत आए लोगों ने जो कष्ट झेले, उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करना, बेटियों के साथ अन्याय और अत्याचार करना, विस्थापितों की पीड़ा सुनकर आज भी रूह कांप जाती है। परनामी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम को पास करवाकर पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दिवस राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि इतिहास की सच्चाई को जन-जन तक पहुंचाने और उस त्रासदी से सीख लेने के लिए मनाया जा रहा है।

### 'कांग्रेस ने सत्ता सुख के लिए लाखों लोगों की कर दी थी कुर्बानी'

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान से विस्थापित होकर आने वालों को नागरिकता देने का दायित्व जिन सरकारों पर था, वे विफल रहीं। नागरिकता देना तो दूर इन सत्ता के लालचियों ने बिल बनाकर उनकी संपत्ति का कोई मुआवजा तक देने से इनकार कर दिया। जिस कांग्रेस ने सत्ता सुख के लिए लाखों लोगों की कुर्बानी कर दी थी, आज वही कांग्रेस हमें एकता का पाठ पढ़ा रही है। जिस कांग्रेस ने इस देश को बांटा, वो कभी देश संभाल नहीं सकती, जिसने इस देश को तोड़ा, वो लोगों को कभी जोड़ नहीं सकती। ऐसे आस्तीन के सांपों को मुंह उठाने से पहले ही कुचल देना चाहिए। सीएम ने कहा कि आजादी के कई दशकों बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने यह जिम्मेदारी निभाई है और पीड़ितों को नागरिकता देने की प्रक्रिया पूरी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने विभाजन के समय लाखों शरणार्थियों की सेवा की।

---

## सेना दिवस पर प्रदेश में पहली बार दिखेगी आर्मी की परेड

### परेड के साथ राजस्थानी संस्कृति की दिखेगी झलक

**जयपुर।** प्रदेशवासियों को राज्य में पहली बार 26 जनवरी से पहले आर्मी की परेड देखने को मिलेगी। गौरतलब है कि 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सरकार की पहल पर ही जयपुर में आर्मी-डे परेड का आयोजन किया जाएगा। जो भारतीय सेना द्वारा पहली बार आर्मी क्षेत्र से बाहर आम जनता के लिए आयोजित की जाएगी। इसमें 26 जनवरी पर दिल्ली की परेड जैसे दृश्य देखने को मिलेंगे। जवानों की कदमताल, एक साथ चलते हुए हाथ और उनके बूटों की आवाज सुनने को मिलेगी। यह परेड युवाओं में जोश भरने का काम करेगी। गौरतलब है कि भारतीय सेना में अधिकतर जवान प्रदेश से ही भर्ती होते हैं। सीएम भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर आर्मी-डे परेड की तैयारियों को लेकर भारतीय थल सेना एवं राज्य सरकार के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि वैसे भी भारतीय सेना की विश्व में पराक्रम और वीरता के लिए विशिष्ट पहचान है। हमारे वीर जवानों ने समय-समय पर अपनी बहादुरी का प्रदर्शन कर यह दर्शाया है कि देश की आन, बान और शान के लिए वे अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेना के इसी शौर्य को सम्मान देने के लिए आर्मी-डे परेड के इस आयोजन को और भव्य बनाया जाए। इसमें स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं, पर्यटकों सहित आमजन की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी हो।

### कलेक्टर को रोडमैप तैयार करने के निर्देश

सीएम ने कहा कि परेड स्थल का चयन करते समय अनुमानित दर्शक क्षमता का ध्यान रखा जाए। उन्होंने जयपुर कलेक्टर को आयोजन स्थल का नक्शा बनाते हुए रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में दर्शकों को राजस्थान के हर जिले या फिर एरिया की अद्भुत संस्कृति की झलक भी दिखनी चाहिए।

### कई गतिविधियां होंगी आयोजित

भारतीय सेना की दक्षिण पश्चिम कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, मेजर जनरल अमर रामदासानी ने मुख्यमंत्री को सेना दिवस परेड की तैयारियों की जानकारी दी। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित भारतीय थल सेना एवं राज्य सरकार के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

---

### 25 साल पुराने **मालपुरा दंगा केस** में कोर्ट ने माना पुलिस ने मामले की ठीक तरह से नहीं की जांच

## विशेष कोर्ट ने दोहरे हत्याकांड के सभी 13 आरोपी किए बरी

महानगर संवाददाता

जयपुर। सांप्रदायिक दंगा मामलों की विशेष अदालत ने 25 साल पहले टोंक के मालपुरा में हुए सांप्रदायिक दंगे के दौरान दोहरे हत्याकांड के 13 आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। पीठासीन अधिकारी श्वेता गुप्ता ने आरोपी रतनलाल, किशनलाल, रामस्वरूप, देवकरण, श्योजीराम, रामकिशोर, सुखलाल, छोटू, बच्छराज, किस्तूर, हीरालाल, सत्यनारायण और किशनलाल को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों पर जुर्म प्रमाणित नहीं कर पाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि 10 जुलाई, 2000 को मोहम्मद अली और सलीम की हत्या हुई थी। प्रकरण में शहजाद ने मालपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि समुदाय विशेष के लोगों ने उसके भाई मोहम्मद सलीम और चाचा मोहम्मद अली की हत्या की है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए अदालत ने 22 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता वीके बाली और अधिवक्ता सोनल दाधीच ने अदालत को बताया कि मामले में पुलिस ने पर्याप्त जांच नहीं है। एफआईआर दर्ज कराने वाले ने भी किसी अन्य की सूचना पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं घटना के समय मौके पर धारा 144 लगी हुई थी। ऐसे में पुलिस ने जिन लोगों को चश्मदीद गवाह बताया है, उनकी मौके पर उपस्थिति संदेहजनक थी। इसके अलावा पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद नहीं किया। वहीं एक के अलावा अन्य आरोपियों की शिनाख्त परेड भी नहीं कराई गई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।



### 8 आरोपियों को हाईकोर्ट पूर्व में कर चुका डिस्चार्ज

गौरतलब है कि 22 आरोपियों में से 8 को हाईकोर्ट पूर्व में डिस्चार्ज कर चुका है। एक को नाबालिग मान प्रकरण बाल न्यायालय भेजा गया था। शेष 13 आरोपियों को मंगलवार को अदालत ने बरी कर दिया। वहीं दो अन्य लोगों की हत्या के दूसरे मामले में इन्हीं 13 लोगों को आरोपी बनाया गया है। विशेष अदालत उस मामले में 24 अगस्त को फैसला सुनाएगी।

### यह था मामला

जानकारी के अनुसार साल 2000 में मालपुरा में दो संप्रदायों के बीच दंगा हुआ था। इसमें एक पक्ष से हरिराम और कैलाश माली की मौत हो गई थी। वहीं दूसरे पक्ष के भी चार लोगों की मौत हुई थी। दोनों पक्षों की ओर से मामले दर्ज कराए गए थे। हरिराम की मौत के मामले में अदालत इस्लाम, मोहम्मद इशाक, अब्दुल रज्जाक, इरशाद, मोहम्मद जफर, साजिद अली, बिलाल अहमद और मोहम्मद हबीब को आजीवन कारावास की सजा सुना चुकी है, जबकि कैलाश माली की हत्या के मामले में पांच आरोपियों को अदालत ने बरी किया था।

---



## दिल्ली-एनसीआर में पुराने वाहनों पर रोक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने वाले आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी। तब तक किसी भी वाहन मालिक पर सिर्फ पुराना वाहन होने के आधार पर कार्रवाई नहीं की जाए। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने यह आदेश दिया। इस मामले में दिल्ली सरकार की पैरवी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने की।

---

**कैश कांड** स्पीकर ने कमेटी बनाई, कहा-आरोप गंभीर, पद से हटाने की कार्रवाई जरूरी

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

महानगर संवाददाता





**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को घोषणा की कि हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है। इनमें न्यायाधीश अमित कुमार, मनिंदर मोहन श्रीवास्तव और बीबी आचार्य शामिल हैं। बिरला ने न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए 146 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

सर्वोच्च न्यायालय ने 7 अगस्त, 2025 को कहा था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायाधीश यशवंत वर्मा (जिनके आवासीय परिसर में आग लगने के बाद जले हुए नोट मिले थे) को हटाने की सिफारिश करने वाली आंतरिक जांच प्रक्रिया को कानूनी मान्यता प्राप्त है।

इससे पहले 7 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने न्यायाधीश वर्मा द्वारा दायर वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना की उस सिफारिश को चुनौती दी थी, जिसमें उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश की गई थी।

यशवंत वर्मा की याचिका में कहा गया था कि आंतरिक जांच समिति द्वारा अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने से पहले उन्हें जवाब देने का उचित अवसर नहीं दिया गया था। न्यायाधीश वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल पेश हुए।

यह मामला 14 मार्च को उनके दिल्ली स्थित आवास पर आग लगने के बाद कथित तौर पर दमकल गाड़ियों द्वारा नकदी बरामद किए जाने के बाद सामने आया है। उस समय वे अपने घर पर मौजूद नहीं थे। 28 जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यशवंत वर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनसे कई सवाल पूछे थे।

न्यायालय ने वर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से पूछा कि उनके मुवक्किल ने पैनल के समक्ष पेश होने से पहले भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित तीन-न्यायाधीशों की आंतरिक जांच प्रक्रिया को चुनौती क्यों नहीं दी।

---

## कैबिनेट मीटिंग में चार नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 18,541 करोड़ रुपए की 4 नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स मंजूर किए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 6 प्रोजेक्ट्स पहले से मंजूर हैं। अब 4 को और मंजूरी मिली है। इसके तहत आंध्र प्रदेश, ओडिशा व पंजाब में प्लांट्स लगाए जाएंगे, जिसके लिए 4,594 करोड़ का निवेश होगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने 11.165 किमी लंबाई वाली लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के फेज-1बी को मंजूरी दी है। इसके तहत 12 मेट्रो स्टेशन बनेंगे और इसके लिए 5,801 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

---

## कोटा के आर्यन ने विकसित किया गणितीय गणनाओं को आसान बनाने का नया सूत्र

महानगर संवाददाता



**कोटा।** डीसीएम इंदिरा गांधी नगर के 18 वर्षीय आर्यन सिंह ने अपनी प्रतिभा से शहर का नाम देशभर में रोशन किया है। पहले एग्रोबोट एआई बनाकर राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 जीतने वाले आर्यन ने अब गणित के क्षेत्र में नवाचार किया है। उन्होंने 9 अंक पर आधारित नया सूत्र विकसित किया है।

आर्यन के अनुसार उन्होंने ऐसा गणितीय सूत्र बनाया है, जो गणित में उपलब्ध नहीं था। इस सूत्र की मदद से 9,99,999 अंकों तक के परस्पर गुणा को मेंटल मैथ तकनीक से आसानी से हल कर सकते हैं। इस खोज को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इंडिया ने प्रमाणित किया है और आर्यन को कॉपीराइट सर्टिफिकेट प्रदान किया है। यह प्रमाणपत्र उनके सूत्र की मौलिकता और विशिष्टता को मान्यता देता है। आर्यन के पिता जितेंद्र सिंह इंद्रा गांधी नगर में ई-मित्र संचालित करते हैं और मां मनसा देवी गृहिणी हैं। आर्यन के पिता का कहना है कि बेटे में बचपन से इनोवेशन की सोच रही है। एसआर पब्लिक स्कूल में पढ़ते समय उन्होंने एग्रीकल्चर सेक्टर में इनोवेशन पर काम शुरू कर दिया था। वर्तमान में वे गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज बूंदी से कम्प्यूटर साइंस में बीटेक कर रहे हैं और अपने शोध व प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं।

### जमवारामगढ़ में क्लाउड सीडिंग परीक्षण के लिए कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा रहे मौजूद

# भीड़ ने जीपीएस किया जाम... नहीं हो पाया कृत्रिम बारिश का ट्रायल

## रामगढ़ झील को पुनर्जीवित कर जल संकट दूर करना हमारी प्राथमिकता : डॉ. मीणा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बरसों से सूखे पड़े रामगढ़ बांध में क्लाउड सीडिंग के माध्यम से बरसात का उद्घाटन कार्यक्रम अत्यधिक भीड़ के चलते शाम तक असफल रहा। भीड़ छंटने के बाद शाम को कृषि मंत्री की उपस्थिति में ड्रोन को सफलता पूर्वक उड़ाया गया। अब यह प्रयोग तीस दिन तक करवाया जाएगा। इससे आगामी दिनों में रामगढ़ क्षेत्र में बरसात करवाए जाने की संभावना है।

गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह प्रचारित था कि क्लाउड सीडिंग के माध्यम से पहली बार बरसात होगी। इस खबर के कारण आसपास के गांवों के लोगों और युवाओं में उत्साह था। इसके साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि ने भी इसे क्षेत्र में विकास और समृद्धि का कारण बताकर प्रचारित किया और जनता को यह कार्य देखने के लिए प्रेरित किया। फलस्वरूप यहां



आशा से बहुत ज्यादा लोग सुबह से ही एकत्र होना शुरू गए। दोपहर तक ये हालात हो गए कि आयोजन स्थल से दो किलोमीटर दूर तक रोड पर जाम लगा हुआ था, पैदल चलने वालों को भी मुश्किल हो रही थी। फिर कंपनी के कार्यों को पास से देखने की होड़ में भीड़ ने तकनीकी कर्मचारियों को काम ही नहीं करने दिया।

उत्साही ग्रामीणों ने ड्रोन और रिमोट से संचालन कर रहे वैज्ञानिक को घेरे रखा, परिणामस्वरूप ड्रोन तक सिग्नल ही पूरे प्राप्त नहीं हो रहे थे। इस कारण शाम तक शोर मचता रहा, लेकिन ड्रोन के पंखे ही कभी चल रहे थे तो कभी फिर बंद हो जाते।

### अव्यवस्था का रहा आलम

इस कार्यक्रम को क्षेत्र में इतना प्रचारित किया गया कि अनियंत्रित भीड़ जमा हुई। किसी भी प्रकार की व्यवस्था यहां सुचारु रूप से देखने को नहीं मिली। ड्रोन उड़ाने के लिए किसी प्रकार का मचान या मंच नहीं बनाया गया। कोई भी स्थान विशेष नहीं बताया गया, जबकि बांध के ऊपरी क्षेत्र में ही एक जगह पर वैज्ञानिकों को स्थान बताया गया। जहां हजारों की भीड़ थी। वहां ज्यादा से ज्यादा चार पुलिसकर्मी डंडों से नियंत्रण कर रहे थे। ड्रोन के एक बार पंखे चले भी, लेकिन फिर भीड़ वहां आई और ड्रोन के सिग्नल कम हो गए, वह ऑटो लैंडिंग मोड के कारण झाड़ियों में गिर गया। वहां भी भीड़ पहुंच गई, फिर पुलिस के जवानों ने बल प्रयोग से भीड़ को हटाया।

### यह तकनीक बिल्कुल सुरक्षित है : मीणा

इससे पहले मीडिया से बात करते हुए कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने बताया कि यह तकनीक बिल्कुल सुरक्षित है और इसमें इस्तेमाल होने वाले एजेंट्स, बहुत कम मात्रा में और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रयोग किए जाते हैं। यह मानव, पशु तथा फसलों के लिए हानिकारक नहीं है। इस पायलट प्रोजेक्ट के दौरान भी पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन किया जाएगा। डॉ. मीणा ने कहा कि यह रामगढ़ में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जा रहा है। अगर यह सफल होता है तो हम देश और प्रदेश के अन्य सूखा प्रभावित इलाकों में भी इसे लागू कर सकते हैं, जिससे जल संकट कम होगा और कृषि को स्थाई पानी का स्रोत मिलेगा। इस प्रोजेक्ट से किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा, फसलों की पैदावार बढ़ेगी और सूखे का असर कम होगा। साथ ही भूमिगत जल भी रिचार्ज होगा, जिससे लंबे समय तक फायदा रहेगा।



### कंपनी अधिकारी का कहना है...

एक्सेल-वन एआई ड्रोन कंपनी के मैनेजर राकेश अग्रवाल ने बताया कि शाम को कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा के सामने ड्रोन ने 400 फीट की हाइट तक सफल डेमो दिया। अब लगातार यह उड़ान भरवाई जाएगी। अग्रवाल ने बताया कि कृत्रिम बारिश के लिए वैज्ञानिकों की टीम जयपुर में है, जो लगातार अपने स्तर पर ड्रोन से कृत्रिम बारिश का परीक्षण कर रहे हैं। भारत में पहली बार ड्रोन बेस्ड क्लाउड सीडिंग की जा रही है। इसमें 'हाइड्रो ट्रेस' नाम का एआई पावर्ड प्लेट फॉर्म इस्तेमाल हो रहा है, जो रियल टाइम डेटा, सेटेलाइट इमेजिंग और सेंसर नेटवर्क की मदद से सही समय और सही बादलों को टारगेट करता है।



## निगम ने किया स्वच्छता योद्धाओं का सम्मान, निकाली तिरंगा रैली



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ग्रेटर निगम ने मंगलवार को झालाना स्थित आरआईसी सेंटर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर स्वच्छता योद्धाओं का सम्मान किया। राज्यपाल ने 42 स्वच्छता योद्धाओं (प्रत्येक जोन से 6 स्वच्छता योद्धा) सहित ब्रांड एम्बेसेडर का सम्मान किया। कार्यक्रम में महिला स्वच्छता योद्धाओं ने राज्यपाल को राखी बांधी।

इससे पहले निगम द्वारा तिरंगा रैली भी निकाली गई। इस रैली की अगुवाई महापौर सौम्या गुर्जर ने की। यह रैली ओटीएस चौराहे से आरआईसी तक रैली गई। इस रैली में स्वच्छता योद्धाओं के साथ, निगम कर्मचारी और निगम आयुक्त ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर को स्वच्छ सर्वेक्षण में 16वीं रैंक आने राज्यपाल ने बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि अब लक्ष्य टॉप 3 में आने का होना चाहिए। राज्यपाल ने सभी स्वच्छता योद्धाओं को बच्चों को अच्छी शिक्षा, संस्कार देने साथ ही नशे आदि की गलत आदतों से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबरसिंह खर्रा, महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, आयुक्त डॉ. गौरव सैनी मौजूद रहे।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि अगर मां के बाद किसी का स्थान आता है तो वह स्वच्छता योद्धा है। स्वच्छता योद्धाओं का हमारे शहर को स्वच्छ बनाने में अहम योगदान है। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 में शहर को टॉप 3 में लाने का संकल्प भी दिलाया। महापौर ने कहा कि 'हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता' अभियान राष्ट्र के प्रति हमारे प्रेम, समर्पण को दिखाता है। जयपुर शहर केवल किले, महल, धरोहरों का ही शहर नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजता है।





### इनका हुआ सम्मान

उपायुक्त (स्वास्थ्य) ओम प्रकाश थानवी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक आबिद हुसैन, सतीश कल्याणी, भागचंद श्रीमाल सहित मुरलीपुरा जोन से मनीष किशोर लखन, राकेश, मीरा, विजय, शुभम, मदन, विद्याधर नगर जोन से महेश, दीपक प्रजापत, वन्दना, जितेन्द्र, देवकरण, माया, झोटवाड़ा जोन से रमेशचन्द्र मीणा, विमला, बीना देवी, अजय गुजराती, दीनदयाल, कानाराम गुर्जर, मानसरोवर जोन से सत्यनारायण, छोटीलाल, मंगल, सुशीला, दौलत, लक्ष्मी, सांगानेर जोन से राजेन्द्र कुमार, सुनीता मीणा, बुद्धिप्रकाश, कोमल किशोर, बबलू, हरिश शर्मा, जगतपुरा जोन से रमेश पंवार, रामोतार, रामबाबू, शीला सहित अन्य जोन के स्वच्छता योद्धाओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ब्रांड एम्बेसेडर आरजे कार्तिक, जयश्री पेडीवाल को सम्मानित किया गया।

### लापरवाही : चश्मे की दुकानों पर अनट्रेंड स्टाफ कर रहा आंखों की जांच

# नजर के सामने 'आंखों' से हो रहा खिलवाड़

नर्सिंगहोम एक्ट में नहीं है प्रावधान

शहर की कई चश्मा दुकानों पर ऑप्टोमैट्रिक्स डिप्लोमाधारी स्टाफ नहीं

सीएमएचओ जयपुर प्रथम ने शीघ्र कार्रवाई करने की कही बात



हरीश भामणिया

महानगर ग्राउंड रिपोर्ट

**जयपुर।** अगर आप अपनी आंखों के लिए पावर वाले चश्मे बनवा रहे हैं तो जरा सावधान हो जाएं, क्योंकि ये आपके जीवन की रोशनी से जुड़ा मामला है। किफायदी व सस्ते दामों पर नजर के चश्मे देने वाले आपकी आंखों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाईमान सिंह चिकित्सालय में इन दिनों ऐसे मामले बढ़ रहे हैं, जिन्होने हाल ही किसी लोकल दुकान से चश्मे तो बनवाए, लेकिन कुछ ही दिनों में उनकी आंखों पर विपरीत प्रभाव पड़ा। प्रतिदिन एसएमएस की आईओपीडी में 10 से 12 केस इसी समस्या के आ रहे हैं। आंखों से जुड़े इसी मामले को लेकर महानगर संवाददाता ने शहर में ऐसी दुकानों की पड़ताल की तो कई खामियां देखने को मिलीं। अधिकतर चश्मे की दुकानों पर अनट्रेंड स्टाफ बिना किसी डिग्री, डिप्लोमा के आंखों की जांच कर लोगों के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

उनके पास अनुभव नहीं है, लेकिन ये आंखें चैक कर ना केवल लोगों को नंबर दे रहे हैं, बल्कि चश्मा भी बना रहे हैं। दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग इस मुद्दे पर आंखें बंद कर बैठा है। एक आंकलन के मुताबिक शहर में 250 से ज्यादा चश्मा बनाने वालों की दुकानें हैं। इनमें से कई दुकानों पर आंखें चैक करने और चश्मे का नंबर देने का काम अत्याधुनिक मशीनों के जरिए अनट्रेंड स्टाफ कर रहा है। ऐसे में अगर किसी की आंखों के साथ कोई खिलवाड़ होता हो तो हो, इसकी परवाह किसी को नहीं है। खुद नेत्र रोग विशेषज्ञों की राय में बिना योग्य चिकित्सक के परीक्षण के चश्मे का नंबर देना खतरे से खाली नहीं है।

सामान्य तौर पर चश्मे की दुकान चलाने वालों को केवल चश्मा बनाने का अधिकार है। वे नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा बताए गए नंबर का चश्मा बनाकर दे सकते हैं।

### आई एक्सपर्ट का कहना है...

चश्मे के गलत नंबर से मरीज को कई तरह की परेशानी हो सकती है। इससे सिर दर्द होता रहता है। कभी-कभी तो आंखों में भेंगा पन तक आ सकता है। इसलिए बिना डॉक्टर की सलाह लिए चश्मे का नंबर नहीं निकलवाना चाहिए और ना ही ऐसे चश्मे का उपयोग करना चाहिए।

**डॉ. नगेंद्र सिंह शेखावत,** नेत्र रोग विशेषज्ञ, सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर

**जिम्मेदारों का जवाब : हम करेंगे कार्रवाई, ऐसी दुकानों को बंद कराएंगे**

चश्मे की दुकान की आड़ में आंखों की जांच करने वाले लोगों का शीघ्र ही सर्वे कराया जाएगा। चश्मा दुकानों पर अत्याधुनिक मशीनों से मरीजों की आंखों की जांच की जा रही है, उनका पैमाना भी देखा जाएगा। हालांकि चश्मे की दुकान वाले केवल डॉक्टर द्वारा दिए गए नंबर से चश्मा बना सकते हैं। ये आंखों की जांच नहीं कर सकते। ऐसे दुकानदारों को नोटिस जारी किया जाएगा। यदि इन्होंने आंखों की जांच करना बंद नहीं किया तो दुकानें सील करवा दी जाएंगी।

**डॉ. रवि सिंह शेखावत,** सीएमएचओ जयपुर प्रथम।

### नियम : बिना डॉक्टर के नहीं दे सकते नंबर

चश्मे का नंबर देने के लिए दो साल का ऑप्टोमैट्रिक्स डिप्लोमा कोर्स जरूरी है। इसके बाद भी क्वालीफाई ऑप्टोमैट्रिक्स किसी डॉक्टर की इजाजत के बिना मरीज को आंखों के चश्मे का नंबर नहीं दे सकता। शहर की कई चश्मा दुकानों पर ऑप्टोमैट्रिक्स डिप्लोमाधारी स्टाफ नहीं है।

### स्वास्थ्य विभाग में रजिस्ट्रेशन का नहीं कोई प्रावधान

चश्मे की दुकान का स्वास्थ्य विभाग में रजिस्ट्रेशन का कोई प्रावधान नहीं है। इस संबंध में कोई गाइड लाइन भी नहीं है। इसी का फायदा ये दुकानदार उठाते हैं। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी लापरवाही बरतते हैं। लिहाजा आज तक उन्होंने ऐसी दुकानों पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

### दवा तक लिख देते हैं दुकानदार

कई दुकानदार तो दवा तक दे रहे हैं। कई बार मोतियाबिंद, शुगर के कारण आंख के पर्दे में खराबी आने या काला पानी होने पर भी नजर कमजोर हो जाती है। ऐसे में अनट्रेंड दुकानदार सिर्फ चश्मे का नंबर निकालकर दे देते हैं। धीरे-धीरे मरीज की आंखों की रोशनी पूरी तरह चली जाती है।

## आर्मी डे परेड के लिए जताया आभार

### अगले वर्ष 15 जनवरी को जयपुर में दिखेगी सेना की शौर्य गाथा



महानगर संवाददाता

**जयपुर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत पहली बार आर्मी-डे परेड का आयोजन राजस्थान में होगा। यह ऐतिहासिक आयोजन अगले वर्ष 15 जनवरी को जयपुर में किया जाएगा। राजस्थान के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सेना मुख्यालय में सेना प्रमुख और वरिष्ठ जनरलों से मुलाकात कर इस सम्मान के लिए आभार जताया।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को योजनाबद्धता, सटीकता और तकनीकी श्रेष्ठता का उदाहरण बताया। सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य प्रशासन और दक्षिण-पश्चिमी कमान परेड के आयोजन की तैयारी में जुटे हैं। इस अवसर पर अत्याधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी भी लगेगी, जो सेना की ताकत और तकनीकी क्षमता को प्रदर्शित करेगी।

## जगतपुरा रेलवे फाटक से सीबीआई फाटक तक हटाया अतिक्रमण

### जेडीए की कार्रवाई: एनआरआई सर्किल से वीआईटी कॉलेज की तरफ भी अवैध निर्माण ध्वस्त

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए द्वारा जगतपुरा रेलवे फाटक से सीबीआई फाटक के मध्य रेल्वे ट्रैक के पास सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इसके अलावा एनआरआई सर्किल से वीआईटी कॉलेज की तरफ रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया। श्याम नगर के भूखण्ड संख्या ई-32, ई-33 में सेटबैक कवर कर किए गए अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

उप महानिरीक्षक पुलिस जेडीए राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-9 में स्थित जगतपुरा रेलवे फाटक से सीबीआई फाटक के मध्य रेल्वे ट्रैक के पास सरकारी भूमि पर करीब 50 स्थानों पर अतिक्रमण कर बनाई गई झुग्गी-झोपड़ियां, टीनशेड, तिरपाल, बास-तम्बू, छप्पर पोश, थड़ियां, होर्डिंग, साइन बोर्ड, टेबल कुर्सियों सहित अन्य अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा एनआरआई सर्किल से वीआईटी कॉलेज की तरफ सड़क सीमा पर मार्बल व्यापारियों द्वारा मार्बल पत्थर, पट्टियां इत्यादि लगाकर अवरुद्ध किए रास्ते से अतिक्रमण को हटाया गया। जोन-5 में स्थित श्याम नगर के भूखण्ड संख्या ई-32, ई-33 में 10-10 फीट सैटबैक कवर कर बनाए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।



### व्यापारियों के लिए व्यापार करने योग्य स्थान पर रहा राजस्थान

# खनन और पर्यटन क्षेत्र राजस्थान के विकास के प्रमुख इंजन : भजनलाल शर्मा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विश्व में सेना के लिए ही नहीं, राजस्थान व्यापार के लिए प्रसिद्ध रहा है।

यहां के व्यापारिक घरानों ने विश्व के व्यापार जगत में बड़ा नाम कर रखा है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के तहत हुए निवेश समझौतों को लेकर हुई बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान अपनी भौगोलिक स्थिति, खनिज सम्पदा ऊर्जा क्षमता और निवेश अनुकूल नीतियों के कारण वैश्विक पटल पर बिजनेस फ्रेंडली स्टेट के रूप में नई पहचान बना रहा है। राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत राज्य में 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हुए। इनके धरातल पर मूर्त रूप लेने से प्रदेश में बुनियादी ढांचे का विकास होने के साथ ही वृहद् स्तर पर रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि यह समिट केवल एक आयोजन ही नहीं, बल्कि राज्य की सतत् विकास प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास निवेश, नवाचार और समावेशी विकास के क्षेत्र में प्रदेश के विकास को नई गति देना है।



### भूमि आवंटन सहित अन्य कार्यों में लाएं तेजी

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमओयू से संबंधित भूमि आवंटन सहित अन्य कार्यों में भी तेजी लाते हुए सभी एमओयू को समयबद्ध रूप से धरातल पर मूर्तरूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि निवेशकों द्वारा चाही गई लोकेशन पर जमीन उपलब्ध ना होने की स्थिति में उन्हें आस-पास के क्षेत्र में वैकल्पिक जमीन दिखाई जाए। सीएम शर्मा ने कहा कि राजस्थान के विकास के लिए हर एक निवेश एमओयू महत्वपूर्ण है। जिलों में स्थानीय स्तर पर होने वाले कम राशि के एमओयू के क्रियान्वयन से कई लोगों को रोजगार मिलता है और ऐसे छोटे निवेश मिलकर बड़े निवेश का आधार बनते हैं।

### खनिज पदार्थों का पता लगाने को कराएं सर्वे

उन्होंने जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि ऐसे एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि निवेशकों से लगातार संपर्क में रहते हुए समय-समय पर कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि खनन और पर्यटन क्षेत्र राजस्थान के विकास का इंजन है। हमें इन क्षेत्रों में प्रगति की और अधिक संभावनाओं को तलाशना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दिसम्बर माह में होने वाली राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव से पहले खनन, पेट्रोकेमिकल और पर्यटन को लेकर प्री-समिटों का आयोजन किया जाए। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में जमीन में मौजूद खनिज पदार्थों का पता लगाने के लिए व्यापक सर्वे करवाया जाए।

### शेखावाटी की हवेलियां हमारी धरोहर, इनका संरक्षण जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन सेक्टर में भी राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में महल, किले, हवेलियों की भव्यता और गौरवशाली इतिहास को देखने के लिए दुनियाभर से पर्यटक यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि शेखावाटी की हवेलियां हमारी धरोहर हैं और उनका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि इन हवेलियों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर पर्यटन क्षेत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है।

### दिसंबर माह में होगा राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव

बैठक में राजधानी जयपुर में दिसम्बर माह में प्रस्तावित राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव-2025 के आयोजन की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। इसमें अधिकारियों ने सीएम को बताया कि कॉन्क्लेव में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान हुए एमओयू की जानकारी निवेशकों को दी जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर्स वीसी के माध्यम से बैठक से जुड़े।

# ‘आमजन को निर्बाध, नियमित जलापूर्ति राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता’

## पेयजल परियोजनाएं समय सीमा में ही पूरी हों, कोताही पर हो सख्त कार्रवाई : शर्मा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमजन के लिए पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं को सरकार की प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं समय पर ही पूरी होनी चाहिएं। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। सीएम भजनलाल शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वृहद् जल परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इससे प्रदेशभर में आमजन को पर्याप्त जलापूर्ति मिलेगी। उन्होंने लंबित परियोजनाओं की निविदाओं में गति लाते हुए कार्यादेश शीघ्र जारी करने के लिए निर्देश दिए।



### फील्ड में जाकर अधिकारी करें निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल परियोजनाओं को समय पर पूरा करना ही होगा। इसके लिए अधिकारी फील्ड में जाएं और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की जांच खुद करे। अगर ठेकेदार तय समय सीमा में काम नहीं कर रहा है तो जुर्माना लगाएं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में लंबी परियोजनाओं पर काम हो रहा है, वहां जब तक दूसरा विकल्प तलाशते हुए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत अवैध कनेक्शन धारकों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) के क्रियान्वयन के संबंध में भी व्यापक दिशा-निर्देश दिए।

### रोड कटिंग के बाद संबंधित विभाग समन्वय से करें पुनर्निर्माण

सीएम भजनलाल शर्मा ने पाइपलाइन बिछाने के लिए होने वाली रोड कटिंग और उसके पुनर्निर्माण के संबंध में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण एवं स्वायत्त शासन विभाग के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही, उन्होंने सड़क पुनर्निर्माण में गुणवत्ता जांच के लिए थर्ड पार्टी जांच कराए जाने के लिए कहा।

### अमृत 2.0 के अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में पम्प हाउस एवं जलाशयों का निर्माण, पाइपलाइन कार्य, राइजिंग एवं वितरण पाइपलाइन का निर्माण, जल प्रदाय परियोजनाओं के साथ पेयजल परियोजनाओं के संवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अमृत 2.0 के अंतर्गत योजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं कार्ययोजनाओं की भी समीक्षा की।

## देश में बन रहे पांच हजार मीट्रिक टन वाले कोल्ड स्टोरेज

**जयपुर (मसं)।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के अंतर्गत देशभर में 5000 मीट्रिक टन तक की क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज का निर्माण, विस्तार और आधुनिकीकरण किया जा रहा है। सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एनएचबी) कोल्ड स्टोरेज का निर्माण, विस्तार, आधुनिकीकरण एवं बागवानी उत्पाद के भंडारण के लिए पूंजी निवेश सब्सिडी योजना चला रहा है। इसके अंतर्गत 5000 से 20000 मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज और नियंत्रित वातावरण (सीए) स्टोरेज के लिए सामान्य क्षेत्र में 35 और विशेष क्षेत्रों में 50 फीसदी तक की सब्सिडी दी जा रही है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ बताया कि देशभर में 30 जून 2025 तक कुल 8,815 शीत भंडारण कार्यरत हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 402.18 लाख मीट्रिक टन है। वहीं राजस्थान में इस तिथि तक 192 कोल्ड स्टोरेज स्थापित हैं, जिनकी कुल क्षमता 6,61,876 मीट्रिक टन है। यह आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि प्रदेश में बागवानी उत्पादों के भंडारण की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कुल आय 1272 करोड़

## विद्युत प्रसारण निगम ने अर्जित किया 269 करोड़ का शुद्ध लाभ

**जयपुर (मसं)।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम ने 269 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ सिहाग ने बताया कि निगम की 333वीं बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लेखे बोर्ड द्वारा अनुमोदित किए गए। इन लेखों के अनुसार, निगम की कुल आय लगभग 1,272 करोड़ रुपए और कुल व्यय लगभग 1,003 करोड़ रुपए रहा, जिससे निगम ने लगभग 269 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

## हर घर तिरंगा बाइक रैली में दिखा सांसदों का उत्साह

### केंद्रीय मंत्री शेखावत ने दिखाई देशभक्ति की मिसाल

**जयपुर/नई दिल्ली (मसं)।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को



सांसदों के साथ हर घर तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच से शुरू हुए इस अभियान की महत्ता बताई और खुद भी रैली में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से देश में उत्साह का माहौल है और सेना का गौरवगान हो रहा है। शेखावत ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए इसे देशभक्ति का प्रतीक बताया।

### ग्रेटर निगम ने अवैध मीट की दुकानों पर मारा छापा

## 1000 किलो मांस व मछली जब्त

**जयपुर (मसं)।** शहर में चल रही अवैध मीट की दुकान पर ग्रेटर निगम ने मंगलवार को कार्रवाई की। निगम ने सांगानेर जोन में इंडिया गेट, महावीर कॉलोनी व डिग्गी-मालपुरा रोड पर अवैध मीट, मांस, मछली बेचने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई कर 1000 किलो अवैध मीट, मांस, मछली को जब्त किया गया। डॉ. राकेश कलोरिया ने बताया कि पशु प्रबंधन शाखा की टीम द्वारा 600 किलो मछली एवं 150 किलो मांस मौके पर जब्त किया गया।

## अनीता अर्जुन राठी ने नेशनल मास्टर्स पावरलिफ्टिंग में जीते 4 पदक

**जयपुर (मसं)।** केरल पावरलिफ्टिंग संघ एवं पावरलिफ्टिंग इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में कोझिकोड, कालीकट में नेशनल मास्टर्स क्लासिक एवं इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। माहेश्वरी अखिल भारतवर्षीय राठी परिवार संस्थान की राष्ट्रीय क्रीड़ा मंत्री अनीता अर्जुन राठी (बाड़मेर) ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और तीन रजत पदक समेत कुल चार पदक जीते हैं। इस उपलब्धि पर संस्थान के संयोजक किशन राठी, राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राठी एवं राष्ट्रीय सचिव अरविंद राठी ने कहा कि अनीता ने न केवले संस्थान बल्कि सम्पूर्ण राठी समाज और बाड़मेर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता समाज की महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।




### चिकित्सा मंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

## प्रभारी अधिकारी आज से 15 अगस्त तक रहेंगे जिलों के दौरे पर



**जयपुर (मसं)।** मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव गतिविधियों सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के सघन निरीक्षण के लिए 13 से 15 अगस्त तक राज्य स्तरीय प्रभारी अधिकारियों की टीमें सभी जिलों में जाएंगी। ये टीमें जिलों में चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी, जिसके आधार पर राज्य स्तर से व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम के आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभारी अधिकारी संबंधित जिलों में जाकर मौसमी बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लें। वे हर जिले में दवाओं और मानव संसाधन की उपलब्धता, उपकरणों की क्रियाशीलता, चिकित्सा संस्थानों के भवनों की स्थिति, साफ-सफाई सहित अन्य पैरामीटर्स पर गहन जांच करें। साथ ही, रोगियों एवं उनके परिजनों से भी फीडबैक प्राप्त करें, ताकि वस्तुस्थिति के अनुसार एक्शन लिया जा सके।

# बेपरवाह निगम... गुलाबी नगरी की शान बिगाड़ रहे खुले में घूमते मवेशी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहरी सरकारें गुलाबी नगर की शान को लेकर बेपरवाह बनी हुई है। सड़कों पर खुले में घूमते मवेशी, आमजन पर हमलावर श्वान और झपट्टा मारते बंदर जयपुर की शान को बिगाड़ रहे हैं।

लगातार कार्रवाई के निगम के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। शहर की सड़कों पर लगातार गौवंश, श्वान और मकान की छतों पर बंदर नजर आ रहे हैं। ये मवेशी आमजन के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। पिछले दिनों एक सांड की टक्कर से विदेशी पर्यटक की मौत हो गई थी, वहीं श्वानों और बंदरों के हमलों में भी आमजन जान गंवा चुके है।

### ग्रेटर निगम ने 7 माह में पकड़े 7190 गौवंश

#### गायों को पकड़ने के लिए नहीं हैं पर्याप्त संसाधन

ग्रेटर निगम में गौवंश पकड़ने का काम निगम के ही कर्मचारी कर रहे हैं, क्योंकि गायों को पकड़ने के लिए चुनी गई फर्म लापरवाही बरतने पर ब्लैकलिस्ट कर दी गई। एक जनवरी से 31 जुलाई तक ग्रेटर निगम ने सड़कों से 7190 गौवंश को पकड़कर हिंगोनिया गौशाला में पहुंचाया है। इसके बावजूद सड़कों पर बेसहारा गाएं घूमती नजर आती हैं। गायों को पकड़ने को लेकर निगम के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं।



### ग्रेटर निगम ने हाल ही किया था बंदर पकड़ने का टेंडर

वहीं पिछले दो माह से ग्रेटर निगम ने बंदर पकड़ने के लिए कोई टेंडर नहीं कर रखा था। हाल ही बंदर पकड़ने को लेकर टेंडर किया गया, लेकिन अभी तक फर्म ने काम शुरू नहीं किया है। ग्रेटर निगम के पशु चिकित्सक डॉ. राकेश ने बताया कि निगम प्रशासन लगातार श्वानों के टीकाकरण, बधियाकरण, सड़कों पर घूमते गौवंश को पकड़ने और बंदरों को पकड़ने का काम कर रहा है। निगम सीमित संसाधनों में बेहत्तर काम कर रहा है।

### श्वानों की संख्या पर नहीं लगी लगाम

पिछले 14 साल में श्वानों की संख्या सीमित करने को लेकर निगम ने पांच बार दरों में परिवर्तन किया, लेकिन खर्चा बढ़ने के बावजूद घटने की बजाय श्वानों की संख्या बढ़ती चली गई। वर्ष 2011 में नगर निगम ने श्वानों की संख्या सीमित करने के लिए अभियान शुरू किया था। उस समय बधियाकरण के लिए 400 रुपए प्रति श्वान दिए जाते थे। बाद में यह राशि बढ़ाकर 600, फिर 819 और 1200 रुपए कर दी गई। फिलहाल ग्रेटर नगर निगम प्रति श्वान 1700 रुपए और हेरिटेज नगर निगम 1460 रुपए दे रहा है। वर्तमान में शहर में 80 हजार से अधिक श्वान घूम रहे हैं। जब किसी वीआइपी की आवाजाही होती है, तब शहरी सरकारें सक्रिय नजर आती हैं। पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 तहत सरकार द्वारा आवारा श्वानों की आबादी को नियंत्रित करने और रेबीज के प्रसार को रोकने के लिए बनाए गए हैं, ये नियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत अधिसूचित किए गए हैं, लेकिन इन पर अभी तक इन पर ठीक से कोई काम शुरू नहीं हुआ है।

वर्तमान में निगम के पास केवल तीन ही पिंजरे हैं। एक पिंजरा वीआईपी मूवमेंट, दूसरा ऑनलाइन शिकायतों और तीसरा रोजाना गौवंश पकड़ने के काम आता है। वहीं आवारा श्वानों की बात करे तो पिछले 6 माह में ग्रेटर निगम की पशु प्रबंधन शाखा द्वारा 5017 श्वानों का बधियाकरण और टीकाकरण किया गया है, लेकिन आवारा श्वानों की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

### हेरिटेज निगम एक गाय पकड़ने पर खर्च करता है 1460 रुपए

हेरिटेज निगम वर्तमान में एक गौवंश पकड़ने के लिए 1460 रुपए खर्च करता है। पिछले 7 माह की बात करें तो हेरिटेज निगम ने चारदीवारी से करीब 4000 हजार गौवंश पकड़कर हिंगोनिया गौशाला में पहुंचाए हैं। गौवंश पकड़ने के लिए हेरिटेज निगम के पास 4 पिंजरे हैं, लेकिन इन सब के बावजूद चारदीवारी में लगातार सड़कों पर गौवंश नजर आ रहे हैं।

### करीब सवा महीने पहले ही किया है बंदर पकड़ने का टेंडर

हेरिटेज निगम ने करीब सवा महिने पहले ही बंदर पकड़ने का टेंडर किया है। इस सवा माह में निगम ने 300 पकड़ने का दावा किया है, लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। चारदीवारी के लोग बंदरों के उत्पात से खासे परेशान हैं। बंदर चारदीवारी के पर्यटन स्थलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। शिकायत के बाद भी निगम बंदर पकड़ने नहीं पहुंचाता है। निगम प्रशासन की टीम एक स्थान से बंदर पकड़कर पास वाली कॉलोनी में खुले स्थान पर छोड़कर अपनी जिम्मेदारी की इतिश्री कर लेती है।

हेरिटेज निगम के पशु चिकित्सक डॉ. योगेश ने बताया कि हाल ही बंदर पकड़ने का टेंडर किया है। सवा माह में 300 बंदर पकड़कर दूर जंगल में छोड़ा गया है।

### 6813 श्वानों का किया बधियाकरण

हेरिटेज निगम ने पिछले 7 माह में 6813 श्वानों का बधियाकरण किया है। इस दौरान निगम ने 7300 श्वानों का टीकाकरण किया है।

## वर्ष भर युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाने के निर्देश

### शासन सचिव ने ली निगम हेरिटेज में समीक्षा बैठक



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने मंगलवार को नगर निगम हेरिटेज जयपुर के मुख्यालय में निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान जैन ने संपर्क पोर्टल और अन्य ऑनलाइन पोर्टल पर पेंडिंग कार्यों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं समीक्षा बैठक के दौरान जैन ने कहा कि सफाई व्यवस्था हमारी प्राथमिकता में होनी चाहिए। जिस तरह हम स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान गंदगी हटाने और सफाई में विशेष फोकस रखते हैं, ऐसा ही जज्बा सालभर होना चाहिए। युद्धस्तर पर लगातार सफाई अभियान चलाया जाना चाहिए।

### एक भी पट्टा ऑफलाइन जारी नहीं हो

हेरिटेज निगम में पेंडिंग चल रही पट्टा फाइलों को लेकर जैन ने निर्देश दिए कि अब एक भी पट्टा ऑफलाइन जारी नहीं होना चाहिए। इस विषय में उन्होंने सभी जोन उपायुक्त और लैंड शाखा उपायुक्त की जिम्मेदारी तय कर कहा कि जोन स्तर पर पट्टा संबंधी जितनी भी ऑफलाइन फाइलें हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से ऑनलाइन किया जाएं। साथ ही आवेदक से भी संपर्क पर ऑनलाइन दस्तावेज जमा करने के लिए कहा जाए। सरकारी जमीन या भूमि पर पट्टा संबंधी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सड़कों पर घूमते पशुओं पर त्वरित एक्शन की जरूरत

रवि जैन ने सड़क पर विचरण कर रहे पशुओं के नियंत्रण को लेकर ठोस प्लानिंग बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परकोटे में ये समस्या ज्यादा है। बेसहारा गाय सड़क पर विचरण करती रहती हैं। अवैध डेयरियों की शिकायतें भी हैं। निगम की पशु प्रबंधन शाखा इसे गंभीरता से लें और सख्त एक्शन लें। वहीं शासन सचिव ने विद्युत शिकायत, सफाई व्यवस्था और अस्थाई अतिक्रमण की शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जैन ने सफाई व्यवस्था पर कहा कि सड़क पर बन रहे कचरा डिपो की लगातार निगरानी होनी चाहिए। साथ ही कचरा फेंकने वाले को ट्रेस कर उसका चालान किया जाए। दुकानों के बाहर डस्टबिन नहीं होने पर भी भारी चालान किया जाए।

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**जयपुर (मसं)।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में सभी संकायों की प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए बुधवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जाएगा। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि कार्यक्रम में सभी संकायों की नवागंतुक छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित नारिका इनक्यूबेशन सेंटर, अनेक स्किल एन्हेंशमेंट कोर्सेस, शिकायत निवारण, रैगिंग विरोधी और आंतरिक परिवाद प्रकोष्ठ की जानकारी दी जाएगी। साथ ही सह-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए महाविद्यालय में संचालित विभिन्न क्लब्स और सेंटर्स के उद्देश्य से भी छात्राओं को अवगत करवाया जाएगा।

# पूर्व मंत्री अमीन खान की कांग्रेस में वापसी

### पंचायतीराज और निकाय चुनावों को लेकर कई नेताओं की हो सकती है वापसी

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** पूर्व मंत्री और बाड़मेर जिले की शिव विधानसभा सीट से पांच बार के विधायक अमीन खान की कांग्रेस में वापसी हो गई है। पार्टी ने उन्हें छह साल के निष्कासित किया था, जिसे अब रद्द कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के कई नेताओं ने लोकसभा चुनावों के दरम्यान कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का दामन थामा था, वे अब वापस कांग्रेस में आ सकते हैं। आगामी पंचायती और निकाय चुनावों को देखते हुए कांग्रेस में इनकी वापसी की संभावना बन रही है।

राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने जारी आदेश में बताया कि राज्य मंत्री और शिव से पांच बार विधायक रहे अमीन खान को पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया गया था। पहले 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष फतेह खान की बगावत के कारण अमीन खान को हार का सामना करना पड़ा था। फतेह खान की पार्टी में वापसी से नाराज अमीन खान ने खुलकर पार्टी नेतृत्व और जाट समाज के नेताओं पर मुस्लिम समुदाय को विभाजित करने का आरोप लगाया था। इसके बाद अमीन खान को 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण निष्कासित किया गया था। उन्होंने बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्रसिंह भाटी का समर्थन किया था, जिससे कांग्रेस को नुकसान हुआ। यह निलंबन तत्कालीन लोकसभा उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल द्वारा चुनाव में उनके असहयोग के संबंध में की गई शिकायत के बाद किया गया था। अमीन खान ने अपने निलंबन को रद्द करने के लिए पीसीसी और व्यक्तिगत रूप से कई अनुरोध किए। शिकायतकर्ता सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए अमीन खान का निलंबन रद्द किया गया है।

## प्रदेश के 18 निष्क्रिय राजनीतिक दलों को मिला निर्वाचन आयोग का नोटिस

**जयपुर (मसं)।** निर्वाचन आयोग की सूची में शामिल ऐसे राजनीतिक दलों को सूची से बाहर करने की कार्यवाही शुरू हो गई है, जिन्होंने पिछले 6 साल से कोई चुनाव नहीं लड़ा है। राजस्थान में ऐसे 18 रजिस्टर्ड गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निर्वाचन विभाग ने कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। निर्वाचन आयोग के इस अभियान में पहले चरण में देशभर में 334 राजनीतिक दलों को सूची से बाहर किया गया, जिनमें राजस्थान के 9 दल शामिल थे। अभियान के दूसरे चरण में 476 दलों की पहचान की गई है, जिनमें राजस्थान के 18 दल शामिल हैं।

**इन 18 दलों को मिला नोटिस :** अखंड समता पार्टी, अवामी आमजन पार्टी, भारत नव निर्माण पार्टी, भारतीय हिंदू सेना रिस्टोर्ड, भारतीय युवा शक्ति, भारतीय जनतांत्रिक पार्टी, भारतीय प्रजाजन पार्टी, ग्रीन पार्टी ऑफ इंडिया, नेशनल बैकवर्ड (मूल) दलित माइनॉरिटीज क्रांति दल, नेशनल यूनियनिस्ट जमींदारा पार्टी, नया भारत पार्टी, पंच पार्टी, राजस्थान जन सत्ता, राष्ट्रीय अतुल्य युवा पार्टी, राष्ट्रीय मार्क्सवादी दलित लहर पार्टी, राष्ट्रीय साफ नीति पार्टी, सर्वशक्ति दल और शाइनिंग इंडिया पार्टी।

## हाईकोर्ट ने आरएएस की मेरिट कम करने पर मांगा जवाब

**जयपुर (मसं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएएस भर्ती-2018 में आरएएस पद पर चयनित अधिकारी की उत्तर पुस्तिका के एक उत्तर में दो अलग-अलग प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट स्तर नीचे करने के मामले में राज्य सरकार और आरपीएससी सचिव से जवाब तलब किया है। जस्टिस मनीष शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश पदमा देवी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता धर्मवीर ठोलिया और हिमांशु ठोलिया ने बताया कि आरपीएससी ने साल 2018 में आरएएस भर्ती निकाली थी। जिसमें याचिकाकर्ता ने लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में सफल होकर अंतिम मेरिट में 24वां स्थान प्राप्त किया। इसके बाद राज्य सरकार ने उसे आरएएस पद पर नियुक्ति देकर बाद में उसका स्थाईकरण भी कर दिया। याचिकाकर्ता विभिन्न जिलों में एसडीओ रहने के बाद फिलहाल लाडनूं में एसडीओ है। याचिका में कहा गया कि आरपीएससी ने उसे गत 1 मई को नोटिस भेजा कि उत्तर पुस्तिका के भाग संख्या सी के प्रश्न संख्या 34 में परीक्षक ने उसे एक जगह शून्य और एक जगह सात अंक दिए हैं। ऐसे में वे आयोग में पेश होकर अपना जवाब पेश करें। इसके जवाब में याचिकाकर्ता ने कहा कि परीक्षक की ओर से दिए अंकों को लेकर याचिकाकर्ता जिम्मेदार नहीं है। वहीं आरएएस परीक्षा नियम के नियम 18 के तहत अंकों की केवल पुनः गणना ही हो सकती है और परीक्षार्थी की ओर से दिए उत्तर का पुनः परीक्षण नहीं किया जा सकता।

# 34 लाख कर्मचारियों के साथ शुरू होगी जनगणना

## अत्याधुनिक तकनीकों, उपक्रमों और गैजेट्स के सहयोग से दो चरणों में होगी आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय जनगणना-2027 शुरू हो रही है। यह दो चरणों में आयोजित होगी। इस बार यह इसलिए विशेष है क्योंकि यह जातीय आधारित जनगणना होगी, इससे पहले वर्ष 1931 में जाति आधारित जनगणना हो चुकी थी। आजाद भारत की यह पहली जाति आधारित जनगणना होगी, जिसमें 34 लाख कर्मचारी सेवाएं देंगे।

जनगणना 2027 की जानकारी देते हुए राजस्थान जनगणना निदेशक विष्णुचरण मलिक ने बताया कि यह दो चरणों में होगी, जिसे अत्याधुनिक सभी तकनीकों, उपक्रमों और गैजेट्स के सहयोग से पूरा किया जाएगा। मलिक ने बताया कि जनगणना का कार्य बहुत जिम्मेदारी भरा होगा, इसमें 2875 संप्रदाय, धर्म और मतावलम्बियों, 6661 मातृभाषाओं, घुमन्तु और बेघरों के साथ वन व द्वीप निवासियों को शामिल किया गया है।



### जनगणना के लिए डिजिटल उपकरण

निदेशक ने बताया कि जनगणना के लिए पांच प्रकार के अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें जनगणना प्रबधंन और निगरानी प्रणाली यानी सीएमएमएस, मोबाईल एप हिन्दी इंग्लिश और क्षेत्रीय भाषा, स्व गणना वेब पोर्टल होगा, साथ ही डिजिटल चार्ज रजिस्टर को भी अपनाया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि एक और डिजिटल माध्यम होगा ‘अपने प्रगणक को जानें’। इस माध्यम से अपने प्रगणक से संवाद कर त्रुटि सुधार की संभावना अंत तक बनी रहेगी।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित

जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की स्वीकृति से मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में सरकारी सभी विभागों के प्रभारी सचिव अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव और आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के निदेशक को सदस्य बनाया गया है। जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक को समिति कर संयोजक बनाया गया है।

### पहले चरण में होगा मकान का सूचीकरण

मलिक ने बताया कि यह दो चरणों में होगी। पहले चरण में मकान का सूचीकरण होगा, जो अप्रेल से सितम्बर 2026 तक चुने गए किसी भी 30 दिनों तक होगा। दूसरे चरण में फरवरी 27 में इसका पुनरीक्षण होगा। सितम्बर 2026 में 1 से 5 सितम्बर तक पहाड़ी हिम आच्छादित क्षेत्रों में जनगणना की जाएगी। निदेशक ने बताया कि जनगणना की तिथि 1 मार्च 2027 होगी, जबकि हिम आच्छादित क्षेत्रों में यह 1 अक्टूबर 2026 से शुरू हो जाएगी।

इसका केन्द्र और राज्य के गजट में भी नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। इसके लिए सभी प्रशासनिक इकाइयों को अंतिम रूप दिया जा चुका है, जबकि राज्य स्तर पर भी जनगणना समन्वय समिति का गठन भी राज्यों में किया जा चुका है।

# श्री कल्याण धणी की 39वीं ध्वजा पदयात्रा 29 को

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित श्री कल्याण पैदल यात्रा संघ के तत्वाधान में डिग्गीपुरी कल्याण धणी की 39वीं ध्वजा पदयात्रा 29 अगस्त को श्री सीताराम मंदिर से गाजे-बाजे के साथ रवाना होगी।

संघ अध्यक्ष हजारीलाल आभानेरी, दिनेश सोनी, कैलाश झांपदा, चंद्रशेखर लखेरा, कमलकिशोर सोनी, लल्लू ठाकुरिया, गंगासहाय मीणा, नवल गुप्ता ने बताया कि ध्वजा पदयात्रा को लेकर तैयारी चल रही है।

उन्होंने कहा कि पदयात्रा को लेकर मार्गों को चिन्हित कर लिया गया है। 29 अगस्त की रात्रि कोटखावदा में, 30 अगस्त दोपहर अनाज मंडी चाकसू, रात्रि विश्राम कादेड़ा विद्यालय, 31 अगस्त दोपहर गोपालपुरा बगीची व रात्रि ठहराव फागी धर्मशाला, 1 सितंबर दोपहर मासी नदी व रात्रि विश्राम च्यवन गौड़ धर्मशाला डिग्गी में यात्रियों का ठहराव किया जाएगा। 2 सितंबर को श्री कल्याण पैदल यात्रा संघ के तत्वाधान में भंडारे का श्री कल्याण धणी के दरबार में आयोजन किया जाएगा।

### काशीपुरा हनुमान जी की ध्वजा पदयात्रा 14 को

उपखंड मुख्यालय से काशीपुर हनुमान जी की आठवीं विशाल ध्वजा पदयात्रा 14 अगस्त को श्री सीताराम मंदिर से रवाना होगी। रविशंकर लश्कार ने बताया कि पदयात्रा गाजे-बाजे के साथ रवाना होकर 15 अगस्त को काशीपुर हनुमान जी पहुंचेगी।

## युवा टीम ने की पैदल यात्रियों की मान-मनुहार, कराया अल्पाहार



उपखंड के लालसोट-तूंगा रोड पर देवरी से घाटा पपलाज माता पैदल यात्रा के गुजरने के दौरान गांव डोब के मायाराम पुरोहित, विष्णु सेन, दीपक, राकेश सेन, सुरेश प्रजापत, मीठालाल, आशीष, रौनक, नीरु, राजेंद्र सहित कई युवा साथियों ने पैदल यात्रियों की मान-मनुहार की तथा उनके लिए अल्पाहार की व्यवस्था की।

## 'दुख के समय भक्ति करने पर होता है पाप कर्म का क्षय'



महानगर संवाददाता

**फागी।** कस्बे में विराजमान आचार्य सुन्दर सागर महाराज की शिष्या आर्यिका सुरम्यमति माताजी ससंघ धर्म की भव्य प्रवाहना बढ़ा रही हैं।

जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि पार्श्वनाथ चैत्यालय में मंगलवार को नियमित प्रवचन श्रृंखला में आर्यिका सुरम्यमति माताजी ने सुख और दुख के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि सुख और दुख जीवन के अभिन्न अंग हैं। एक सिक्के के दो पहलू हैं। सुख एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें खुशी, संतुष्टि और आनंद की भावना होती है, जबकि दुख ऐसी स्थिति है, जिसमें पीड़ा, कष्ट और गम का अनुभव होता है। सुख-दुख तो जीवन की ऊर्जा के आधार हैं। सुख से शांति, पवित्रता और शुभता का संचार होता है और दुख से जीवन के आवश्यक सबक मिलते हैं। फिर भी यह किसी विडंबना से कम नहीं है कि मनुष्य जीवन में कभी भी कोई दुख नहीं चाहता है। मनुष्य अपनी इच्छा एवं आवश्यकता अनुसार सुखी रहना चाहता है। हमारे जीवन में सुख और दुख दोनों ही समय प्रभु की भक्ति करते रहना चाहिए। सुख के समय भक्ति करने पर पुण्य में वृद्धि होती है और दुख के समय भक्ति करने पर पापकर्म का क्षय होता है।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में 231 रोगी लाभान्वित



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे में शारदा क्रोपकेम लि. बंबई के आर्थिक सौजन्य से सामाजिक विकास हेरिटेज एंड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउण्डेशन द्वारा जिला अंधता निवारण समिति झुन्झुनूं के आर्थिक सहयोग डॉ. विमलेश आई केयर मेडिको सोसासटी तथा अलायन्स क्लब नवलगढ़ लार्ड कृष्णा द्वारा 220वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर छावसरिया धर्मशाला में आयोजित किया गया। शिविर में 231 रोगी लाभान्वित हुए, वहीं 64 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। ऑपरेशन जांगिड़ अस्पताल में डॉ. अविनाश पुरोहित की टीम द्वारा किए जाएंगे। मुख्य अतिथि बाय सरपंच पूर्व प्रांतपाल महिला कांग्रेस अध्यक्ष झुंझुनूं तारा पूनिया ने लाभार्थियों की संख्या देख कहा कि डॉ. दयाशंकर जांगिड़ व उनकी टीम साधुवाद की पात्र है। अध्यक्षता श्रवण कुमार जाखड़ ने की।

कलेक्टर के प्रयासों पर चढ़ता रंग : नगर परिषद भी स्वर्णनगरी के विकास में जुटी

# अब यूआईटी बदलेगी जैसलमेर के पांच चौराहों की रंगत

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** स्वर्णनगरी को हेरिटेज सिटी का रूप देने में जुटे जिला कलेक्टर प्रताप सिंह नगर परिषद और यूआईटी के साथ शहर की रंगत बदलने की तयारी में हैं। आठ सौ सत्तर साल पुराने ऐतिहासिक शहर जैसलमेर में हेरिटेज विकास ने गति पकड़ ली है। आने वाले साल में शहर की सूरत और सीरत ही बदल जाएगी। जिला प्रशासन इन दोनों विभागों के साथ मिलकर जैसलमेर में विकास कार्य करा रहा है। नगर परिषद की अम्बेडकर पार्क, गड़ीसर सर्किल और हनुमान सर्किल का जीर्णोद्धार कराने की योजना धरातल पर उतर आई है। पांच चौराहों के सौन्दर्यीकरण की जिम्मेदारी यूआईटी को दी गई। यूआईटी शहर के एयरफोर्स चौराहा, सम पंचायत समिति चौराहा, यूनियन चौराहा, म्याजलार चौराहा और शहीद स्तम्भ सर्किल को हेरिटेज रूप देने के लिए निविदाएं जारी कर चुका है। यूआईटी ने इन पांच चौराहों के जीर्णोद्धार के लिए खास डिजाइन तैयार कराई है। चौराहों को जैसलमेर शैली के स्थापत्य और कलात्मकता का ध्यान रखकर तैयार करवाएगा। इन चौराहों के बनने के बाद जैसलमेर शहर की कायाकल्प हो जाएगी। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह और नगर परिषद आयुक्त लजपाल सिंह सोढ़ जैसलमेर शहर को अंतरराष्ट्रीय ख्याति अनुरूप हेरिटेज लुक देने विशेष प्रयासों में जुटे हैं।

### एयरफोर्स चौराहा

एयरफोर्स चौराहे का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस चौराहे को छोटा कर इसे हेरिटेज लुक दिया जाएगा। यह चौराहा व्यस्ततम मार्ग पर स्थित है। इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए खास डिजाइन किया गया है।

### यूनियन चौराहे पर तैयार होगा जैसलमेर बादल विलास

जैसलमेर के सबसे आकर्षक पर्यटन स्थलों में मंदिर पैलेस स्थित ऐतिहासिक बादल विलास (ताजिया टावर) हमेशा पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहा है। बादल विलास जैसलमेर शहर में स्थित 19वीं शताब्दी की अद्भुत कलाकृतियों में से एक है। यह जैसलमेर के महारावलों के निवास के लिए बना हुआ है। बादल विलास में बना ताजिया टावर पांच मंजिला है और शिल्प कला का बेजोड़ नमूना है। इसे मुस्लिम कारीगरों ने तराशा था। 1830 ई. में जैसलमेर के महारावलों के निवास के लिए इसका निर्माण किया गया था। यूनियन चौराहे पर हूबहू बादल विलास का क्लोन बनाया जाएगा।



### म्याजलार चौराहे पर आइकॉन गोडावण की प्रतिमा लगेगी

जैसलमेर से एयरपोर्ट जाने वाली रोड पर स्थित म्याजलार चौराहे को भी यूआईटी खास डिजाइन से तैयार करेगा। इस चौराहे पर राज्य पक्षी और जैसलमेर जिले के शुभंकर गोडावण की प्रतिमा स्थापित होगी। चौराहे को हेरिटेज लुक देने के लिए इसमें जैसलमेर शैली के कलात्मक पत्थरों का उपयोग होगा। बड़े चबूतरे पर गोडावण की प्रतिमा स्थापित होगी। यह चौराहा वन्य जीव और पर्यावरण सरंक्षण का सन्देश देगा।



### शहीद स्तम्भ चौराहा

जैसलमेर सम मार्ग पर मूमल टूरिस्ट बंगलो के पास स्थित शहीद सर्किल को और अधिक आकर्षक बनाया जा रहा है। इस चौराहे को भारत-पाकिस्तान के मध्य 1965 के युद्ध में शहीद हुए जवानों की याद में बनाया गया था। अब इसे और अधिक आकर्षक बनाया जा रहा है। शहीद स्तम्भ को नए सिरे से तैयार किया गया है। साथ ही चौराहे के चारों और 1965 वार अंकित किया जाएगा।



### सम पं. समिति चौराहा

इस चौराहे को खास रूप दिया जा रहा है। यह चौराहा सोनार किले के दौ सौ मीटर दायरे में है। साथ ही मुख्य मार्ग पर स्थित है। इस स्तम्भ पर जैसलमेर शैली का बड़ा गोल पत्थर रखा जाएगा। किले के बुर्जों पर रखे बड़े पत्थरों का उपयोग दुश्मन के आक्रमण के समय दुश्मन सैनिकों पर गिराने में होता था. किले के बुर्ज पर रखे यह पत्थर सम पंचायत समिति के समीप चौराहे पर लगेगा।



# आपसी सद्भाव और भाईचारे से मनाएं त्यौहार : कानाराम

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** आगामी स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जन्माशष्टमी एवं गणेश चतुर्थी सहित अन्य धार्मिक उत्सवों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल की उपस्थिति में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

जिला कलेक्टर ने कहा कि सवाई माधोपुर की कौमी एकता की परंपरा सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है और सभी को मिलकर इसे कायम रखना होगा। जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द्र और कानून व्यवस्था बनाए रखने की परंपरा को कायम रखते हुए सभी त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या अफवाह की सूचना तुरंत जिला प्रशासन या पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सभी समुदायों से मिल-जुलकर अपनी परंपराओं का निर्वहन करने और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने की अपील की।



### आपत्तिजनक पोस्ट की पुलिस को दें जानकारी

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने कहा कि कि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट आदि के बारे में तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचित करें, कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक भावना भड़काने या आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जाएगी और सौहार्द्र बिगाड़ने वाले तत्वों पर तुरंत कार्यवाही होगी। गलत सूचनाओं, संदेशों, पोस्ट को फॉरवर्ड नहीं करें। किसी भी परिस्थिति में शांति एवं धैर्य बनाए रखें।

### शांति एवं सद्भाव के लिए जाहिर की अपनी प्रतिबद्धता

बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने जिले में शांति व्यवस्था के लिए अपने सुझाव दिए एवं आश्वस्त किया कि जिले में आपसी भाईचारा और सौहार्द्र हमेशा बरकरार रहेगा। सभी ने त्यौहारों को मिलजुल कर मनाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन को पूरा सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान हाल ही में अतिवृष्टि के कारण हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति, सूरवाल बांध की चादर से जलभराव की समस्या के प्रभावी निराकरण, बोदल पुलिया पर भारी वाहनों के आवागमन, युवाओं को नशे व साइबर अपराध से दूर रखने के लिए विशेष अभियान चलाने के संबंध में भी चर्चा की गई।

बीएसएनएल ऑफिस के बाहर टिप्स कर्मचारियों का प्रदर्शन

## बीएसएनएल ने मूल समझौते का किया उल्लंघन, 7 दिन में कोर्ट जाने की चेतावनी

महानगर संवाददाता

**सीकर।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के खिलाफ टेलिकॉम इन्फ्रा प्रोवाइडर्स (टिप्स) के कर्मचारियों ने विरोध-प्रदर्शन किया। टिप्स के कर्मचारियों ने बीएसएनएल पर 10 साल के मूल समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने बीएसएनएल ऑफिस के बाहर धरना दिया।

टिप्स के कर्मचारियों का कहना है बीएसएनएल ने 10 साल के वैध मूल समझौते को तोड़ते हुए बिना उनकी सहमति के नई एसएलए पॉलिसी लागू कर दी है। यह मॉडल आम नागरिकों के लिए खोला गया था, जहां लोग अपनी जमा पूंजी और लोन लेकर निवेश करते हैं और बीएसएनएल को रेवेन्यू जेनरेट करके देते हैं। बीएसएनएल ऐसा क्यों कर रही है। यह पॉलिसी कंपनी के लिए भी घातक साबित हो सकती है।

टिप्स कर्मचारियों ने बताया कि ग्राहकों की ओर से बुक किए गए फाल्ट्स सीधे उनके एफएमएस यानी फाल्ट मैनेजमेंट सिस्टम में आते हैं। अगर फॉल्ट टिप्स से संबंधित नहीं है, तो उसे ट्रांसफर करने का कोई विकल्प नहीं है। टिप्स ने कई बार बीएसएनएल और आटीपीसी को सुझाव दिए, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ।

इससे टिप्स को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर 7 दिनों में नए सर्कुलर वापस नहीं लिए गए, तो वे कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे और बीएसएनएल के खिलाफ आंदोलन और तेज करेंगे।

## हर घर तिरंगा अभियान : 'अपना घर' के प्रभुजनों ने लहराया राष्ट्रध्वज



महानगर संवाददाता

**बस्सी।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को 'अपना घर बस्सी संस्था' में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान में निवासरत दिव्यांग प्रभुजनों ने, जो स्वयं भी विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे हैं, पूरे उत्साह और जोश के साथ तिरंगा हाथ में लेकर भागीदारी निभाई। लगभग 250 सदस्यों ने एक साथ राष्ट्रीय ध्वज के साथ समूह फोटो खिंचवाकर देश के प्रति अटूट प्रेम और निष्ठा का संदेश दिया। 'हर हाथ में तिरंगा, हर दिल में हिंदुस्तान' के नारे के साथ प्रभुजनों ने तिरंगा यात्रा निकाली। प्रबंधक नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रभुजनों द्वारा हाथों में तिरंगा लहराते हुए यात्रा करना हमें यह संदेश देता है कि देशभक्ति की भावना किसी शारीरिक परिस्थिति या कठिनाई से कम नहीं होती। तिरंगा यात्रा में कार्यकारी अध्यक्ष मिट्ठनलाल शर्मा, सचिव जगदीशनारायण शर्मा, सदस्य बुद्धिप्रकाश कुमावत सहित सेवासाथी एवं प्रभुजी उपस्थित रहे।

## पौधे लगाकर एवं वितरित कर मनाया जन्मदिन



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित अजीतगढ़ के जगदीशप्रसाद पारीक एवं दातारामगढ़ के सुंडाराम वर्मा की अध्यक्षता में जीवनसुख परिवर्तन सेवा संस्थान अजीतगढ़ के अध्यक्ष सोमेश राजोरिया का जन्मदिवस समारोह उप तहसील अजीतगढ़ एवं जमनावाले बालाजी मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ। अजीतगढ़ नगरपालिका ईओ जुबेर खान मुख्य अतिथि रहे। नगरपालिका अजीतगढ़ के कनिष्ठ अभियंता रतनलाल गुर्जर एवं नायब तहसीलदार उपतहसील अजीतगढ़ के रीडर रामोतार यादव विशिष्ट अतिथि रहे। पौधरोपण कार्यक्रम के तहत 108 पौधे रोपे गए एवं 51पौधे वितरण किए गए। इस अवसर पर संत नारायणदास यूथ मण्डल अजीतगढ़ के अध्यक्ष अक्षय कुमावत, उपाध्यक्ष पूरण प्रजापत, बजरंगलाल जाट समेत उपतहसील अजीतगढ़ के तमाम स्टाफकर्मी मौजूद रहे। अध्यक्षता कर रहे पद्मश्री कृषि वैज्ञानिक जगदीश प्रसाद पारीक ने कहा कि होनहार शिष्य प्लांट बाबू सोमेश राजोरिया वर्ष 2022 से क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में पौधरोपण को बढ़ावा देने का शुभ कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने अब तक 10 हजार से ज्यादा पौधे लगा दिए हैं।

## हरियालो राजस्थान के तहत सड़क किनारे किया पौधरोपण



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** डूंडलोद में ऑक्सीजन जन आंदोलन 'एक व्यक्ति एक अभियान', हरियालो राजस्थान के तहत बंशीधर सैनी सेवानिवृत्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नवलगढ़ द्वारा डूंडलोद-सांखू दानवीर मार्ग पर सड़क किनारे पौधरोपण किया गया। अभियान में हरदम ऑक्सीजन देने वाले बड़े पेड़ बड़ एवं पीपल के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सहायक लेखा अधिकारी शिशुपाल सिंह कुलहरी, ऑक्सीजन जन आंदोलन एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के संयोजक वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़, रोनित कुमार, प्रियांशु जाखड़, निधिका जाखड़ सहित कई अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक बैठक 18 को

महानगर संवाददाता

**सीकर।** सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई डॉ. गार्गी शर्मा ने बताया कि जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक बैठक एवं बाल नशा मुक्ति की बैठक 18 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में होगी।

## विभाजन विभिषिका एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा आज

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय पर बुधवार को विभाजन विभिषिका एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीफूल मीणा ने बताया कि तिरंगा यात्रा बुधवार शाम 4 बजे बस स्टैंड से होते हुए झूला चौक से पीएम श्री सीनियर हायर सेकंडरी स्कूल रामगढ़ पचवारा पहुंचेगी। तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि लालसोट विधायक रामविलास मीणा होंगे। वहीं तिरंगा मंडल प्रभारी रवि हाडा, सतपाल मीणा, लालसोट नगर परिषद सभापति पिंकी चतुर्वेदी, भाजपा मंडल पदाधिकारी एवं जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष सहित कई लोग यात्रा में पहुंचकर देश के अमर शहीदों का मान सम्मान बढ़ाएंगे।

### 'देश के अमर शहीदों का यात्रा में पहुंच बढ़ाएं मान-सम्मान'

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर विभाजन विभिषिका एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को भाजपा मंडल लालसोट द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। लालसोट भाजपा मंडल शहर अध्यक्ष अनिल बुर्जा ने बताया कि तिरंगा यात्रा प्रातः 10 बजे श्री अशोक शर्मा राजकीय सीनियर स्कूल मैदान से बस स्टैंड होते हुए झंडा चौक से कोथून रोड होते हुए वापस अशोक शर्मा स्कूल मैदान पहुंचेगी। मुख्य अतिथि लालसोट विधायक रामविलास मीणा होंगे। भाजपा पदाधिकारियों ने आमजन से तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देश के अमर शहीदों का मान-सम्मान बढ़ाने का आह्वान किया है।

बालश्रम उन्मूलन के लिए लिखित पुस्तक 'होप रिस्टॉर्ड' पुलिस अधीक्षक को भेंट

# सीकर जिले को बालश्रम मुक्त बनाने की अपील

महानगर संवाददाता

**सीकर।** बालश्रम की रोकथाम के लिए लिखित पुस्तक होप रिस्टॉर्ड की प्रति सीकर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत को भेंट कर बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रयासरत कार्यकर्ताओं ने सीकर जिले को बालश्रम मुक्त जिला बनाने की अपील की।



इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारीलाल बालान ने कहा कि आज हमारे देश में बालश्रम उन्मूलन के लिए कई प्रभावी नीतियां और कड़े कानून हैं, लेकिन जब तक इस बारे में लोगों के बीच जागरूकता नहीं होगी और पूरा समाज इसकी जिम्मेदारी लेकर अपना काम नहीं करेगा, तब तक यह एक चुनौती के रूप में बना रहेगा। इस दिशा में पुस्तक होप रिस्टॉर्ड एक विकल्प है, जो इस के लिए कार्य योजना बनाकर बालश्रम मुक्त समाज के लिए दिशा देगी।

पुस्तक के लेखक एवं बाल अधिकार विशेषज्ञ डॉ. शैलेन्द्र पंड्या ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट- 'बाल श्रमः वैश्विक अनुमान 2020, रुझान और आगे की राह' के मुताबिक साल 2020 की शुरुआत में पूरी दुनिया में 16 करोड़ बच्चे बाल श्रम की चपेट में थे, इनमें 6.3 करोड़ लड़कियां और 9.7 करोड़ लड़के हैं। यानी दुनिया का हर 10 में से एक बच्चा मजदूरी करने पर मजबूर है। बालश्रम को लेकर भारत में भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक पूरे देश में पांच से 14 साल के बीच के मजदूरों की संख्या 1.10 करोड़ है। यह देश में बच्चों की कुल संख्या का 3.9 फीसदी हिस्सा है। होप रिस्टॉर्ड पुस्तक में भारत राष्ट्र में बालश्रम रोकने के लिए बने विभिन्न कानून, नियम एवं योजनाओं की जानकारी सहित बाल श्रमिकों के रेस्क्यू से पुनर्वास की प्रक्र या को सरल भाषा में व्यक्त करती है।

इस अवसर पर गायत्री सेवा संस्थान के सीकर जिला समन्वयक नरेश सैनी ने बताया कि पुस्तक के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुभकामनाएं जारी करते हुए पत्र लिखा, वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण आयोग, भारत सरकार के सदस्य प्रियंक कानूनगों ने पुस्तक होप रिस्टॉर्ड को विभिन्न हित धारकों के लिए उपयोगी बताया।

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के काउंसलर राकेश चिरानिया और गायत्री सेवा संस्थान की काउंसलर जितेंद्र नाथावतपुरा ने कहा कि जल्द ही इस पुस्तक के आधार पर जिला स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

### वृंदावन सा सजा जयपुर का आराध्य गोविंददेवजी मंदिर

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाद्रपद कृष्ण अष्टमी 16 अगस्त को छोटीकाशी के कृष्ण मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन श्री गोविन्द धाम ठिकाना मंदिर श्री गोविंददेवजी में होगा। यहां श्री कृष्ण जन्माष्टमी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ने के कारण पुलिस प्रशासन और मंदिर प्रबंधन सभी आवश्यक प्रबंध करने में जुटा है। दर्शन पास एवं जगमोहन पास से प्रवेश केवल शाम 7 बजे तक ही संभव होगा। पास धारक सुबह 4:30 बजे से शाम 7 बजे तक दर्शन कर सकेंगे।



उसके बाद आम श्रद्धालुओं के साथ ही दर्शन कर पाएंगे।

अभिषेक दर्शन पास धारकों का प्रवेश रात्रि 10 बजे से 11 बजे तक होगा, इसके बाद पास अमान्य होगा।

**तीन लाइनों में दर्शन व्यवस्था:** सुबह मंगला झांकी से दर्शन प्रारंभ होंगे। पास धारक, आमजन (बिना जूता-चप्पल), आमजन (जूता-चप्पल वाले) तीन लाइनों की व्यवस्था की गई है। जलेबी चौक से आने वाले श्रद्धालुओं का निकास जय निवास बाग पूर्वी द्वार से होगा। ब्रह्मपुरी और कंवर नगर की ओर से आने वालों का निकास चिंताहरण हनुमान मंदिर होते हुए जय निवास बाग पश्चिम द्वार से होगा।

### ठाकुरजी का 897 किलो पंचामृत से होगा जन्माभिषेक

ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक सुबह मंगला झांकी से पूर्व होगा। नवीन पीत पोशाक धारण कराकर आभूषणों और पुष्पों से श्रृंगार किया जाएगा। रात्रि 10 से 11 बजे तक श्री कृष्ण जन्माष्टमी व्रत कथा का पाठ गोविंद मिश्र करेंगे। रात्रि 12 बजे 31 तोपों की हवाई गर्जना, आतिशबाजी, वेद पाठ, शालिग्राम पूजन एवं पंचामृत अभिषेक होगा। अभिषेक में 425 लीटर दूध, 365 किलो दही, 11 किलो घी, 85 किलो बूरा, 11 किलो शहद का अर्पण किया जाएगा। भोग में पंजीरी लड्डू, खिरसा, रबड़ी कुल्हड़ अर्पित की जाएगी। अभिषेक के बाद निशुल्क चरणामृत एवं पंजीरी वितरण जय निवास बाग स्थित मंच से होगा।

### मंदिर आने से पहले कृपया ध्यान दें

मंदिर में प्रसाद, फल, मिठाई, नारियल, लैपटॉप, कैमरा आदि का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी से भारतीय परिधान पहनकर, जूते-चप्पल व हेलमेट बाहर छोड़कर प्रवेश करने का अनुरोध किया गया है। कीमती आभूषण एवं सामान साथ न लाने का आग्रह किया गया है। हृदय रोग, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, सांस संबंधी या गंभीर बीमारी से ग्रस्त भक्तों को भीड़ से बचने का निवेदन किया गया है। ऐसे लोग ऑनलाइन दर्शन कर सकते हैं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल मंदिर या पुलिस प्रशासन को दें।

### तीन हजार कार्यकर्ता संभालेंगे व्यवस्था

लगभग 3000 कार्यकर्ता एवं 150 स्काउट सेवा में तैनात रहेंगे। 13 एलईडी स्क्रीन, 8-10 मेटल डिटेक्टर और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

### मातहत मंदिरों में मनेगा उत्सव

16 अगस्त को ठिकाना श्री गोविंददेवजी के अधीन श्री राधा माधव जी, नटवर जी, कुंज बिहारी जी, श्री गोपाल जी नागा, श्री गोपाल जी तालाब, श्री मुरली मनोहर जी एवं श्री गोपाल जी रोपाड़ा में भी जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जाएगी।

## मानसरोवर में श्री श्याम वंदना महोत्सव की तैयारियां शुरू

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री श्याम सेवा संघ, मानसरोवर का 21वां श्री श्याम वंदना महोत्सव आगामी 9 नवम्बर को शिप्रा पथ मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में दोपहर 12:15 बजे से शाम 7:15 बजे तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष विमल कुमार सोनी ने बताया कि हमेशा की तरह महोत्सव के साथ एक सेवा कार्य किया जाएगा। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायक-गायिका समस्तीपुर से रेशमी शर्मा, जयपुर से संजय पारीक, निशा-गोविन्द शर्मा, गोपाल सैन, राज राठौड़, शैली शर्मा, आदित्य छीपा एवं



कविता चौधरी अपनी प्रस्तुति देंगे। श्री कारते हनुमान जी मंदिर के महंत गोपाल दास महाराज, श्याम सिंह चौहान, पूर्व मंत्री, श्री श्याम मंदिर कमेटी, खाटूश्यामजी, जय पुजारी जी (सालासर धाम), विधायक बामुकुंदाचार्य का सान्निध्य प्राप्त होगा।

## पुंडरीक गोस्वामी की भागवत कथा आज से बिड़ला ऑडिटोरियम में

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गायत्री देवी साबू की 25वीं पुण्यतिथि पर 13 से 19 अगस्त तक स्टेच्यू सर्किल स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में श्रीमद्भगवद् कथा का आयोजन किया जाएगा।

व्यासपीठ से श्री मन्मध्व गौड़ेश्वर वैष्णवाचार्य पुंडरीक गोस्वामी महाराज प्रतिदिन अपराह्न 3 से शाम 7 बजे तक तक कथाश्रवण कराएंगे। कथा के अंतर्गत 13 अगस्त को मंगलाचरण के साथ कथा का शुभारंभ होगा। 14 अगस्त को वामन अवतार, 15 अगस्त को महारास लीला, 16 अगस्त को सदामा चरित्र, 17 अगस्त को श्री कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग, 18 अगस्त को श्री उद्धव-गोपी संवाद एवं भक्तिमय भजन संध्या होगी।

## धर्म सभा : पुण्य अहिंसा से मिलेगा हिंसा से नहीं : मुनि आदित्य सागर



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुनि आदित्य सागर महाराज ने कीर्ति नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगलवार को आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम आउट ऑफ कोर्स हो गए तभी सुख-दुख मिलते हैं। जब तक हम अपनी मर्यादा में चलेंगे तब तक हमें दुख की प्राप्ति नहीं होती लेकिन जिस दिन हम मर्यादा से बाहर चले जाते हैं तभी से दुख मिलने भी शुरू हो जाते हैं।

आदित्य सागर महाराज ने कहा कि जीव जब अहिंसक प्रवृत्ति की ओर आएगा तो उसे सुख मिलेगा अहिंसा सारे दुखों को समाप्त कर देती है। सुख-शांति की स्थापना करती है अहिंसा सभी ने स्वीकारी है। जो दूसरे को प्रताड़ित करता है, परेशानी खड़ी करता है, कष्ट देता है या दूसरे जीव को मारता है, वह धर्म नहीं हो सकता। धर्म हमेशा अहिंसक होता है, जैसा अधिकार हमें जीने का है वैसा ही दूसरों को भी है। हमें अहिंसा का प्रचार प्रसार करना चाहिए। मोह के कारण कुधर्म, मिथ्यात्व का गुणगान नहीं करना चाहिए। कुधर्म पर चलने से दुख ही मिलेगा। पुण्य अहिंसा से मिलेगा हिंसा से नहीं। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा व्यापार नहीं करना चाहिए जिसमें हिंसा हो। हिंसा पूर्वक व्यापार से कमाया गया धन हमारे लिए दुख का कारण बनेगा।

अध्यक्ष प्रेम कुमार जैन एवं महामंत्री जगदीश जैन ने बताया कि इससे पूर्व दीप प्रज्जवलन, मंगलाचरण के आयोजन किए गए। सायंकाल श्रुत शंका समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महामंत्री जगदीश जैन ने बताया कि बुधवार को प्रातः 8.15 बजे धर्म सभा में मुनि आदित्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होंगे।

### जैनत्व दम्पती संस्कार शिविर 23 को

विनोद जैन कोटखावदा एवं प्रचार संयोजक आशीष बैद ने बताया कि 23 अगस्त को जैनत्व दम्पती संस्कार-2025 का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दम्पतियों को संस्कार दिए जाएंगे। 24 अगस्त को जैनत्व उपनयन संस्कार शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें बच्चों को संस्कार दिए जाएंगे।

दशलक्षण महापर्व के दौरान 28 अगस्त से 6 सितम्बर तक दस दिवसीय आध्यात्मिक श्रावक साधना संस्कार शिविर का मुंशी महल, टोंक रोड़ पर विशाल आयोजन होगा जिसमें पूरे देश से श्रद्धालु शामिल होंगे।

### नन्हें बाल गोपाल की किलकारियों से गूंजा गोविंददेवजी मंदिर

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी : फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी...







महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर मंगलवार को दो दर्जन नन्हें-नन्हें बाल कृष्ण की किलकारियों से गुंजायमान हो उठा। एक ही रंग की वेशभूषा में छोटे-छोटे कान्हा की नटखट अदाओं पर हर कोई मोहित हो गया।

महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में मनाए जा रहे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत छोटे-छोटे बच्चे कृष्ण और राधा के स्वरूप में आए और भजनों की धुन पर नृत्य किया।

मंगलवार सुबह एसएमएस ब्लड बैंक युवा जन सेवा संघ के कलाकारों ने भजनों की सरस प्रस्तुतियां दीं। शिवनंदन सिंह, छवि जोशी, राजेश शर्मा, अनुराग शर्मा एवं प्रमोद पारीक ने फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी..., यह चमक यह दमक कुलवन में महक..., लाडली अद्भुत नजारा तेरे बरसाने में है..., सांवरे आ जइयो वृंदावन प्यारो वृंदावन... जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को कृष्ण भक्ति से सराबोर कर दिया। ऑक्टोपैड पर सतीश शर्मा, सिंथेसाइजर पर पवन जैन एवं ढोलक पर राहुल त्रिवेदी ने संगत की।

शाम को दीपक माथुर, सीमा मिश्रा, रेखा सैनी और श्रुति मिश्रा ने श्री कृष्ण जन्म से जुड़े भजनों की प्रस्तुतियां दीं।

नटखट बाल गोपाल और चुलबुली राधा रानी राधा रानी की अटखेलियों ने सभी का मन मोह लिया।

### आज होंगे तीन आयोजन

मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि बुधवार को सुबह राधा गोविंद सखी परिवार, दोपहर को हरिनाम संकीर्तन परिवार और शाम को अविनाश शर्मा भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। गुरुवार को सुबह मदन मोहन गौड़ीय मठ, दोहपर को नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और शाम को गौरांग महाप्रभु संकीर्तन मंडल की ओर से भजन-कीर्तन होगा।

### गोकुलम-2025 का पोस्टर विमोचन

## कान्हा-गोविंदा की लीलाओं से गूंजेगा चित्रकूट स्टेडियम



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** समरस भारत सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे गोकुलम-2025 का पोस्टर विमोचन मंगलवार को संस्थान के सचिव देवेंद्र शर्मा, कार्यक्रम संयोजक मोतीराम चोपड़ा और सह संयोजक सत्यनारायण शर्मा ने जवाहर कला केंद्र में किया।संस्थान सचिव देवेंद्र शर्मा ने बताया कि गोकुलम-2025 का आयोजन 16 अगस्त को वैशाली नगर स्थित चित्रकूट स्टेडियम में किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क रहेगा। मुख्य अतिथि के रूप में श्री लड्डू गोपालजी (कान्हा) की प्रतिमा का स्वागत एवं पूजन किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल, केबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा विशिष्ट अतिथि होंगे। गोकुल धाम में कान्हा और गोविंदा की पारंपरिक गतिविधियों का जीवंत मंचन होगा। कार्यक्रम में कान्हा प्रतियोगिता (8 वर्ष से कम आयु के लगभग 500 प्रतिभागी) और गोविंदा प्रतियोगिता (8 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 1500 प्रतिभागी टीमों के रूप में) आयोजित की जाएगी।

दोनों श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के साथ मैं भी विजेता थीम के तहत सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे।

आयोजन की तैयारियां जून के प्रथम सप्ताह से जारी हैं और लगभग 100 स्थानों पर नियमित अभ्यास चल रहा है। आयोजन स्थल पर सुरक्षा, बैठने, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की जा रही है। आयोजकों के अनुसार, इस कायक्रम का उद्देश्य युवाओं और बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, टीम भावना और साहस जैसे मूल्यों से जोड़ना है।

## शारदीय नवरात्र में दस दिन होगी मां दुर्गा की आराधना

### दो दिन रहेगी तृतीया तिथि, गज पर सवार होकर आएंगी मां भवानी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला शारदीय नवरात्रि पर्व इस वर्ष 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस बार विशेष संयोग के कारण नवरात्रि 10 दिनों तक चलेगी। तृतीया तिथि 24 और 25 सितंबर को दो दिन रहेगी, जिसे शास्त्रों में अत्यंत शुभ माना गया है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्रतिपदा तिथि 21 सितंबर की रात्रि 1:24 बजे से लगेगी और 22 सितंबर की रात्रि 2:57 बजे तक रहेगी।

ब्रह्मवेला में प्रतिपदा व्याप्त रहने से 22 सितंबर को ही घट स्थापना और नवरात्रि का आरंभ होगा। इस दिन सुबह 11:24 बजे के बाद हस्त नक्षत्र रहेगा, जो नवरात्रि में घट स्थापना के लिए मंगलकारी है। पूरे दिन शुक्ल योग भी रहेगा, जिसे जनमानस के लिए अत्यंत उत्तम माना जाता है। शारदीय नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा स्वयं धरती पर आती हैं और भक्तों की प्रार्थनाएं सुनती हैं। यह पर्व आत्मशुद्धि, साधना और देवी कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ अवसर है।

### गज पर आगमन, सुख-समृद्धि का प्रतीक

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार इस बार नवरात्रि सोमवार से आरंभ हो रही है, जिससे मां दुर्गा का वाहन गज (हाथी) रहेगा। हाथी पर आगमन सुख-शांति और समृद्धि का द्योतक है तथा आने वाले समय के लिए शुभ संकेत देता है।



### नवरात्र की तिथि वार सूची

| दिनांक | वार | तिथि |
|---|---|---|
| 22 सितंबर | सोमवार | प्रतिपदा तिथि |
| 23 सितंबर | मंगलवार | द्वितीया तिथि |
| 24 सितंबर | बुधवार | तृतीया तिथि |
| 25 सितंबर | गुरुवार | तृतीया तिथि |
| 26 सितंबर | शुक्रवार | चतुर्थी तिथि |
| 27 सितंबर | शनिवार | पंचमी तिथि |
| 28 सितंबर | रविवार | षष्ठी तिथि |
| 29 सितंबर | सोमवार | सप्तमी तिथि |
| 30 सितंबर | मंगलवार | अष्टमी तिथि |
| 01 अक्टूबर | बुधवार | नवमी तिथि |
| 02 अक्टूबर | गुरुवार | दशहरा |

## बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ह्यूमन लाइफ फाउंडेशन ने गरीब एवं वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों को एक और बड़ी सफलता मिली है। संस्था के संस्थापक हेमराज चतुर्वेदी ने बताया कि इस शिक्षा सत्र में मार्च माह में आरटीई के माध्यम से 26 बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश दिलाने के बाद, जुलाई-अगस्त माह में संस्था के झुग्गी स्कूलों से 25 बच्चों का विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों में विधिवत नामांकन कराया गया। इस प्रकार एक वर्ष में संस्था ने कुल 51 बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। संस्था की जगतपुरा शाखा में अब केवल छोटे या ऐसे बच्चे ही अध्ययनरत हैं जिन्हें तत्काल औपचारिक शिक्षा में लाना संभव नहीं है। हेमराज चतुर्वेदी ने बताया कि इस उपलब्धि में यूपीईएस देहरादून और एलपीयू भगवाड़ा से आए इंटर्न्स का भी विशेष योगदान रहा, जिन्होंने ग्रीष्मकाल में दो महीने तक बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए अथक मेहनत की।

## गोविंददेवजी मंदिर में 15 को छांवण से नहीं होंगे दर्शन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गोविंददेवजी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बैरीकेडिंग एवं अन्य सुरक्षा इंतजाम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसलिए 15 अगस्त को मंदिर छांवन में दर्शनार्थियों का प्रवेश पूर्णतः निषेध रहेगा। जलेब चौक से आने वाले दर्शनार्थी मंदिर मुख्य द्वार (गेट नंबर 1) से प्रवेश करेंगे। मंदिर परिसर में निर्धारित लाइन से होकर, बाहर बने रैंप से दर्शन करेंगे। गेट नंबर 2 से घूमते हुए यू-टर्न लेकर निकास करेंगे। ब्रह्मपुरी और कंवर नगर से आने वाले दर्शनार्थी गेट नंबर 7 से प्रवेश करेंगे। मंदिर परिसर की लाइन से होकर बाहर रैंप के नीचे से दर्शन कर गेट नंबर 6 से घूमते हुए यू-टर्न लेकर निकास करेंगे। मंदिर छांवन में प्रवेश निषेध होने के कारण जूते-चप्पल खोलने की कोई व्यवस्था नहीं होगी।

# कजली तीज-संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखकर की सुख-सौभाग्य की कामना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सर्वार्थ सिद्धि योग, शिववास योग, मघा, पूर्वभाद्रपद और उत्तरभाद्रपद नक्षत्र में भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि पर मंगलवार को कजरी तीज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विवाहित महिलाओं ने भगवान शिव, माता पार्वती एवं चंद्रमा की विधिवत पूजा-अर्चना कर पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य और जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। माहेश्वरी, पारीक, दाधीच एवं कायस्थ सहित कई अन्य समाजों के घर पर मंगलवार को उत्सव का सा माहौल रहा। सुहागिन महिलाओं ने हाथों पर मेहंदी रचे हाथों से व्रत रखने वाली महिलाओं ने नीमड़ी माता की रोली, मोली, मेहंदी, काजल, फल एवं दक्षिणा अर्पित कर पारंपरिक विधि से पूजन किया।



### संकष्ट चतुर्थी का व्रत भी रखा

अखंड सुख-सौभाग्य की कामना के साथ मंगलवार को सुहागिन महिलाओं ने संकष्ट चतुर्थी का व्रत भी रखा। इसे अंगारकी चतुर्थी और बहुला चतुर्थी भी कहा जाता है। महिलाओं ने दिनभर व्रत रखा और रात्रि को चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का पारण किया।

### सिंधी समाज ने मनाया 'टीजड़ी' पर्व



समाज की महिलाओं ने मंगलवार को अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना के साथ सुहागिनों का पर्व 'टीजड़ी' पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। भोर में महिलाएं उठकर कोकी और मानी बनाकर अल्पाहार कर दिनभर निराहार उपवास पर रहीं। दोपहर में ब्राह्मण के घर जाकर कथा सुनी और टीजड़ी माता को हिंडोरे में झुलाया। रात्रि में चंद्रोदय के समय सोलह श्रृंगार कर चंद्रमा को दूध और कुट्टी (चूरमे) का अर्घ्य देकर अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। सुहागिनों ने मां गौरी और भगवान शिव की पूजा कर पति और परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। समाज के वरिष्ठ सदस्य तुलसी संगतानी ने बताया कि सिंधी समाज में टीजड़ी माता की पूजा 'धान्य रूप' में होती है। मिट्टी के पात्रों में जवारों को सिंचित कर उनकी पूजा की जाती है।

# जीवन के लिए संकट बने आवारा श्वान

## शीर्ष अदालत की सख्त हिदायत के बाद सख्त एक्शन की उम्मीद

दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली/ एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि 'एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनएमडीसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है। पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि आठ हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें। अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। पीठ ने ये भी कहा कि 'एमसीडी/एनडीएमसी और दिल्ली एनसीआर के संबंधित प्राधिकरण दैनिक आधार पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का रिकॉर्ड रखें और पकड़े जाने के बाद एक भी आवारा कुत्ता वापस छोड़ा नहीं जाना चाहिए और सभी को आश्रय स्थल में रखा जाए।' पीठ ने कहा कि अगर इस मामले में लापरवाही की गई तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे। अदालत ने कहा आवारा कुत्तों के बारे में शिकायत मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई होनी चाहिए और कुत्तों की नसबंदी के बाद उन्हें वापस पुरानी जगह न छोड़ा जाए। देश की शीर्ष अदालत के तल्ख तेवरों को देखते हुए अब यह मानकर चला जा सकता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र अगर आवारा श्वानों से मुक्त होने जा रहा है, तो जहां इस फैसले के सुखद परिणाम हो सकते हैं, वहीं संवेदना का प्रश्न भी गंभीर रूप से खड़ा हो सकता है। इंसानों पर पूरी तरह से निर्भर इन बेजुबानों से संबंधित यह फैसला आसान नहीं है, जो सर्वोच्च न्यायालय ने लिया है। न्यायालय के सख्त फैसले के मुताबिक, आठ सप्ताह के अंदर ही दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तमाम गलियों से आवारा या लावारिस श्वानों को उठाकर तय आश्रय स्थलों में पहुंचा दिया जाएगा। न्यायालय ने श्वानों से लगाव रखने वालों को भी सख्त संदेश देते हुए चेतावनी दी है कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने में बाधा डालता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाइ की जाएगी। ऐसा अक्सर देखा गया है कि कई लोग लावारिस श्वानों को बचाने में लग जाते हैं। ऐसे श्वानों को वह घर नहीं ले जाते, गली की शोभा बनाए रखना चाहते हैं। समझने की जरूरत है कि गलियां पहले जैसी नहीं रहीं। वहां श्वानों के लिए हालात मुश्किल होते जा रहे हैं। चूंकि उन्हें पूरा प्यार नहीं मिलता, तो वे आक्रामक हुए जा रहे हैं। ऐसे में, अगर हम गलियों में श्वानों की आबादी बढ़ाएंगे, तो बच्चों-बुजुर्गों को खतरे में डालेंगे। ध्यान देने की बात है कि इस मामले का संज्ञान स्वयं सर्वोच्च न्यायालय ने एक रिपोर्ट देखकर लिया है। कुत्तों के काटने के मामले बहुत तेजी से बढ़े हैं। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने बीती 22 जुलाई को संसद में बताया था कि पिछले वर्ष देश में कुत्ते के काटने के कुल मामलों की संख्या 37,17,336 थी, जबकि संदेहास्पद मानव रेबीज से मौतें 54 थीं। दिल्ली की स्थानीय व्यवस्था देखने वाली एमसीडी के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक राष्ट्रीय राजधानी में रेबीज के कुल 49 मामले सामने आए हैं। रेबीज बेहद खतरनाक बीमारी है, इससे व्यक्ति तड़प-तड़प कर मरता है। ऐसे में, कुत्तों के खिलाफ गुस्सा भी तेजी से बढ़ रहा है। मिसाल के लिए, राजस्थान के झुंझुनूं से एक दिल दहला देने वाला वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक आम आदमी हाथ में बंदूक लिए सामने आने वाले हर श्वान को मार रहा है।



**आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या ने सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता पैदा कर दी है। इस बढ़ते खतरे को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कड़े निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम सहित आसपास के इलाकों के अधिकारियों को छह हफ्तों के भीतर 5000 आवारा कुत्तों को पकड़कर नियंत्रण में लेने का आदेश दिया है। साथ ही, आवारा कुत्तों के लिए पर्याप्त आश्रय स्थल बनाने का भी निर्देश दिया गया है। दिल्ली नगर निगम के ताजा आंकड़ों और सर्वेक्षणों के मुताबिक, दिल्ली में आवारा कुत्तों की संख्या लगभग 10 लाख के करीब पहुंच चुकी है। यह संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, जिससे लोगों के लिए खतरा भी बढ़ा है। खासतौर पर 2023 में केवल 4.7 लाख कुत्तों की नसबंदी ही हो सकी, जो इस समस्या का एक बड़ा कारण बनी है।**

खबरों के मुताबिक, किसी अपने की रेबीज से मौत की वजह से विचलित यह व्यक्ति अब तक 25 आवारा श्वानों को मार चुका है। ऐसे निर्मम कदम उठाने की जरूरत कहीं नहीं पड़नी चाहिए। स्थानीय निकायों को पूरी तैयारी व ईमानदारी से समाधान करना चाहिए। यह सच है कि देश में अनेक स्थानीय निकाय आवारा श्वानों की आबादी पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। नियम के तहत न उनका बधियाकरण हो रहा है और न उन्हें रेबीज-रोधी टीके लग रहे हैं। ऐसे में यह अफसोस की बात है कि स्थानीय निकायों की लापरवाही की कीमत आवारा कुत्तों को चुकानी पड़ रही है। उन्हें बेरहमी से पकड़ा जाएगा और न जाने कैसे आश्रय स्थलों में पहुंचा दिया जाएगा। उम्मीद करनी चाहिए कि उनके आश्रय स्थल साफ-सुथरे और आरामदेह हों, उन्हें भरपेट भोजन मिले। समझना होगा कि अब बड़े शहरों की गलियों में श्वानों की जरूरत नहीं है। श्वानों से प्रेम करने वालों को आगे आना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा श्वानों को गोद लिया जाए और जहां तक संभव हो, उन्हें कोई मालिक मिल जाए। ध्यान रहे कि इसी साल जनवरी से जून तक केवल राजधानी भर में जानवरों के काटने की 35,198 घटनाएं दर्ज की गई हैं। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने फैसला सुनाते हुए उचित ही कहा है कि आइए, वास्तविकता पर गौर करें। यहां पर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या ने सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता पैदा कर दी है। इस बढ़ते खतरे को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कड़े निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम सहित आसपास के इलाकों के अधिकारियों को छह हफ्तों के भीतर 5000 आवारा कुत्तों को पकड़कर नियंत्रण में लेने का आदेश दिया है। साथ ही, आवारा कुत्तों के लिए पर्याप्त आश्रय स्थल बनाने का भी निर्देश दिया गया है। दिल्ली नगर निगम के ताजा आंकड़ों और सर्वेक्षणों के मुताबिक, दिल्ली में आवारा कुत्तों की संख्या लगभग 10 लाख के करीब पहुंच चुकी है। यह संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, जिससे लोगों के लिए खतरा भी बढ़ा है। खासतौर पर 2023 में केवल 4.7 लाख कुत्तों की नसबंदी ही हो सकी, जो इस समस्या का एक बड़ा कारण बनी है।

# पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष की धमकी और भारतीय सेनाध्यक्ष के बयान ने दुनिया को दिए बड़े संदेश

**नीरज कुमार दुबे**

**दक्षिण** एशिया में सामरिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। एक ओर पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर के ताजा बयान ने भारत के पूर्वी मोर्चे पर संभावित खतरे का संकेत दिया है तो दूसरी ओर भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आने वाले युद्ध को केवल सैनिकों का नहीं, बल्कि पूरे देश का युद्ध बताया है। दोनों बयान यह स्पष्ट कर रहे हैं अगला टकराव पारंपरिक सीमाओं से परे होगा, यह सैन्य शक्ति, तकनीक, सूचना युद्ध और जन-भागीदारी का सम्मिलित परीक्षण होगा।

हम आपको बता दें कि असीम मुनीर ने अपने साक्षात्कार और अमेरिकी धरती पर दिए बयानों में साफ कहा– 'हम पूर्व से शुरू करेंगे।' यह बयान भारत-बांग्लादेश गलियारे की ओर इशारा करता है, जहां हालिया राजनीतिक बदलावों के बाद ढाका का रुख पाकिस्तान के प्रति कुछ नरम दिख रहा है। यहां पुराने इस्लामी नेटवर्क और आतंकी चैनलों के फिर से सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा, मुनीर ने न केवल पूर्वी मोर्चे पर रणनीतिक वार की बात की, बल्कि जल युद्ध की धमकी देते हुए कहा, 'भारत बांध बनाए और हम उसे दस मिसाइलों से उड़ा देंगे।' साथ ही, परमाणु हमले की अप्रत्यक्ष चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पाकिस्तान पर अस्तित्व का संकट आया, तो 'हम आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे।'

मुनीर के ये बयान उस समय आए हैं जब पाकिस्तान-अमेरिका रिश्तों में सुधार देखने को मिला है। अमेरिकी सेंटकॉम के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात और पाकिस्तान को फिर से अमेरिकी रणनीतिक मानचित्र में लाने का दावा, मुनीर के आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है। महीने भर में दो बार अमेरिका की यात्रा करने के बाद मुनीर जिस तरह परमाणु धमकियां दे रहे हैं और भारत के साथ आधी दुनिया को लेकर डूबने की बात कह रहे हैं उससे अमेरिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

देखा जाए तो पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर का अमेरिका की धरती से भारत को सीधी परमाणु धमकी देना केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी गंभीर संकेत है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को भारत-पाकिस्तान के बीच 'शांति दूत' के रूप में प्रस्तुत कर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नैतिक आधार तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। मुनीर ने न केवल 'यदि हमारे अस्तित्व पर खतरा हुआ तो हम आधी दुनिया को ले डूबेंगे' जैसी उत्तेजक भाषा का प्रयोग किया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी जिम्मेदार परमाणु शक्ति की तरह व्यवहार करने को तैयार नहीं है। ऐसे में ट्रंप के 'शांति दूत' होने का दावा हास्यास्पद प्रतीत होता है, क्योंकि उनके देश में खड़े होकर ही पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य नेता ने परमाणु युद्ध की धमकी दी।

यह स्थिति अमेरिका की कूटनीतिक साख पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। सवाल उठता है कि क्या वाशिंगटन अपने मेहमानों के कट्टर और आक्रामक भाषणों को महज 'राजनीतिक बयानबाजी' मानकर अनदेखा करता रहेगा? और क्या दुनिया ऐसे 'शांति प्रयासों' को गंभीरता से लेगी,




जिनके बीच ही परमाणु युद्ध की आशंका का सार्वजनिक प्रसारण हो रहा हो? मुनीर का यह बयान एक बार फिर याद दिलाता है कि पाकिस्तान की नीति में परमाणु हथियार सिर्फ रक्षा का साधन नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामरिक दबाव का हथियार हैं– और यही वैश्विक स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इसके अलावा, असीम मुनीर का अमेरिका में खड़े होकर भारत को परमाणु धमकी देना केवल सैन्य या कूटनीतिक बयान नहीं, बल्कि इसके पीछे एक गहरी आर्थिक मंशा भी झलकती है।

पाकिस्तान की यह पुरानी रणनीति रही है कि जब भी उसकी आर्थिक हालत चरमरा जाती है, वह भारत के साथ तनाव बढ़ाकर और परमाणु युद्ध की आशंका पैदा करके वैश्विक वित्तीय संस्थाओं और दाता देशों पर दबाव बनाता है। इस बार भी यही पैटर्न दिखाई देता है– अंतरराष्ट्रीय मंच पर परमाणु धमकी देकर पाकिस्तान ने अप्रत्यक्ष रूप से विश्व बैंक, आईएमएफ और अन्य वित्तीय एजेंसियों को यह संदेश दिया कि अगर उसके भुगतान रोके गए तो दक्षिण एशिया में अस्थिरता बढ़ सकती है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। यह 'न्यूक्लियर ब्लैकमेल' की रणनीति पाकिस्तान दशकों से अपनाता आ रहा है और कई बार उसे आपातकालीन वित्तीय पैकेज भी इसी दबाव के चलते मिल चुके हैं।

समस्या यह है कि वैश्विक संस्थाएं पाकिस्तान की इस रणनीति को भली-भांति जानती हैं, फिर भी क्षेत्रीय अस्थिरता के डर से उसके आगे झुक जाती हैं। यह प्रवृत्ति न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून और जिम्मेदार परमाणु आचरण के खिलाफ है, बल्कि इससे पाकिस्तान को यह गलत संदेश भी जाता है कि वह धमकी की राजनीति से आर्थिक लाभ उठाता रह सकता है। वास्तव में, यदि दुनिया सचमुच दक्षिण एशिया में स्थिरता चाहती है तो उसे इस तरह की परमाणु धमकियों को पुरस्कृत करने की बजाए इन पर कड़े आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंध लगाने की नीति अपनानी होगी।

दूसरी ओर, भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आईटी मद्रास में स्पष्ट शब्दों में कहा– 'अगला युद्ध निकट हो सकता है और हमें इसकी तैयारी अभी करनी होगी।' उन्होंने 'वूल ऑफ नेशन' दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि इस बार लड़ाई सिर्फ सीमाओं पर तैनात सैनिक नहीं लड़ेंगे; नागरिक तैयारी, तकनीकी श्रेष्ठता और सूचना प्रबंधन उतने ही निर्णायक होंगे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण दिया, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में सटीक हमले किए गए। इस अभियान में तकनीक, सामरिक संदेश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नैरेटिव सेट करने का संयोजन किया गया। पाकिस्तान के भीतर जहां इसे जीत के रूप में पेश किया गया, वहीं भारत ने 'जस्टिस डन' संदेश के साथ वैश्विक स्तर पर समर्थन हासिल किया। इस संदेश को महिला अधिकारियों की प्रेस ब्रीफिंग और विशेष ऑपरेशन लोगो जैसे प्रतीकों से और मजबूत किया गया। देखा जाए तो यह साफ है कि पाकिस्तान की धमकियों में केवल सैन्य टकराव का इशारा नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक और सूचना युद्ध का भी संकेत है। मुनीर का 'पूर्व से शुरू' करने का दावा भारत की बहु-मोर्चीय सुरक्षा चुनौतियों को रेखांकित करता है, जहां चीन-पाकिस्तान की सामरिक साझेदारी, बांग्लादेश की राजनीतिक दिशा और आतंकी नेटवर्क एक साथ सक्रिय हो सकते हैं। वहीं, भारत की 'पूरे राष्ट्र' वाली रक्षा अवधारणा, केवल पारंपरिक हथियारों पर निर्भर रहने की बजाए, तकनीक, नागरिक सुरक्षा ढांचे और सामूहिक संकल्प को भी युद्ध के निर्णायक तत्व मान रही है।

बहरहाल, मुनीर के बयानों और जनरल द्विवेदी की चेतावनी में एक साझा संदेश छिपा है– अगला संघर्ष बहु-आयामी होगा। यह पूर्वी और पश्चिमी मोर्चों से लेकर सूचना और साइबर स्पेस तक फैला होगा। भारत के लिए यह समय केवल सैन्य तैयारी का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकजुटता, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को एक साथ साधने का है। क्योंकि इस बार, खतरा न सीमा जानता है, न पारंपरिक युद्ध के नियम।

# मुनीर की परमाणु धमकी का ज्यादा असर नहीं

**अरुणिम भुयान**

**पाकिस्तानी** सेना प्रमुख आसिम मुनीर की परमाणु धमकी को भारत ने खारिज कर दिया। इससे क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति के बीच उसका खोखलापन उजागर हुआ। वॉशिंगटन में एक डिनर टेबल से लेकर नई दिल्ली के कूटनीतिक गलियारों तक, पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की भारत के खिलाफ परमाणु धमकी दूर तक पहुंच गई है। लेकिन इसका असर ज्यादा नहीं दिख रहा।

10 अगस्त को अमेरिकी धरती पर जारी की गई इस मुनीर की धमकी का सोमवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने तीखे शब्दों में खंडन किया। साथ ही इसे पाकिस्तान का 'साधारण' और उसके 'गैर-जिम्मेदार' परमाणु रुख का संकेत बताया।

गौर करें तो यूक्रेन संघर्ष पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अमेरिका के अलास्का में होने वाली अहम बैठक से कुछ दिन पहले, मुनीर के ये शब्द विश्वसनीय प्रतिरोधक कम और इस्लामाबाद की घिसी-पिटी रणनीति ज्यादा लगते हैं। यूएस के फ्लोरिडा के टैम्पा में एक निजी रात्रिभोज के दौरान, मुनीर ने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान को अस्तित्व का खतरा हुआ, तो वह परमाणु हथियारों से जवाब देगा। मुनीर ने कहा, 'अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे।'

22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोग मारे गए थे। इसके जवाब में, भारत ने 7-8 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से जुड़े आतंकी ढांचों पर सटीक मिसाइल हमले किए गए। भारत के हमले सावधानीपूर्वक आतंकवादी शिविरों और ढांचों तक सीमित रहे। ये हमला नागरिक या सैन्य क्षेत्रों तक नहीं हुआ। इससे संयम और रणनीतिक स्पष्टता का प्रदर्शन हुआ। हालांकि, पाकिस्तान ने सैन्य जवाबी कार्रवाई शुरू कर की। भारत के वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को पुष्टि की कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, भारतीय वायु सेना ने 5 पाकिस्तानी लड़ाकू विमान और एक बड़े सैन्य विमान को मार गिराया था। इससे भारत की परिचालन श्रेष्ठता और प्रभावी निष्पादन की क्षमता दुनिया के सामने उजागर हुई।

रविवार को अमेरिकी धरती से मुनीर की धमकी के बाद भारत ने सोमवार को इसे परमाणु धमकी के अलावा कुछ नहीं बताया, जो पाकिस्तान की पुरानी आदत है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ऐसी टिप्पणियों में निहित गैर जिम्मेदारी पर अपने निष्कर्ष निकाल सकता है, जो ऐसे देश में परमाणु कमान और नियंत्रण की अखंडता पर गहरी शंकाओं को और पुष्ट करती है। जहां सेना आतंकवादी समूहों के साथ मिली हुई है।' उन्होंने आगे कहा, 'यह भी खेदजनक है कि ये टिप्पणियां किसी मित्र देश की धरती से की गई हैं। भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाते रहेंगे।'



पाकिस्तान का खतरा भारत की प्रदर्शित क्षमता की वास्तविकता से मेल नहीं खाता। ऑपरेशन सिंदूर ने दृढ़ नागरिक नियंत्रण में भारत की बढ़ती आक्रामकता और तेजी से, सटीक और संयम से हमला करने की उसकी क्षमता को प्रदर्शित किया। इसके विपरीत, पाकिस्तान अस्पष्ट 'अस्तित्ववादी' परमाणु खतरों में तात्कालिकता, तर्कसंगतता या विश्वसनीय समर्थन का खासा अभाव दिखा। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पहलगाम आतंकवादी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया को उसकी सटीकता, संयम और उद्देश्य की स्पष्टता के लिए वैश्विक मान्यता मिली, न कि किसी आवेगपूर्ण सैन्य उकसावे के लिए। इससे भारत की नैतिक स्थिति और रणनीतिक विश्वसनीयता मजबूत होती है, जबकि मुनीर की धमकियों से पाकिस्तान के और अलग-थलग पड़ने का खतरा है।

किंग्स कॉलेज लंदन के किंग्स इंडिया इंस्टीट्यूट में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन थिंक टैंक में उपाध्यक्ष (अध्ययन एवं विदेश नीति) हर्ष वी. पंत के मुताबिक, भारत ने ऐसी रिपोर्टों को गंभीरता से लेना बंद कर दिया है। पंत ने कहा, 'पाकिस्तान के ये बयान अमेरिका पर लक्षित हैं। दक्षिण एशिया में किसी भी परमाणु संकट के लिए अमेरिकी हस्तक्षेप की आवश्यकता होगी। भारत का रुख यह है कि पाकिस्तान द्वारा किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को चुनौती दी जानी चाहिए और उसका खंडन किया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, मुनीर को जगह दे रहे हैं और इसलिए वह और भी ज्यादा सक्रिय हो रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मुनीर की यह दूसरी अमेरिका यात्रा है। पंत ने कहा, 'पाकिस्तानी सेना सोचती है कि उनके पास परमाणु बम का मुद्दा उठाने का मौका है। मुनीर की धमकी सिर्फ अमेरिकी दर्शकों के लिए है। पाकिस्तान के पास अमेरिका को देने के लिए कुछ नहीं है। वे सिर्फ ध्यान आकर्षित करने के लिए ऐसा कर रहे हैं।' हालांकि, उदयपुर स्थित यूसनस फाउंडेशन थिंक टैंक के संस्थापक, निदेशक और सीईओ अभिनव पंड्या का दृष्टिकोण कुछ अलग है। पंड्या ने कहा, 'पिछले 10-20 सालों से पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवादी हमले करने के लिए परमाणु ब्लैकमेल का इस्तेमाल करता रहा है। हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि पाकिस्तान ने सामरिक परमाणु हथियार बनाए हैं, जिन्हें वह पैदल सेना के कमांडरों को मुहैया कराएगा।' उन्होंने कहा कि इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि पाकिस्तान भारत के लिए परमाणु खतरा है और पाकिस्तान भारत के प्रति अपनी नफरत के कारण ही अस्तित्व में है।

पंड्या ने कहा कि चूंकि पाकिस्तान अमेरिका के चंगुल में है, इसलिए इस्लामाबाद भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला करने के लिए और ज्यादा उत्साहित होगा। पंड्या के विचारों से कुछ हद तक सहमति जताते हुए उन्होंने कहा, 'यह अमेरिका के लिए एक बड़ी परीक्षा की जमीन होगी। पाकिस्तान देखना चाहेगा कि अमेरिका उनका पूरा समर्थन कर रहा है या नहीं।' हालांकि, सच्चाई यह है कि मुनीर द्वारा अमेरिकी धरती से दी गई धमकी कई ठोस कारणों से खोखली लगती है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पहले ही तेज, सटीक और राजनीतिक रूप से स्वीकृत सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया। ये बिना किसी तनाव या नागरिक क्षति के प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की गई। वहीं इस पाकिस्तानी खतरे में रणनीतिक गहराई का अभाव था।

इस्लामाबाद की इस धमकी में नीतिगत बदलाव, स्थाई हथियार रुख या निवारक परिवर्तन के बिना एक एक शोर मात्र था। विदेशों में इस तरह की परमाणु बयानबाजी भारत को डराने से ज्यादा पाकिस्तान की वैश्विक स्थिति को कमजोर करती है। मजबूत राजनीतिक नियंत्रण में भारत की सैन्य प्रतिक्रिया सामान्य युद्धकालीन बहादुरी से कहीं ज्यादा जोरदार है, खासकर तब जब परमाणु हमला रोकना बहुत मुश्किल हो।

## राशिफल

**आज दिनांक 13 अगस्त, 2025, बुधवार, विक्रम संवत् 2082, भाद्रपद माह कृष्ण पक्ष चतुर्थी, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, बालव करण, धृति योग, राहुकाल: दोपहर 12:31 से 2.08 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:06 बजे, सूर्यास्त सायं 6:57 बजे, चंद्रोदय रात 9:42 बजे, चंद्रास्त सुबह 10:45 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:06 बजे से 12:57 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:30 से 5:18 बजे तक, चंद्रमा मीन राशि में संचार करेगा।**

**मेष** — मित्र सहायक साबित होंगें और आपकी प्रसन्नता का कारण बनेंगे। आप किसी नए शौक में दिलचस्पी लेंगे। कोई बुजुर्ग व्यक्ति आपको अच्छी सलाह देंगे जो बहुत उपयोगी साबित होगी। आप अपने परिवार के सदस्यों को खुश करने के लिए, घरेलु सुख सुविधा की वस्तुएं खरीद सकते हैं। मित्र सहायक साबित होंगें।

**वृषभ** — अपने करीबी लोगों की भावनाओं को समझने की कोशिश करें। अपने साथी का समर्थन और स्नेह आपको मिलेगा लेकिन आप किसी बात को लेकर परेशान रह सकते हैं। आज, परिवार का कोई सदस्य या कोई करीबी दोस्त आपका अनुचित लाभ उठा सकते हैं।

**मिथुन** — आप का आगे का दिन मनभावन रहेगा जब आपको अपने किसी दोस्त या सहयोगी द्वारा कोई अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। आज आपकी मुलाकात किसी विशेष व्यक्ति से हो सकती है। आप ऐसी नई भावनाओं को समझ लेंगे जिससे आपके जीवन में नवीन उत्साह का आगमन होगा। आपका आगे का दिन मनभावन रहेगा।

**कर्क** — मित्रों और सहयोगियों के साथ मतभेद हो सकता है। बेहतर होगा कि आप किसी को भी चाहे वह कितनी ही करीबी क्यों न हो ऋण न दें और न ही किसी के लिए भी जमानत पर हस्ताक्षर करें। विवाहित जीवन में व्यावहारिक विवाद बना रहेगा।

**सिंह** — इस बात की प्रबल संभावना है कि आप के आसपास के लोग आपके रिश्ते में मतभेद पैदा करने की कोशिश करेंगे। कदाचित आप अपने साथी में ही नुक्स निकालने लगेंगे। सावधान रहें; इससे आपके रिश्तों में दरार पड़ सकती है। आज सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

**कन्या** — कुछ चिरस्थाई प्यार के क्षणों के कारण आपका वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। नए रिश्ते सुखद होंगे। आप परिवारवालों के साथ बाहर घूमने की योजना बना सकते हैं। आप अपनी वाणी द्वारा हर किसी को मोह लेंगे। आपको पेट से संबंधित समस्याएं हो सकती है। ध्यान और चिंतन करें।

**तुला** — आज का दिन अपने रिश्ते को एक नए स्तर पर ले जाने के लिए अत्योत्तम है। अपने साथी के साथ अपनी भावनाओं को साझा करने के लिए यह एक अच्छा दिन है। आपकी सामाजिक स्थिति में भी सुधार आएगा और आप का सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — आप परिवार के सदस्यों की संगत में मनोरम क्षणों का आनंद उठाएंगे। अपने प्रिय के सामने प्रस्ताव रखने के लिए सही समय है। आप किसी पार्टी या किसी अन्य आनंद समारोह में सम्मिलत होंगे। आप में से कुछ लोग आराम और विलासिता की वस्तुओं पर पैसे खर्च करेंगे।

**धनु** — आपके अपने साथी के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रहेंगे। आपके निजी संबंधों में संतोष, भावनात्मक सुख और सौहार्द प्रबल रहेगा। आपके अपने साथी के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रहेंगे। आपके स्वास्थ्य के बारे में कुछ अनिश्चितता रहेगी।

**मकर** — अपने रिश्तों में अधिकतम सद्भावना बनाए रखने की कोशिश करें। आज आप अपने परिवार के साथ अपना समय व्यतीत करेंगे। अपने जीवन साथी को रात्रिभोज के लिए 'कैंडल लाइट डिनर' पर बाहर ले जाकर उन्हें खास होने का अहसास कराएं।

**कुंभ** — परिवार के सदस्यों के साथ विवाद पैदा हो सकता है और व्यक्तिगत संबंध खराब हो सकते हैं। जो बातें आपने की ही नहीं, उनके लिए आपको दोषी ठहराया जा सकता है। आप तुच्छ मुद्दों पर भी संवेदनशील हो सकते हैं।

**मीन** — आज आपको किसी गहरे विषय में रुचि बढ़ेगी। रिसर्च या रणनीति वाले कामों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से निवेश फायदेमंद रहेगा। समस्याओं की उपेक्षा करने से वे गायब नहीं हो जाएंगी। दृढ़ विश्वास के साथ उनका सामना करना बेहतर होगा। आप अपने प्रियतम की संगत का आनंद उठा पाएंगे।

# पर्यावरण संरक्षण समाज का अभिन्न अंग

**प्रवीण शर्मा**



**पर्यावरण** संरक्षण सदियों से दुनिया में प्रमुख चुनौतियों में से एक रहा है और हमेशा मनुष्यों के लिए महत्वपूर्ण रहा है। हाल ही में, इसने पर्यावरण नीति में एक नाटकीय बदलाव देखा है, मुख्य रूप से कानून के उपयोग के माध्यम से। पर्यावरण की रक्षा के लिए कानून का उपयोग करने का एक तरीका प्रदूषण पर सरकारी नियम बनाना और पर्यावरण क्षरण को रोकना है।

पर्यावरण संरक्षण से वायु, जल और भूमि प्रदूषण कम होता है। जैव विविधता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण संरक्षण का बहुत महत्व है। सभी के सतत् विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण महत्वपूर्ण है। हमारे ग्रह को ग्लोबल वार्मिंग जैसे हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण भी महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण आज के समाज का एक अभिन्न अंग है, लेकिन बहुत से लोगों को इस बारे में बुनियादी जानकारी भी नहीं है कि वे पर्यावरण की रक्षा के लिए क्या कर सकते हैं। पर्यावरण का विनाश और प्राकृतिक संसाधनों की कमी महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जो हमेशा मौजूद रहते हैं। इन



समस्याओं के खिलाफ लड़ाई में भाग लेने के लिए विचारों की एक सूची होगी।

पर्यावरण संरक्षण पर यह पर्यावरण संरक्षण के अर्थ और महत्व का वर्णन करता है और पर्यावरण को संरक्षित करने का सही तरीका भी सिखाता है। पर्यावरण संरक्षण प्रकृति को विभिन्न मानवीय गतिविधियों से बचाने का अभ्यास है जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसकी गुणवत्ता को खराब, नष्ट या कम कर देते हैं। पर्यावरण संरक्षण हाल के दशकों में एक व्यापक मुद्दा बन गया है क्योंकि पर्यावरण पर मानवीय दबाव तेजी से बढ़ गया है।

पर्यावरण की रक्षा करने के कई तरीके हैं। पर्यावरण की रक्षा करने का एक तरीका है रीसाइकिलिंग- कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने का एक तरीका। यह लैंडफिल में जाने वाले कचरे की मात्रा को भी कम करता है, जिससे जल निकायों में प्रदूषण कम होता है। दूसरा तरीका है अपने जीवन में पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का उपयोग करना। यह हवा, जमीन और पानी में हानिकारक रसायनों और विषाक्त पदार्थों की संख्या को कम करके एक स्वस्थ पर्यावरण में योगदान दे सकता है।

पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें इस बात के प्रति सचेत रहना चाहिए कि हम क्या खाते हैं और कैसे खाते हैं। हमारी हवा, पानी और जमीन की गुणवत्ता को कई कारक प्रभावित करते हैं, लेकिन पर्यावरण पर इसके प्रभाव को हमेशा ध्यान में रखते हुए छोटी शुरुआत करना सबसे अच्छा है।

वनरोपण और पौधारोपण ग्लोबल वार्मिंग, मृदा अपरदन आदि को कम करके हमारे पर्यावरण की रक्षा करने में मदद करते हैं। हम ड्राइविंग के बजाए कारपूलिंग के माध्यम से अपने कार्बन पदचिह्न को कम कर सकते हैं, जो सस्ता है और हमारे ऊर्जा उपयोग और उत्सर्जन को कम करता है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# नलों में नहीं पानी, महिलाओं का जलदाय कार्यालय में हंगामा

महानगर संवाददाता



**मनोहरपुर।** बिशनगढ़ तिराहा, होद की पाल खेल मैदान के पास वाली गली और शांति नगर की ओर जाने वाले रास्ते में कई दिनों से नलों में पर्याप्त पानी नहीं आने से आक्रोशित महिलाओं ने मंगलवार को जलदाय विभाग कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने जेईएन को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। यह जानकारी मेहराज भिश्ती ने दी।

# मोनिका कुमावत को पीएचडी की उपाधि




महानगर संवाददाता

**सीकर।** गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा के छठे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के सान्निध्य में डॉ. मोनिका कुमावत पुत्री हरिप्रसाद कुमावत निवासी विकास कॉलोनी, पिपराली रोड, सीकर को (सामाजिक विज्ञान संकाय) शोध प्रबंध का विषय-'नगरीकरण और विकासः जयपुर शहर का एक समग्र अध्ययन' था, में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

# मऊ में रोड से डूंगरी वाले बालाजी तक निकाला नया रास्ता

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** मऊ मुख्य सड़क से डूंगरी वाले बालाजी तक 1 किलोमीटर तक का रास्ता निकाला गया। जनहित के लिए समाजसेवी महावीरसिंह शेखावत मऊ ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह रास्ता निकलवाया है। यह नया रास्ता मैन रोड से डूंगरी बालाजी तक निकलने से डूंगरी बालाजी महाराज मंदिर तक दर्शनार्थ श्रद्धालु गाड़ी से ऊपर मन्दिर तक आ-जा सकेंगे व मेहंदीपुर बालाजी महाराज व आधयावाली ढाणी आने-जाने के लिए सीधा रास्ता खुल जाएगा। पहाड़ी के आस-पास बसे हुए घर हैं, वो लाभांवित होंगे। रास्ता निकलने से ग्रामीणों ने शेखावत व सरपंच सुनिता देवी वर्मा का आभार व्यक्त किया।

राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन टी20 प्रतियोगिता

# दूसरे दिन तनूजा वैष्णव, काव्या, चंद्रा ने लगाए शतक


तनूजा वैष्णव


काव्या


चन्द्रा

## शानू, धर्मिष्ठा ने लिए 5-5 विकेट

**जयपुर (महानगर संवाददाता)।** आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डीडी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर महिला टीम के संभावितों के चयन के लिए आरसीए के तत्वावधान में जयपुर व उदयपुर जिला केंद्र पर खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर महिला टी20 प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए मैचों का परिणाम इस प्रकार रहा...

## दूसरे दिन खेले गए मैच

### आरसीए अकादमी

**पहला मैचः उदयपुर-जैसलमेर** (उदयपुर 10 विकेट से जीती)
जैसलमेर पारीः 31 पर ऑल आउट, उदयपुर पारी 32/0

**दूसरा मैचः बाड़मेर-करौली** (बाड़मेर 6 विकेट से जीती)
करौली पारीः 110 /7, बाड़मेर पारीः 111/4

### जयपुरिया ग्राउंड

**अजमेर-झुंझुनूं** (अजमेर 50 रन से जीती)
अजमेर पारीः 170/0, झुंझुनूं पारीः 120/8

**बीकानेर-सवाईमाधोपुर** (बीकनेर 116 रन से जीती)
बीकानेर पारीः 211/1, सवाईमाधोपुर पारीः 95/6

### नारायणा ग्राउंड

**पाली-टोंक** (टोंक 9 विकेट से जीती)
पाली पारीः 69 रन पर ऑल आउट, टोंक पारीः 70/1

**धौलपुर-चूरू** (धौलपुर 8 रन से जीती)
धौलपुर पारीः 95/2, चूरू पारीः 87 ऑल आउट

### संस्कार ग्राउंड

**जयपुर-भरतपुर** (जयपुर 89 रनों से जीती)
जयपुर पारीः 174/4, भरतपुर पारीः 85/5

**श्रीगंगानगर-डूंगरपुर** (श्रीगंगानगर 24 रन से जीती)
श्रीगंगानगर पारीः 73 रन पर ऑल आउट, डुंगरपुर पारीः 49 रन पर ऑल आउट

### अनंतम ग्राउंड

**सीकर-बारां** (सीकर 183 रनों से जीती)
सीकर पारीः 225/3, बारां पारीः 42 रन पर ऑल आउट

**नागौर-सिरोही** (नागौर 119 रन से जीती)
नागौर पारीः 169/4, सिरोही पारीः 50 रन पर ऑल आउट

### सोनी स्टेडियम

**चित्तौड़गढ़-अलवर** (चित्तौड़गढ़ 7 विकेट से जीती)
अलवर पारीः 62/5, चित्तौड़गढ़ पारीः 63/3

**भीलवाड़ा-बांसवाड़ा** (भीलवाड़ा 182 रन से जीती)
भीलवाड़ा पारीः 191/5, बांसवाड़ा पारीः 9 रन ऑल आउट

### एआर ग्राउंड

**झुंझुनूं-जालोर** ( झुंझुनूं 75 रन से जीती)
झुंझुनूं पारीः 138/5, जालोर पारीः 63 रन पर ऑल आउट

**कोटा-दौसा** (दौसा 4 विकेट से जीती)
कोटा पारीः 131/2, दौसा पारीः 142/6

### शिकार बाड़ी ग्राउंड उदयपुर

**जोधपुर-बूंदी** (जोधपुर 120 रन से जीती)
जोधपुर पारीः 156/3, बूंदी पारीः 35 रन पर ऑल आउट

**राजसमंद-प्रतापगढ़** (राजसमंद 158 रन से जीती)
राजसमंद पारीः 209/1, प्रतापगढ़ पारीः 51 रन पर ऑल आउट

# 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत होंगे कई कार्यक्रम

## जिला कलेक्टर की जिलेवासियों से अभियान से जुड़ने की अपील

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** जिला कलेक्टर काना राम के निर्देशन में जनभागीदारी से देशभक्ति और स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत 2 से 15 अगस्त तक जिले में 'हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग' थीम पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत और गांव-ढाणी स्तर पर तिरंगा यात्रा, एलईडी लाइटिंग, प्रमुख बाजारों व स्मारकों की सजावट, देशभक्ति गीत प्रसारण और तिरंगा केनवास जैसे कार्यक्रम होंगे। तिरंगा यात्रा में स्थानीय नागरिक, विद्यार्थी, कलाकार और संगीतकार शामिल होंगे, जबकि तिरंगा केनवास पर आमजन हस्ताक्षर कर देशप्रेम व्यक्त करेंगे।

14 अगस्त को नगर परिषद, नगर पालिका और पंचायत समितियों में तिरंगे के महत्व पर आधारित प्रदर्शनियां और मेले लगाए जाएंगे, जिनमें बुनकरों द्वारा हाथ से तिरंगा कपड़ा बनाने की कला, राजस्थान की सांस्कृतिक झलक और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी होगी। शाम को जिला स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों, सैनिकों, सुरक्षा बलों के सेवानिवृत्त कार्मिकों और शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। 15 अगस्त को ध्वजारोहण के साथ 'तिरंगा शपथ' दिलाई जाएगी। जिला कलेक्टर काना राम ने अधिकारियों और नागरिकों से अपील की गई है कि https://harghartiranga.com/become-volunteer पर पंजीकरण कर तिरंगा वॉलंटियर बनकर तिरंगा यात्रा, रैली, ध्वज वितरण और जागरूकता गतिविधियों में भाग लें।

## पशुपालन विभाग ने निकाली पदयात्रा रैली



**सवाई माधोपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत पशुपालन विभाग द्वारा मंगलवार को पदयात्रा रैली निकाली गई। रैली में विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लेकर आलनपुर सर्किल क्षेत्र में देशभक्ति का संदेश प्रसारित किया।

रैली की शुरुआत राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय से हुई, जिसका शुभारंभ जिला विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव गर्ग ने किया। तिरंगा थामे अधिकारियों और कर्मचारियों ने 'हर घर तिरंगा, भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय जवान जय किसान' जैसे जोशीले नारों से पूरे मार्ग को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

इस अवसर पर डॉ. विशाल अरोड़ा, डॉ. टी.सी. जैन, डॉ. ज्योति गुप्ता, रोहित कुमार गुप्ता, नीरज मीना, जगमोहन महावर, राधारमण उपाध्याय, ज्योति सोनी, शैफाली जैन, अवधेश चौधरी सहित अन्य कार्मिकों ने सहयोग प्रदान किया।

## मनोहरपुर में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली



**मनोहरपुर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पालिका की ओर से मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। ईओ ने पालिका परिसर से हरी झंडी दिखाकर यात्रा रवाना की, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए देशभक्ति के नारों के साथ संपन्न हुई।

## गड़ीसर सरोवर की सफाई में जुटा जैसलमेर



**जैसलमेर।** स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत मंगलवार को जैसलमेर के ऐतिहासिक गड़ीसर सरोवर परिसर में स्वच्छता अभियान (श्रमदान कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, नगर परिषद एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं आमजन ने भागीदारी निभाई। स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ जनसामान्य में स्वच्छता एवं देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर प्रताप सिंह, सीईओ जिला परिषद रश्मि रानी, नगर परिषद आयुक्त लजपालसिंह सोढ़ा, सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क प्रवीण प्रकाश चौहान सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों ने श्रमदान कर गड़ीसर सरोवर परिसर की सफाई की।

# विकास अधिकारी ने किया कई ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण

## हरियालो राजस्थान अंतर्गत मृत मिले पौधे, ग्राम विकास अधिकारियों को नोटिस, सरपंचों से मांगा जवाब

महानगर संवाददाता



**रामगढ़ पचवारा।** पंचायत समिति विकास अधिकारी व कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार मीणा ने हरियालो राजस्थान अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कए गए पौधारोपण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान लक्ष्य से कहीं कम पौधे, तो कहीं पर उचित पर्यवेक्षण के अभाव में पौधे मृत पाए गए। कहीं प्लांटेशन की प्रगति शून्य देखी गई, तो कहीं उचित देखरेख का अभाव पाया गया।

विकास अधिकारी योगेश कुमार मीणा ने बताया कि ग्राम पंचायत सलेमपुरा, कोलीवाड़ा, डोंब, भांवता एवं पालूंदा में पौधरोपण के कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत सलेमपुरा में दो हजार पौधों के लक्ष्य के विरुद्ध पौधों की संख्या कम पाई गई। उचित पर्यवेक्षण के अभाव में पौधे मृत पाए गए। ग्राम पंचायत कोलीवाड़ा में हरियालो राजस्थान मियांवाकी प्लांटेशन की प्रगति शून्य देखी गई। ग्राम पंचायत डोब के निरीक्षण दौरान मियावाकी प्लांटेशन की उचित देखरेख नहीं पाई गई। ग्राम पंचायत भांवता के निरीक्षण दौरान बहुत कम पौधे पाए गए। ग्राम पंचायत पालूंदा के निरीक्षण दौरान आवंटित लक्ष्यानुसार पौधरोपण का कार्य नहीं देखा गया।

विकास अधिकारी ने बताया कि पौधरोपण के प्रति उपेक्षा व उदासीनता को देखते हुए ग्राम विकास अधिकारियों एवं कनिष्ठ सहायकों को राजकीय कार्य में लापरवाही बरतने और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता के कार्यों के उदासीनता को देखते हुए आरोप पत्र जारी किया गया। उन्होंने बताया कि संबंधित कनिष्ठ तकनीकी सहायक को संविदा नियम के तहत नोटिस जारी किया गया, वहीं सरपंचों से नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया।

## गणेश जन्मोत्सव को लेकर संघ की बैठक 15 को

**नवलगढ़ (मसं.)।** श्री गणेश पदयात्रा संघ द्वारा आयोजित होने वाली निशान कलश पदयात्रा एवं शोभायात्रा की तैयारियों की प्रथम बैठक पूर्व शिक्षा अधिकारी बंशीधर सैनी की अध्यक्षता में 15 अगस्त को शाम 5 बजे वीर बालाजी मंदिर नवलगढ़ में होगी। यात्रा संयोजक दिलीप राष्ट्रवादी दिलीप प्रजापति कमल शर्मा ने बताया कि इसमें सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय कर व्यवस्था शुरू की जाएगी।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर होंगे धार्मिक कार्यक्रम, गणेश निमंत्रण आज

**बस्सी (मसं.)।** उपखण्ड क्षेत्र में जन्माष्टमी पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जारी हैं। इसी कड़ी में बंशीधर मंदिर, गंगाधाम मोड़ स्थित गार्डन, गोपालजी मंदिर में जन्मोत्सव मनाया जाएगा। बंशीधर मंदिर से ठाकुरजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। बुधवार को 7.30 बजे गणेश निमंत्रण कार्यक्रम होगा। बंशीवारा परिवार के सदस्य गणेश जी को न्यौता देने पहुंचेंगे।

## खेड़ापति बालाजी की पदयात्रा रवाना



महानगर संवाददाता

**बस्सी।** कस्बे के गौर बाजार स्थित बंशीधर मंदिर से मंगलवार को खेड़ापति बालाजी महाराज की तृतीय पदयात्रा रवाना हुई। इससे पूर्व मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वज पूजा की गई। बाद में जयकारे के साथ मंगलगीत गाती महिलाएं कस्बा के प्रमुख मार्गों से गुजरी। पद यात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पद यात्रा बुधवार दोपहर विश्राम गुरु महाराज आश्रम उदयपुरिया, रात्रि विश्राम कादेड़ा, गुरुवार दोपहर विश्राम भांखरोटा स्कूल तथा माधोराजपुरा में रात्रि विश्राम होगा। शुक्रवार को निजधाम पहुंचेगी।

## नाहरसिंघानी मुक्तिधाम में किया पौधरोपण



**नवलगढ़ (मसं.)।** ग्राम नाहरसिंघानी में एक पेड़ मां के नाम अभियान को समर्पित कार्यक्रम के तहत मुक्तिधाम में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर डुमरा सरपंच बुधराम ने कहा कि प्रकृति के प्रति हम सभी को समर्पण भाव रखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिएं। कार्यक्रम में दिनेश महला, संजीव महला, पवन महला, कपिल महला एवं ग्रामवासी उपस्थिति रहे।

विधायक के हस्तक्षेप के बाद जागा सार्वजनिक निर्माण विभागः सड़क निर्माण कार्य शुरू

## खलकाई माता जाने वाले श्रद्धालुओं को नहीं होगी परेशानी



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड की राहुवास तहसील में डोबवाल गोत्र मीणा समाज की कुलदेवी खलकाई माता को जाने वाला सड़क मार्ग पिछले एक माह से बारिश से खराब पड़ा था, जिससे खलकाई माता के आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लगातार आ रही ग्रामीणों की शिकायत के बाद लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को रास्ता दुरुस्त करने के निर्देश दिए। विधायक मीणा ने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में जितनी भी सड़कें बारिश से क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनको शीघ्र दुरुस्त किया जाए। लालसोट विधायक के निर्देश के बाद विभाग ने संज्ञान लेते हुए मंगलवार को जेसीबी की सहायता से सड़क मार्ग को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया।

## हर्षोल्लास से मनाया जाएगा 1500वां जश्न ईद मिलादुन्नबी



महानगर संवाददाता

**अजमेर।** इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का 1500वां जन्म दिवस जश्न ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास और सामाजिक एकता के साथ मनाया जाएगा।

सूफी इंटरनेशनल के तत्वावधान में निकलने वाले जुलूस को लेकर मुस्लिम समाज के सभी वर्गों की बैठक दरगाह शरीफ की अकबरी मस्जिद में हुई। बैठक में सभी ने कहा कि मोहम्मद साहब पूरे आलम के लिए रहमतुल्लीअलमीन बना कर भेजे गए थे। उन्होंने अपने जीवन काल में इंसानियत को आगे रख कर सभी से प्रेम और एक समान व्यवहार करने की शिक्षा दी। हम सब को इन पर अमल करना चाहिए। इस वर्ष 1500वां जश्न ईद मिलादुन्नबी है। इसको लेकर खास आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सूफी इंटरनेशनल अध्यक्ष हाजी सरवर सिद्दीकी, सचिव नवाब हिदायत उल्ला, अंजुमन सैय्यदजदगंज के उपाध्यक्ष हसन हाशमी, सदस्य फजले हसन चिश्ती, एहतेशाम चिश्ती, गफ्फार काजमी, अंजुमन यादगार के सदस्य अब्दुल वासे चिश्ती पंचायत अंदरकोटियान के उपाध्यक्ष इस्हाक मो शेख आदि मौजूद रहे।

## विशाल संगीतमय सुंदरकांड पाठ छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना...

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान बीज निगम के पूर्व अध्यक्ष धीरज गुर्जर के जन्मदिन पर मंगलवार को पटेल मैदान के पास स्थित हनुमान व्यायाम शाला में अखाड़े वाले बालाजी मंदिर पर विशाल संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक सौरभ बजाड़ एवं शिव कुमार बंसल ने बताया कि संगीतमय सुंदरकांड में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्री अखाड़े वाले बालाजी को विशेष रूप से सजाया गया। संगीतमय सुंदरकांड की चौपाइयों ने माहौल भक्तिमय बना दिया। बालाजी का आकर्षक चोला श्रृंगार किया गया। पं. बसंत कुमार शास्त्री के सान्निध्य में गायक कलाकार अरुण शर्मा एंड पार्टी ने संगीतमय सुंदर कांड एवं भजनों की प्रस्तुति दी। सुंदरकांड के साथ 'छम छम नाचे वीर हनुमान, कीर्तन की है रात, मोर छड़ी लहराई रे ...' आदि भजनों से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती, नाथुराम सिनोदिया, देहात अध्यक्ष भूपेन्द्र सिह राठौर सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

नीति आयोग की केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी रोली सिंह पहुंची जैसलमेर

## आलाजी मंदिर में दर्शन कर मूलसागर का किया अवलोकन



महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** नीति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जैसलमेर जिले के दौरे पर आईं नीति आयोग की केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी (राजस्थान) एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रोली सिंह ने मंगलवार को जिला कलेक्टर प्रताप सिंह के साथ जैसलमेर स्थित प्रसिद्ध आलाजी मंदिर में दर्शन किए एवं जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, मूलभूत सुविधाओं एवं श्रद्धालुओं की व्यवस्था का भी जायजा लिया। इसके पश्चात उन्होंने ऐतिहासिक मूलसागर का अवलोकन कर वहां की जल संरचनाओं, रख-रखाव एवं संरक्षण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विरासत स्थलों एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ-अर्पण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आमुखीकरण कार्यशाला

# 'टीकाकरण स्वास्थ्य के सुरक्षा कवच को करता है मजबूत'

महानगर संवाददाता



**सीकर।** चिकित्सा विभाग की ओर से सोमवार को जयपुर-झुंझुनूं बाइपास स्थित होटल में गावी जीरो डोज बच्चों के टीकाकरण के लिए प्रभावशाली व्यक्तियों की आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ एवं अर्पण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में दांता, कूदन, लक्ष्मणगढ़ एवं फतेहपुर ब्लॉक के व्यक्तियों ने भाग लिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यशाला में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ. अंकुर सांगवान, प्रदीप, अर्पण सेवा संस्थान के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर रामावतार चौधरी, जिला समन्वयक फिरोज फातमा व ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मौजूद रहे।

कार्यशाला में सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन को दी जा रही सेवाओं व सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा कि टीकाकरण न केवल बच्चों को घातक बीमारियों से बचाता है, बल्कि स्वास्थ्य के सुरक्षा कवच को भी मजबूत करता है।

आरसीएचओ डॉ. विशाल सिंह ने टीकाकरण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें हर उस परिवार तक पहुंचना है, जो अब तक टीकाकरण से वंचित है और उन्हें जागरूक करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter


पशु-पक्षी प्रेमी पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका ने कहा- शीर्ष कोर्ट का आदेश व्यावहारिक नहीं, गुस्से में दिया गया अजीब फैसला, बढ़ेंगे मारपीट व टकराव के मामले

# 'दिल्ली में एक भी शेल्टर होम नहीं, तीन लाख श्वानों को कहां डालेंगे'

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा श्वानों को आठ हफ्तों के भीतर शेल्टर होम्स में स्थानांतरित करने के आदेश के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री और पशु अधिकार कार्यकर्ता मेनका गांधी ने इस फैसले को क्रोध में दिया गया असामान्य निर्णय और अव्यावहारिक करार दिया है। मेनका गांधी ने कहा कि यह आदेश व्यावहारिक नहीं है, यह बहुत ही अजीब फैसला है, जो शायद किसी गुस्से में दिया गया है। गुस्से में दिए गए फैसले कभी भी समझदारी भरे नहीं होते। मेनका ने आगाह किया कि इस आदेश को लागू करना लॉजिस्टिक, आर्थिक व सामाजिक स्तर पर एक बड़ी चुनौती होगा। उनके अनुसार न तो कोई सरकारी शेल्टर मौजूद है और



न ही इतनी जल्दी हजारों नए केंद्र बनाए जा सकते हैं। मेनका गांधी ने कहा कि दिल्ली में एक भी सरकारी शेल्टर नहीं है। तीन लाख श्वानों को कहां रखोगे। अगर बनाने भी जाओ तो कम से कम 15 हजार करोड़ रुपए लगेंगे, 3000 नई जगहें ढूंढनी होंगी, वो भी ऐसी जहां कोई न रहता हो और 1.5 लाख सफाई कर्मचारी रखने होंगे, जिसकी लागत करोड़ों में होगी।

मेनका गांधी ने यह भी चेतावनी दी कि जब आवारा श्वानों को पकड़ने की कोशिश होगी तो स्थानीय लोग और श्वानों को खाना खिलाने वाले फीडर इसका विरोध करेंगे, जिससे हर गली में टकराव हो सकता है। बातचीत में उन्होंने आगे कहा कि जब आप श्वान पकड़ने जाओगे तो हर गली में झगड़े होंगे। फीडर इन्हें जाने नहीं देंगे, फिर राजनीतिक पार्टियां इस मुद्दे को भुनाने लगेंगी और जब दिल्ली के श्वान हटा दिए जाएंगे तो दूसरे राज्यों से श्वान यहां आने लगेंगे, क्योंकि यहां खाना ज्यादा मिलेगा, फिर क्या करेंगे? दोबारा नसबंदी अभियान चलाओगे और सैकड़ों करोड़ खर्च करोगे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की बैंच ने कहा कि सभी इलाकों को आवारा श्वानों से मुक्त किया जाए।

## बेजुबान पशु कोई समस्या नहीं हैं, इन्हें हटाना क्रूरता : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली-एनसीआर से आठ हफ्तों के भीतर सभी आवारा श्वानों को हटाने के निर्णय की आलोचना की। राहुल ने कहा कि हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद कई पशु अधिकार संगठनों ने भी आलोचना की थी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा श्वानों को हटाने का सुप्रीम कोर्ट का निर्देश दशकों से चली आ रही मानवीय और विज्ञान-समर्थित नीति से एक कदम पीछे है। ये बेजुबान आत्माएं कोई समस्या' नहीं हैं, जिन्हें मिटाया जा सके। आश्रय, नसबंदी, टीकाकरण व सामुदायिक देखभाल सड़कों को बिना किसी क्रूरता के सुरक्षित रख सकते हैं। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि चाहे उनकी नसबंदी हो या न हो, समाज को स्वतंत्र व सुरक्षित महसूस करना चाहिए।



## आईसीआईसीआई बैंक के बचत खाते की न्यूनतम राशि की सीमा बढ़ाने का विरोध

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. के.एल. जैन ने आईसीआईसीआई बैंक द्वारा हाल ही में बचत खातों में न्यूनतम राशि की सीमा बढ़ाने के निर्णय पर गहरी चिंता और आपत्ति व्यक्त की है। डॉ. केएल जैन ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं का उद्देश्य केवल लाभ कमाना नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज के सभी वर्गों को सुविधाजनक, सुरक्षित और किफायती वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना भी अनिवार्य है। न्यूनतम शेष राशि में वृद्धि से वित्तीय समावेशन की भावना प्रभावित होगी और लाखों ग्राहकों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक और पेंशनभोगी पहले से ही सीमित मासिक आय या पेंशन पर निर्भर हैं, ऐसे में बढ़ी हुई न्यूनतम शेष राशि बनाए रखना उनके लिए कठिन होगा। छात्रों व निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए भी यह निर्णय बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच को कठिन बना सकता है। साथ ही, न्यूनतम शेष राशि न रखने पर लगने वाले दंडात्मक शुल्क से उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती है। चैंबर ने भारतीय रिजर्व बैंक से आग्रह किया है कि इस निर्णय की तत्काल समीक्षा की जाए। चैंबर ने वित्त मंत्री एवं आरबीआई के गवर्नर को पत्र लिख कर इस विषय में शीघ्र और संवेदनशील हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।



# हिमाचल में लगातार बारिश से तबाही कई क्षेत्रों में भूस्खलन-पेड़ धराशायी

चलती बस पर पहाड़ी से गिरे पत्थर, बिजली-पानी आपूर्ति ठप, सैकड़ों सड़कें बंद

महानगर संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार जारी बारिश से कई क्षेत्रों में भूस्खलन व पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। इस प्राकृतिक प्रकोप के चलते सैकड़ों सड़कें बाधित हैं। कई इलाकों में बिजली व पेयजल आपूर्ति ठप है। राज्य में मंगलवार को तीन नेशनल हाईवे सहित 398 सड़कें बंद रहीं। इसके अतिरिक्त 669 बिजली ट्रांसफार्मर व 529 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित रहीं। वहीं चंबा में चलती बस पर पहाड़ी से पत्थर गिर गए, इससे दो यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं।

### पेड़ गिरने से कई गाड़ियां चकनाचूर, छतें ढहीं

राजधानी शिमला में देर रात से जारी भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने और भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है। शहर के विकास नगर में पेड़ गिरने से एक भवन की छत टूट गई और सड़क भी बंद हो गई है। इसके अलावा टुटीकंडी में भी एक साथ आधा दर्जन से ज्यादा पेड़ गिरने से कई गाड़ियां चकनाचूर हो गईं। यहां सड़क भी बंद हैं। खालीनी में ढारा ढहने से 6 मजदूर बाल-बाल बच गए। तड़के सुबह करीब 4 बजे यह घटना हुई। शहर के विकासनगर की हिमुडा कॉलोनी में भी कार पर भूस्खलन हुआ है। साथ ही पेड़ भी ढह गया।



### चंबा-पठानकोट हाईवे धंसा, लगा लंबा जाम

चंबा-पठानकोट हाईवे दुनेरा के समीप धंसने से वाहनों की आवाजाही बंद पड़ गई है। इससे सड़के के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइनें लग गईं। वहीं पवित्र मणिमहेश यात्रा पर पठानकोट से चंबा की ओर आ रहे श्रद्धालुओं की मुसीबतें बढ़ गईं। यहां सड़क धंसने के दौरान एक टिपर वहां से गुजर रहा था। चालक ने ऐन मौके पर सड़क किनारे टिपर लगा दिया। इससे बड़ा हादसा होते-होते से टल गया। यहां सड़क बंद होने पर लोग पैदल ही आवाजाही करते नजर आए। जिले में मूसलाधार बारिश से 24 से अधिक सड़कें, 35 ट्रांसफार्मर और 18 पेयजल स्कीमें प्रभावित हुई हैं।

### चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे 10 घंटे बाद बहाल

मंडी-कुल्लू मार्ग पर जोगणी मोड़ के पास सोमवार रात लगभग 9 बजे पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था। रात को पत्थर गिरने की सूचना मिलते ही पंडोह पुलिस चौकी टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने हालात का जायजा लेते हुए दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही को रोक दिया, ताकि किसी तरह की जनहानि न हो। इसके कुछ ही मिनटों बाद पहाड़ी से बड़ी मात्रा में मलबा और पत्थर गिर गए। पुलिस कर्मियों ने अपनी जान हथेली पर रखकर रातभर स्थिति पर निगरानी रखी और यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोके रखा। सुबह करीब 5 बजे पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी अपनी मशीनरी के साथ मौके पर पहुंचे और मलबा हटाने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद सुबह लगभग 7 बजे हाईवे को बहाल किया गया। पंडोह चौकी प्रभारी ने बताया कि फिलहाल मार्ग सुचारू है, लेकिन कई स्थानों पर सड़क वनवे है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि अपनी लेन में चलें और ओवरटेक करने से बचें।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई प्लानिंग नहीं

केंद्र का संसद में जवाब, कहा- पशुओं के संरक्षण पर राज्यों को कानून बनाने का विशेष अधिकार



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सदन में कहा कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई प्लानिंग नहीं है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हरिद्वार से भाजपा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के सवाल के जवाब में ये बात कही। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 246(3) के अनुसार केंद्र और राज्यों के बीच बांटी गई विधायी शक्तियों के मुताबिक पशुओं का संरक्षण ऐसा मामला है, जिस पर राज्य विधानमंडल को कानून बनाने का विशेष अधिकार है। बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार गायों के संवर्धन, संरक्षण व पालन के लिए राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के उठाए कदमों का समर्थन करने के लिए दिसंबर 2014 से राष्ट्रीय गोकुल मिशन लागू कर चुकी है। बघेल ने दूध प्रोडक्शन की जानकारी देते हुए कहा कि 2024 में देश के कुल दूध उत्पादन 239.30 मिलियन टन में गाय के दूध का योगदान 53.12 प्रतिशत था, जबकि भैंस के दूध का योगदान 43.62 प्रतिशत था।

## बाल पार्षद बनकर बच्चे उठाएंगे गुलाबी नगरी की समस्याएं, देंगे सुझाव

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज, डिजिटल बाल मेला और फ्यूचर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार आयोजित होने जा रही निगम बाल सभा की तैयारियां जोरों पर है। बच्चे गुरुवार को बाल पार्षद बनकर अपने-अपने वार्ड की समस्याएं निगम की बाल सभा में रखेंगे। साथ ही शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अपने सुझाव भी देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा होंगे। साथ ही अध्यक्षता हेरिटेज निगम की महापौर कुसुम यादव करेंगी। वहीं, विशिष्ट अतिथि स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन और नगर निगम हेरिटेज की कमिश्नर निधि पटेल उपस्थित रहेंगे। डिजिटल बाल मेला की जान्हवी शर्मा ने बताया कि इस विशेष सत्र में चुने गए सभी बाल पार्षद आपस में मिलकर अपने बाल मेयर का चुनाव करेंगे। इसके बाद बाल मेयर अपने साथियों के साथ मिलकर बाल सभा का बोर्ड गठित करेगा, जिसमें विभिन्न विभागों के जिम्मेदार पदों का चयन होगा। इस प्रक्रिया का उद्देश्य बच्चों में लोकतांत्रिक सोच, नेतृत्व क्षमता और सामूहिक निर्णय लेने की समझ को विकसित करना है। वहीं, आयुक्त निधि पटेल ने भी बच्चों के सत्र की तैयारियों की जानकारी ली।



## वोटर वेरिफिकेशन पर हंगामा, विपक्ष ने कागज फाड़ चेयर की ओर फेंके

पीठासीन बोले- विपक्ष के उपनेता के इशारे पर ऐसा हुआ

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा होने लगा। विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंके। इस दौरान भाजपा सांसद जगदंबिका पाल सदन की कार्यवाही चला रहे थे। उन्होंने कहा कि उपनेता (विपक्ष) की ओर से इशारा किया गया। इसके बाद कागज फाड़कर चेयर की ओर फेंके गए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आपने सदन की गरिमा गिराई है। देश आपको माफ नहीं करेगा। आपके क्षेत्र के लोग आपसे दुखी होंगे। इसके बाद लोकसभा 18 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, नेशनल एंटी-डोपिंक (संशोधन) बिल-2025 और नेशनल



स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल-2025 राज्यसभा से पास हो गया। इसके बाद राज्यसभा भी 18 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। इधर संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष ने दावा कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं। हालांकि चुनाव आयोग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीवान के दरौंदा विधानसभा की वोटर के रूप में रजिस्टर्ड मिंता देवी की उम्र 124 नहीं, बल्कि 35 साल थी। उनके आवेदन में गलती से उम्र में बदलाव किया गया।

## वोट चोरी पर राहुल ने फिर कहा-पिक्चर अभी बाकी

बोले- एक नहीं कई सीटों की वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, ये नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली हो रहा

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केवल एक सीट नहीं, बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है। बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा कि हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं, पिक्चर अभी बाकी है।

राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। चुनाव आयोग का कर्तव्य है कि वो एक व्यक्ति एक वोट को लागू करें, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम ऐसा करते रहे हैं और करते रहेंगे।



### मिंता देवी की तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे विपक्षी सांसद

दरअसल संसद के दोनों सदनों में भी बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा चल नहीं पाई। सदन की कार्यवाही शुरू के होने के पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं।

### 'हम केवल संविधान की रक्षा कर रहे और करते रहेंगे'

राहुल गांधी ने कहा कि पहले हमारे पास सबूत नहीं थे, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। 'एक मतदाता एक मत' संविधान का आधार है और चुनाव आयोग की ड्यूटी है कि वे 'एक व्यक्ति एक मत' को लागू करें, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। हम केवल संविधान की रक्षा कर रहे हैं और करते रहेंगे, रुकेंगे नहीं। चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर के दौरान बिहार में महिला मिंता देवी की उम्र 124 साल बताने पर राहुल गांधी ने कहा कि ऐसे बहुत अनगिनत मामले सामने आए हैं। अभी पिक्चर बाकी है। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हम वोट चोरी का विरोध कर रहे हैं। राहुल गांधी ने बताया है कि वोटर लिस्ट में सारे फर्जी नाम व पते हैं। बता दें कि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडी ब्लॉक के संसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित 'वोट चोरी' को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

## 'हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान' एक सितंबर को, शिक्षक व छात्र लेंगे शपथ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में 1 सितंबर को देशभर के 5 लाख से अधिक विद्यालयों में 'हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने बताया कि 1 सितंबर को पूरे देश में 5 लाख विद्यालयों के करोड़ों शिक्षक एवं विद्यार्थी पांच संकल्पों की शपथ लेंगे जिनका प्रमुख उद्देश्य अपने विद्यालय की स्वच्छता अनुशासन, विद्यालय की संपदा के संरक्षण, सामाजिक समरसता, चरित्र निर्माण, नैतिक शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को जीवन में आत्मसात करना है। संगठन के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रदेश भर की सभी उपशाखाओं ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए पूर्ण तैयारी कर ली है। कार्यक्रम से शिक्षक, समाज, छात्रों में नवचेतना का संचार होगा तथा शिक्षकों के प्रति समाज के दृष्टिकोण में भी आमूलचूल परिवर्तन आएगा। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा, महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा, सभा अध्यक्ष संपत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य, अतिरिक्त महामंत्री बसंत जिंदल, उपाध्यक्ष महिला सुषमा बिश्नोई, प्रदेश मंत्री अमरजीत सिंह सहित संपूर्ण प्रदेश कार्यकारिणी ने सभी शिक्षक साथियों कार्यकर्ता से कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया।

## एड्स के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ओटीएस स्थित भगवत सिंह मेहता सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित रेड रिबन क्लब के सदस्यों, सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इंटेंसिफाइड आईईसी कैम्पेन का शुभारंभ किया गया। साथ ही नुक्कड़ नाटक व अन्य रोचक प्रस्तुतियों द्वारा युवाओं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के परियोजना निदेशक शाहीन अली खान ने कहा कि देश के युवाओं को सही मार्गदर्शन मिले, इसी उद्देश्य से प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर इंटेंसिफाइड आईईसी कैम्पेन का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विशेषकर युवाओं तक



एचआईवी-एड्स की जानकारी पहुंचाने के लिए जांच व परामर्श की सुविधा एवं कैंप का आयोजन, फ्लेश मॉब, रैली, डोर-टू-डोर कैम्पेन, सरकारी व निजी कॉलेजों में एचआईवी एड्स पर जागरूकता सत्रों का आयोजन, ग्राम स्तर पर मीटिंग के साथ कला जत्था गतिविधियां, सोशल मीडिया पर जागरूकता संदेश के साथ ही राजकीय अस्पतालों में विशेष कैंपों का आयोजन किया जाएगा।

यह अभियान 2 माह तक चलेगा। संयुक्त निदेशक, आईईसी डॉ. प्रदीप चौधरी ने कहा कि युवाओं को एचआईवी एवं यौन व प्रजनन स्वास्थ्य की जानकारी के लिए राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लबों की स्थापना कर समग्र शिक्षा के लिए उनका क्षमतावर्धन किया है। आज 755 रेड रिबन क्लबों के माध्यम से महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को एचआईवी की जानकारी से लाभान्वित किया जा रहा है।

संयुक्त निदेशक टीआई सुनील कुमार ने कहा कि युवा शक्ति देश का भविष्य है और देश के समग्र विकास में युवा शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन यह तब ही हो सकता है, जब वह निरोगी रहे। इसलिए विभिन्न संक्रमणों से बचाव की जानकारी रखें, चाहे वह संक्रमण नशे के इंजेक्शन से हो या फिर शारीरिक सम्पर्क से।

## हीमोग्लोबिन की जांच के साथ किया एनिमिया का उपचार



**जयपुर।** सीएमएचओ जयपुर प्रथम में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। इसमें बच्चों, किशोरी-बालिकाओं और महिलाओं की एनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ एनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टैबलेट्स का वितरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि राजस्थान को एनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया जाता है, जिसमें बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में एनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी एनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमें बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, व धात्री माताओं में एनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

## 'सदियों से पुस्तकालय ज्ञान के भंडार और बौद्धिक विकास के रहे केंद्र'

डॉ. रंगानाथन की 133वीं जयंती पर पेनल डिस्कशन कार्यक्रम



महानगर संवाददाता

**कोटा/जयपुर।** राजकीय सार्वजनिक मण्डल पुस्तकालय कोटा में डॉ. एसआर रंगानाथन कान्वेंशनल हाल मे भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एसआर रंगानाथन की 133वी जयंती पर 'फरोम बुक्स टू बोटस : दी इवोलविंग रोल ऑफ लाएब्रेरीयन्स इन दी एज ऑफ चेट जीपीटी, ओपेन एज्यूकेशन रिसोर्सेज एण्ड इंडीयन नॉलेज सिस्टम' पर पेनल डिस्कशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस पेनल डिस्कशन में मुख्य सूत्रधार डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव संभागीय पुस्तकालय अध्यक्ष कोटा, डॉ. प्रशांत भारद्वाज असीसस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. नीलम काबरा, मुकेश गौर वरिष्ठ पुस्तकालय अध्यक्ष, योगेंद्र सिंह तंवर निदेशक ठाकुर कारण सिंह मेमोरियल ग्राम पुस्तकालय अरलिया जागीर रामनिवास धाकड़ परामर्शदाता राजकीय सार्वजनिक पुस्तकालय एवं डॉ. मनीषा मुद्गल एसोसिएट प्रोफेसर चूरू रहे।

इस अवसर पर विकास समिति सदस्य बिगुल जैन ने पुस्तकालयाध्यक्षों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश मेघवाल पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी कोटा रहे, जबकि अध्यक्षता बहादुर सिंह सिकरवार पूर्व अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग ने की। डॉ. दीपक ने कहा कि पुस्तकालय सदियों से ज्ञान के भंडार और समाज के बौद्धिक विकास के केंद्र रहे हैं। समय के साथ इनकी भूमिका केवल पुस्तकों के संग्रह और वितरण तक सीमित नहीं रही, बल्कि सूचना के सभी रूपों के संगठन, संरक्षण व सुलभ उपलब्धता तक विस्तारित हुई। 21वीं सदी के तीसरे दशक में यह भूमिका और भी बहुआयामी हो गई है। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा एवं डॉ नीलम, मुकेश गौड़, योगेंद्र सिंह तंवर, चन्द्र प्रकाश मेघवाल, बिगुल जैन ने भी अपने विचार रखे।

# बाजार में अस्थिरता के बावजूद इक्विटी फंडों में रिकॉर्ड 42,702 करोड़ का निवेश

## एयूएम 75 लाख करोड़ पार

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** टैरिफ वार से प्रभावित शेयर बाजार में अस्थिरता के बावजूद जुलाई में इक्विटी म्यूचुअल फंडों में रिकॉर्ड 42,702 करोड़ रुपए का निवेश आया। यह




जून के 23,587 करोड़ की तुलना में 81 फीसदी अधिक है। खास बात है कि इक्विटी म्यूचुअल फंडों में लगातार 53वें महीने निवेश आया है। रिकॉर्ड निवेश के दम पर म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम यानी निवेशकों के निवेश का मूल्य पहली बार 75 लाख करोड़ के पार 75.36 लाख करोड़ हो गया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, थीमैटिक फंड में सबसे अधिक 9,426 करोड़ रुपए का निवेश आया। फ्लेक्सीकैप फंड में 7,654 करोड़, स्मॉलकैप में 6,484 करोड़, मिडकैप में 5,182 करोड़ और लार्ज-मिडकैप में 5,035 करोड़ का निवेश आया। इक्विटी-लिंक्ड सेविंग स्कीम्स (ईएलएसएस) को छोड़कर सभी इक्विटी श्रेणियों में निवेश हुआ। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग में जुलाई में 1.8 लाख करोड़ का निवेश हुआ। यह जून के 49,000 करोड़ और मई के 29,000 करोड़ से अधिक है। डेट फंडों में 1.06 लाख करोड़ का निवेश हुआ है, जबकि जून में 1,711 करोड़ की शुद्ध निकासी हुई थी। गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में शुद्ध निवेश घटकर 1,256 करोड़ रह गया, जो जून में 2,081 करोड़ रुपए था।

### एसआईपी में लगातार भरोसा 28,464 करोड़ रुपए का निवेश

एसआईपी के जरिये निवेश में खुदरा निवेशकों का भरोसा लगातार बना हुआ है। जुलाई में सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के तहत 28,464 करोड़ का निवेश आया। जून में यह 27,269 करोड़ था।

---

## चीन पर मेहरबान हुए ट्रंप! मिली टैरिफ के लिए 90 दिन की छूट

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार की चीन के गुड्स पर लगने वाले टैरिफ की डेडलाइन 90 दिन के लिए बढ़ा दी है। ये खबर अमेरिका के वाइट हाउस से मीडिया संस्थान को मिली है। चीन पर लगने वाला टैरिफ मंगलवार से लागू होने वाला था। लेकिन कुछ घंटे पहले ही वाइट हाउस से ये जानकारी मिलती है कि चीन पर लगने वाले टैरिफ की डेडलाइन नवंबर यानी 90 दिन तक बढ़ा दी गई है।

**चीन पर लगाया था 145 फीसदी टैरिफ :** अप्रेल के समय चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ वॉर अपनी चरम सीमा पर था। उस वक्त अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 145 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। चीन की ओर से भी जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी वस्तुओं पर 125 फीसदी शुल्क लगा दिया था।

**बातचीत में क्या निष्कर्ष निकला :** मई में स्विट्जरलैंड के जिनेवा में दोनों पक्षों के बीच टैरिफ को लेकर पहली बैठक हुई। दोनों पक्षों की ओर से टैरिफ को रोकने को लेकर जोर दिया गया। अमेरिका ने अपने टैरिफ घटाकर 30 फीसदी कर दिया। वहीं चीन ने अपने शुल्क घटाकर 10 फीसदी कर दिया।

## एपल पर प्रतिस्पर्धा विरोधी कानून के उल्लंघन का लगाया आरोप

### एलन मस्क ने मुकदमा करने की धमकी दी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** जानेमाने कारोबारी एलन मस्क ने एपल पर एंटीट्रस्ट कानून (प्रतिस्पर्धा विरोधी कानून) के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि एपल ने कथित तौर पर ओपनएआई के अलावा किसी भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी के लिए एप स्टोर रैंकिंग में नंबर 1 स्थान तक पहुंचना असंभव बना दिया है। यह साफ तौर पर एंटीट्रस्ट उल्लंघन बताया है। एलन मस्क ने एक 'एक्स' पोस्ट में कहा, 'एआई तुरंत कानूनी कार्रवाई करेगा।' इससे पहले मस्क ने आईफोन निर्माता के एप स्टोर की एप स्पॉटलाइटिंग प्रथाओं पर सवाल उठाया था। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'एपल एप स्टोर, आप अपने जरूरी सेक्शन में एक्स या ग्रूक को डालने से इनकार क्यों करते हैं, जबकि एक्स दुनिया का नंबर 1 न्यूज एप है और ग्रूक सभी एप्स में नंबर 5 पर है? क्या आप राजनीति कर रहे हैं?' प्रतिस्पर्धा विरोधी कानून उन विनियमों पर आधारित हैं, जो उद्योगों और भौगोलिक बाजारों में निष्पक्ष और खुली प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं। कानून उस एकाधिकार गतिविधि, कीमत का निर्धारण, मिलीभगत, हेराफेरी और कई अन्य व्यावसायिक बर्तावों की जांच करते हैं, जो परिस्थितियों और उपभोक्ता पर पड़ने वाले प्रभाव के आधार पर कानून के विरुद्ध हो सकते हैं।

## सोने में जोरदार गिरावट!

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** सोने के दाम में 12 अगस्त को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 408 रुपए गिरकर 99,549 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,957 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत 92 रुपए बढ़कर 1,13,593 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,501 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।

**सोना इस साल अब तक 23,387 महंगा हुआ**

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,387 रुपए बढ़कर 99,549 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 27,576 रुपए बढ़कर 1,13,593 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

---

राहत : जुलाई में खुदरा महंगाई दर सिर्फ 1.55 फीसदी रही

# महंगाई 8 साल के निचले स्तर पर खाने-पीने का सामान हुआ सस्ता

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर अच्छी खबर है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, फूड आइटम्स की कीमतों में नरमी के कारण जुलाई में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 1.55 फीसदी रह गई, जो आठ साल का निचला स्तर है। पिछले छह सालों में यह पहली बार है जब मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के 2 फीसदी से 6 फीसदी के सहनशीलता बैंड से नीचे आई है। यह जून 2017 के बाद साल-दर-साल सबसे कम मुद्रास्फीति दर है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जून में 2.1 प्रतिशत और जुलाई 2024 में 3.6 प्रतिशत थी। जुलाई 2025 की मुद्रास्फीति जून 2017 के बाद सबसे कम है। उस समय यह 1.46 प्रतिशत दर्ज की गई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने कहा, 'जुलाई 2025 के महीने के दौरान कुल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट की मुख्य वजह अनुकूल तुलनात्मक आधार प्रभाव और दालों व उत्पादों, परिवहन व संचार, सब्जियों, अनाज व उत्पादों, शिक्षा, अंडे तथा चीनी और



### इन चीजों के भी घटे दाम

इनके अलावा, कुछ खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अपेक्षाकृत कम रही। इनमें अनाज (3.03 प्रतिशत), अंडे (2.26 प्रतिशत), दूध एवं डेयरी उत्पाद (2.74 प्रतिशत) और चीनी तथा कंफेक्शनरी उत्पाद (3.28 प्रतिशत) शामिल हैं। वहीं, फलों के दाम जुलाई में ज्यादा तेजी से बढ़े। इनकी मुद्रास्फीति दर 14.42 प्रतिशत रही। तेल एवं वसायुक्त उत्पाद 19.24 फीसदी महंगे हुए। ईंधन एवं बिजली वर्ग की महंगाई दर 2.67 प्रतिशत रही। स्वास्थ्य वर्ग की मुद्रास्फीति 4.57 प्रतिशत और शिक्षा वर्ग की चार प्रतिशत रही।

### क्या था अनुमान

रॉयटर्स के 50 अर्थशास्त्रियों के एक सर्वेक्षण में जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति के घटकर 1.76 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया था। बता दें कि ये आंकड़े आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा दरों को 5.50 फीसदी पर अपरिवर्तित रखने और मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान को 'अधिक अनुकूल' बताने के लगभग एक सप्ताह बाद आए हैं। यह ठहराव फरवरी से अब तक लगातार तीन बार दरों में कटौती के बाद आया है, जिनकी कुल संख्या 100 आधार अंकों की रही है। समिति ने अपना तटस्थ रुख भी बरकरार रखा है।

'कन्फेक्शनरी' के सामान की कीमतों में नरमी रही।' खाद्य वस्तुओं की महंगाई में जुलाई में सालाना आधार पर 1.76 प्रतिशत की गिरावट आई। खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति की दर शून्य से 1.76 प्रतिशत नीचे रही जो जनवरी 2019 के बाद सबसे कम है। जून में यह शून्य से 1.01 प्रतिशत नीचे रही थी। महंगाई दर में कम की सबसे बड़ी वजह सब्जियों और दालों की कीमतों में एक साल पहले के मुकाबले आयी तेज गिरावट है। एक साल पहले की तुलना में सब्जियां 20.69 प्रतिशत और दालें तथा उनके उत्पाद 13.76 प्रतिशत सस्ते हुये। मसालों की कीमतों में 3.07 फीसदी और मांस तथा मछली के दाम में 0.61 फीसदी की कमी आई।

### खरीफ सीजन में 4 फीसदी बढ़ी बोआई

चालू खरीफ सीजन में खरीफ फसलों की बोआई अंतिम चरण में चल रही है। पिछले साल की तुलना में अब तक 4 फीसदी ज्यादा खरीफ फसलें बोई जा चुकी हैं। साथ ही खरीफ फसलों की कुल बोआई सामान्य रकबा के 90 फीसदी को पार कर गई है। इस सीजन की सबसे बड़ी फसल धान के रकबा में भी अच्छी खासी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मोटे अनाज और दलहन फसलों की बोआई भी बढ़ी है। लेकिन तिलहन फसलों के रकबा में गिरावट दर्ज की गई है। कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 8 अगस्त तक 995.63 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलें बोई जा चुकी हैं, जो पिछली समान अवधि में 957.15 लाख हेक्टेयर में बोई गईं इन फसलों से 4.02 फीसदी अधिक है। 364.80 लाख हेक्टेयर में धान की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि के 325.36 लाख हेक्टेयर रकबा से 12.12 फीसदी ज्यादा है। इस सीजन में गन्ने का रकबा 2.95 फीसदी बढ़कर 57.31 लाख हेक्टेयर हो गया है, जबकि कपास का रकबा 3.20 फीसदी घटकर 106.96 लाख हेक्टेयर रह गया।

---

## शेयर बाजार में हाईवे आईपीओ ने बनाया रिकॉर्ड, 67 फीसदी प्रीमियम पर हुई लिस्टिंग

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर ने शेयर बाजार में दमदार शुरुआत की। बीएसई और एनएसई दोनों पर कंपनी के शेयरों ने 60 परसेंट की बढ़त के साथ ओपेनिंग की। बीएसई पर शेयर की लिस्टिंग 117 रुपए पर हुई, जो इसके आईपीओ प्राइस 70 रुपए से 67.14 परसेंट अधिक है। इसी तरह से एनएसई पर भी यह 60 परसेंट की बढ़त के साथ 115 रुपए पर कारोबार कर रहा। लिस्टिंग के बाद शेयरों की कीमत तेजी से बढ़ रही है क्योंकि इसने बीएसई पर 122.84 रुपए पर 5 परसेंट के अपर सर्किट को छू लिया है। यानी कि इसकी लिस्टिंग पर कुल मिलाकर निवेशकों को 75.49 परसेंट का मुनाफा हुआ है।

**हाईवे इंफ्रा आईपीओ का सब्सक्रिप्शन स्टेटस :** हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का इश्यू 7 अगस्त, 2025 को बंद हुआ। आईपीओ को निवेशकों से जोरदार रिस्पॉन्स मिला। इसे कुल मिलाकर 300.61 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। आईपीओ को 1.60 करोड़ शेयरों की पेशकश के मुकाबले 4.82 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। योग्य संस्थागत खरीदारों के हिस्से को 420.57 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। इसके लिए रिजर्व्ड 22.92 लाख शेयरों के मुकाबले 96.43 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। क्यूआईबी में बैंकों, वित्तीय संस्थानों और बीमा कंपनियों सहित घरेलू वित्तीय संस्थानों ने 40.31 करोड़ अधिक शेयरों की बोली लगाने के साथ मजबूत मांग का नेतृत्व किया।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में 3.95 फीसदी घटकर 6.64 लाख करोड़ रुपए

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 3.95 फीसदी घटकर 6.64 लाख करोड़ रुपए रहा। कर संग्रह में गिरावट की वजह रिफंड का अधिक होना है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने मंगलवार को आंकड़ों के जरिए बताया कि एक अप्रेल से 11 अगस्त के बीच सकल संग्रह 1.87 फीसदी घटकर 7.99 लाख करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 8.14 लाख करोड़ रुपए था।

इस दौरान शुद्ध कंपनी कर संग्रह लगभग 2.29 लाख करोड़ रुपए रहा, जबकि गैर-कंपनी कर संग्रह 4.12 लाख करोड़ रुपए रहा। आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रेल से 11 अगस्त के बीच प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) संग्रह 22,362 करोड़ रुपए रहा। सरकार का चालू वित्त वर्ष 2025-26 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 25.20 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर 12.7 फीसदी अधिक है। सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 में एसटीटी से 78,000 करोड़ रुपए एकत्र करना है। प्रत्यक्ष कर में कंपनियों, व्यक्तियों, पेशेवरों और अन्य संस्थाओं की आय पर कर शामिल हैं।

---

## मुंबई से दो नई सप्ताहिक उड़ान सितंबर से शुरू करेगी इंडिगो

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने अपने अंतरराष्ट्रीय संपर्क को मजबूत करने का ऐलान किया है। इंडिगो ने सितंबर में मध्य एशियाई देशों के लिए मुंबई से दो नई उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। ये उड़ानें सितंबर से उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद और कजाकिस्तान के शहर अल्माटी के लिए होंगी। एयरलाइंस ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि वह 1 सितंबर से उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद और 2 सितंबर से कजाकिस्तान के अल्माटी के लिए मुंबई से सीधी उड़ानें शुरू करेगी।

इंडिगो की ये दोनों उड़ानें सप्ताह में चार दिन होंगी। एयरलाइंस ने यह घोषणा हाल ही में मुंबई-त्बिलिसी (जॉर्जिया) मार्ग पर इंडिगो की 2 अगस्त से सीधी उड़ान के शुभारंभ के बाद की गई है, जो भारत की वित्तीय राजधानी से संपर्क को मजबूत करने और इसे एक प्रमुख विमानन केंद्र के रूप में विकसित करने की एयरलाइन की प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। इंडिगो के ग्लोबल सेल्स प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि नई दिल्ली से त्बिलिसी, अल्माटी और ताशकंद के लिए सफल संचालन के आधार पर अब हमें इन सभी गंतव्यों को मुंबई से जोड़ने की खुशी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हमने मुंबई से मैनचेस्टर और एम्स्टर्डम के लिए अपनी लंबी दूरी की उड़ानें भी शुरू की हैं, जो यूरोप में हमारे प्रवेश का प्रतीक है।

मल्होत्रा ने कहा कि इंडिगो देश की वित्तीय राजधानी से भारत के भीतर और साथ ही दुनियाभर के गंतव्यों के लिए कनेक्टिविटी को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि ग्राहक भारत की पसंदीदा एयरलाइन के साथ मुंबई से दुनिया के विभिन्न हिस्सों के लिए उड़ान भरने का आनंद लेंगे। ये नए लॉन्च ग्राहकों को इंडिगो के साथ एक व्यापक नेटवर्क पर अपनी छुट्टियों की योजना बनाने का सही अवसर प्रदान करते हैं। इंडिगो ने कहा कि शुरू होने वाली उड़ान की टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इसके लिए ग्राहक हमारी आधिकारिक वेबसाइट या हमारे मोबाइल ऐप के माध्यम से बुकिंग कर सकते हैं। इंडिगो 2023 से दिल्ली से ताशकंद, अल्माटी और त्बिलिसी के लिए सीधी उड़ानें संचालित कर रही है।

## अमेरिकी टैरिफ टेंशन के बीच निर्यात बढ़ाने के लिए 50 देशों पर सरकार की नजर

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ टैरिफ टेंशन के बीच भारतीय सरकार देश के निर्यात को गति देने के लिए कई उपायों पर काम कर रही है। इसमें पश्चिम एशिया और अफ्रीका जैसे एरिया के 50 देशों पर फोकस करना शामिल है। अमेरिका ने हाल ही में भारत पर टैरिफ बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया था और इसके बाद रूस से तेल खरीदने का हवाला देते हुए 25 फीसदी का एडिशनल टैरिफ भी भारत पर थोप दिया, जिसके चलते भारत का कुल टैरिफ 50 फीसदी हो गया। अमेरिका के ट्रेड वार्ता अभी जारी है और इस महीने के अंत में अमेरिकी दल इस सिलसिले में भारत भी आ रहा है।




### किन सेक्टरों पर पड़ा सबसे ज्यादा असर?

पिछले सप्ताह शोध संस्थान जीटीआरआई ने कहा था कि भारतीय वस्तुओं पर 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ लगाने से झींगा, ऑर्गेनिक रसायन, परिधान और आभूषण सहित नौ प्रोडक्ट कैटेगरी के निर्यात पर 50-70 फीसदी तक असर पड़ेगा। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए करीब 50 देशों पर फोकस कर रही है। अमेरिका के भारतीय सामानों पर लगाए गए भारी टैरिफ के बीच ये कदम उठाये जा रहे हैं।

### क्या है आगे की स्ट्रैटजी?

अधिकारी ने कहा कि जिन 50 देशों पर सरकार फोकस कर रही है, उन देशों में भारत का कुल निर्यात का लगभग 90 फीसदी हिस्सा जाता है। अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय एक्सपोर्ट डाइवर्सिफिकेशन, इंपोर्ट सब्स्टीट्यूशन और एक्सपोर्ट सेक्टर्स की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने सहित चार उपायों पर काम कर रहा है। अधिकारी ने कहा, 'इन स्तंभों पर विस्तृत विश्लेषण जारी है। मंत्रालय हर एक प्रोडक्ट पर बारीकी से काम कर रहा है।' वाणिज्य मंत्रालय पहले से ही 20 देशों पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और अब इस रणनीति में 30 और देशों को शामिल किया गया है। ग्लोबल आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत का निर्यात जून में 35.14 अरब अमेरिकी डॉलर पर स्थिर रहा। जबकि व्यापार घाटा माह के दौरान घटकर चार महीने के निचले स्तर 18.78 अरब अमेरिकी डॉलर पर आ गया। निर्यात अप्रेल-जून 2025-26 के दौरान 1.92 फीसदी बढ़कर 112.17 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि आयात 4.24 फीसदी बढ़कर 179.44 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

---

हुरुन इंडिया ने देश के सबसे दौलतमंद परिवारों की जारी की लिस्ट

# अंबानी फैमिली देश में सबसे अमीर, अडाणी परिवार टॉप-10 से गायब

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** हुरुन इंडिया ने देश के सबसे दौलतमंद परिवारों की लिस्ट जारी की। जिसमें अंबानी परिवार ने लगातार दूसरी बार टॉप पोजिशन हासिल की है। साल 2025 में उनके बिजनेस का वैल्यूएशन 28 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है, जो भारत की जीडीपी के लगभग बारहवें हिस्से के बराबर है। लिस्ट में दूसरे नंबर पर कुमार मंगलम बिड़ला परिवार है, जिनके बिजनेस का वैल्यूएशन 6.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। जबकि जिंदल परिवार ने भी टॉप तीन में जगह बनाई है। उनके बिजनेस का वैल्यूएशन 5.7 लाख करोड़ रुपए के आसपास है।

फिलीपींस के बराबर बढ़ी टॉप-3 परिवारों की दौलत



### 300 परिवारों के पास देश की जीडीपी का 40 फीसदी से भी ज्यादा

हुरुन की रिच लिस्ट के मुताबिक, देश के 300 सबसे मूल्यवान भारतीय परिवारों के पास 1.6 ट्रिलियन डॉलर (140 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा) से ज्यादा की संपत्ति है। यह देश की जीडीपी का 40 प्रतिशत से भी ज्यादा है।

### फर्स्ट जनरेशन में अडाणी परिवार नंबर-1

हुरुन इंडिया की एक और लिस्ट आई, जिसमें उन परिवारों को शामिल किया गया। जिन्होंने अपने दम पर कारोबार खड़ा किया और अब उनकी अगली पीढ़ी भी कारोबार में मदद कर रही है। इस लिस्ट में अडाणी परिवार सबसे ऊपर है। इस परिवार के हेड गौतम अडाणी हैं, जो अडाणी एंटरप्राइजेज और अडाणी पोर्ट्स जैसी कंपनियों के मालिक है। उनकी कुल संपत्ति 14 लाख करोड़ रुपए है। जिसके साथ अडाणी परिवार देश में मोस्ट वैल्यूएबल फर्स्ट जनरेशन वाला परिवार बन गया। हालांकि, इस लिस्ट में अंबानी परिवार का नाम शामिल नहीं है, क्योंकि मुकेश अंबानी का कारोबार पहली पीढ़ी का कारोबार नहीं है।

हुरुन रिच लिस्ट के मुताबिक, टॉप-3 परिवारों की कुल वैल्यू 40.4 लाख करोड़ रुपए (471 बिलियन डॉलर) है, जो पिछले साल से 4.6 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। यह रकम फिलीपींस की जीडीपी (461 बिलियन डॉलर) के बराबर है। खास बात यह है कि टॉप-10 की लिस्ट से अडाणी परिवार का नाम गायब है।

### टॉप 300 फैमिली बिजनेस लिस्ट की अहम बातें

लिस्ट में 100 नए परिवार जुड़कर कुल 300 हो गए, जिनकी टोटल वैल्यू 1.6 ट्रिलियन डॉलर (134 लाख करोड़ रुपए) है। ये टर्की व फिनलैंड की जीडीपी से भी ज्यादा है। लिस्ट के टॉप 10 परिवार करीब 50 फीसदी वैल्यू रखते हैं। ये 300 परिवार भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजाना 7,100 करोड़ रुपए का योगदान देते हैं। इसके अलावा हर साल देश को 1.8 लाख करोड़ रुपए टैक्स देते हैं। इस लिस्ट में इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स (48 कंपनियां), ऑटोमोबाइल (29 कंपनियां), फार्मा (25 कंपनियां) शामिल हैं। 74 फीसी कंपनियां लिस्टेड हैं, 62 कंपनियों में प्रोफेशनल सीईओ, 22 में महिला लीडर हैं।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# तनाव के चलते हैड कांस्टेबल की हार्ट अटैक से मौत



### परिजनों ने अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर मांगा 5 करोड़ का मुआवजा

महानगर संवाददाता

**राजसमंद।** कांकरोली पुलिस की टीम में शामिल हैड कांस्टेबल पूरण सिंह पुत्र फतेह सिंह चौहान निवासी कल्ला खेड़ी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। चोरी का माल खरीदने को लेकर भीलवाड़ा के एक ज्वेलरी व्यापारी को कांकरोली थाने लेकर आने वाली टीम में पूरण सिंह भी शामिल थे। उसी दिन शाम को ज्वेलरी व्यापारी की मौत के बाद पूरण सिंह तनाव में आए थे और अगले दिन हार्ट अटैक से उनकी भी मौत हो गई। दरअसल ज्वेलरी व्यापारी की तबीयत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद सर्राफा व्यापारियों ने आरके हॉस्पिटल में प्रदर्शन कर परिजनों को 1 करोड़, बेटे को सरकारी नौकरी व पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी। परिजनों के साथ वार्ता के बाद ज्वेलरी व्यापारी को 8 लाख का मुआवजा, बेटे को संविदा पर नौकरी की बात पर सहमति बनी। ज्वेलरी व्यापारी की मौत के बाद से ही हैड कांस्टेबल पूरण सिंह तनाव की स्थिति में आ गए और उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां से अनन्ता हॉस्पिटल लेकर गए। इस दौरान पूरण सिंह ने दम तोड़ दिया। हैड कांस्टेबल की मौत की खबर से पुलिस महकमे में शोक फेल गया। इसके बाद शव को आरके हॉस्पिटल पहुंचाया गया। वहीं हैड कांस्टेबल के परिजनों सहित बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग भी आरके हॉस्पिटल पहुंच गए, जहां पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। बाद में हॉस्पिटल परिसर में ही एएसपी महेन्द्र पारीक, डीवाईएसपी विवेक सिंह की मौजूदगी में परिजनों व समाज के लोगों के साथ वार्ता की गई। जहां परिजनों ने 5 करोड़ का मुआवजा, पूरण सिंह के दोनों बेटों को सरकारी नौकरी व पुलिस टीम को बहाल करने की मांग रखी। इन मांगों को लेकर मंगलवार को वार्ता हुई, लेकिन सफल नहीं रही।

## कहासुनी के बाद लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से एक-दूसरे पर किया हमला, छह लोग घायल

# रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के झगड़े में युवक की हत्या

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जिले के मौजमाबाद इलाके में मंगलवार सुबह रास्ते की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। झगड़े में एक युवक की कुल्हाड़ी के वार कर हत्या कर दी गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने एसएमएस हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों के कई लोगों को राउंडअप किया है।

थानाधिकारी मौजमाबाद उमराव सिंह ने बताया कि यह मामला मौजमाबाद इलाके के धमाना ग्राम पंचायत का है। धमाना गांव में बजरंग कसवां व रामेश्वर डूडी अपने-अपने परिवार के साथ रहते हैं। रास्ते के विवाद को लेकर मंगलवार सुबह करीब 9 बजे दोनों पड़ोसियों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों ही पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए। कुछ ही देर में कहासुनी ने विवाद का रूप ले लिया। दोनों ही पक्षों के लोग अपने-अपने घरों से लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी लेकर खड़े हो गए। कहासुनी के बाद ही दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हथियारों से हमला कर दिया और लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से एक-दूसरे पर वार कर लहूलुहान कर दिया।



कुल्हाड़ी के हमले से सिर पर लगने से बजरंग कसवां लहूलुहान होकर रोड पर गिर गया। उसके बाद भी झगड़ा बंद नहीं हुआ और एक-दूसरे पर वार करते रहे। लहूलुहान हालत में रोड पर तड़पते बजरंग को लाठी-डंडे से पीटा गया।

झगड़े की सूचना पर मौजमाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने झगड़े में घायल सभी लोगों को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। गंभीर हालत में बजरंग कसवां को एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट करवाया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के कुछ लोगों को डिटेन किया है।

## कई राज्यों में दिया वारदातों को अंजाम, पांच महिलाओं समेत सात गिरफ्तार

# धार्मिक कार्यक्रमों में सोने की चेन उड़ाने वाली शातिर गैंग पकड़ी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहर में चेन तोड़ने वाली एक शातिर गैंग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 5 महिला समेत दो पुरुषों को 8 सोने की चेन के साथ पकड़ा है। बदमाशों के पास दो कार भी मिली हैं, जो चेन लूटने के लिए इन कारों का इस्तेमाल करते थे।

गैंग के बदमाश मंदिरों में होने वाले धार्मिक आयोजन व कलशयात्रा के दौरान अलग-अलग राज्यों में जाकर वारदातों को अंजाम दिया करते थे। सवान माह में इस गैंग ने वैशाली नगर थाना इलाके में आने वाले झारखंड महादेव मंदिर में महिलाओं की चेन तोड़ी थी। इस सम्बन्ध में वैशाली नगर थाना पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर रखी है।

शातिर गैंग के जिन सात सदस्यों की गिरफ्तारी उनमें विमलेश कुमारी पत्नी अनिल निवासी कच्ची बस्ती रणजीत नगर भरतपुर, पूजा पत्नी रिषी कुमार निवासी बालाजी कॉलोनी मीणा की ढाणी अलवर, मधु पत्नी शिव कुमार निवासी अमोलक कॉलोनी मेरठ हाल बालाजी कॉलोनी अलवर, गुड्डी पत्नी हरी निवासी कच्ची बस्ती रणजीत नगर भरतपुर, अंजु पत्नी मनोज निवासी कच्ची बस्ती रणजीत नगर भरतपुर, सुरेन्द्र सिंह बावरीया पुत्र लालाराम निवासी कर्च बस्ती रणजीत नगर भरतपुर व रिषि कुमार बावरीया पुत्र अशोक कुमार निवासी बालाजी कालोनी बानसूर अलवर शामिल है।



### मंदिरों में भीड़ का फायदा उठाकर करतीं वारदात

डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि झारखंड मंदिर में चेन लूट की वारदात की जानकारी सामने आई थी। इस पर डीएसटी व थाना पुलिस को एक्टिव होकर संदिग्धों पर नजर रखने के लिए कहा गया। मौके से मिले सीसीटीवी फुटेज में कुछ महिलाएं देखी गईं। इनके बारे में जानकारी जुटाई गई। यह एक विशेष गैंग है। सभी आरोपी मूलरूप से भरतपुर के रहने वाले हैं। इनकी महिलाएं मंदिरों में भीड़ अधिक होने पर एक्टिव होकर चेन तोड़ने की वारदात को अंजाम दिया करती हैं।

### ओंकारेश्वर और डिग्गी यात्रा में भी किया हाथ साफ

पुलिस टीम को इन बदमाशों की लीड मिली। इस दौरान यह गैंग दिल्ली निकल गई। पुलिस टीम ने दिल्ली तक इनका पीछा किया। इसके बाद पता चला कि ये लोग ग्वालियर में एक शिव मंदिर में चले गए हैं। पुलिस टीम निरंतर इनके पीछे रही। फिर यह गैंग ओंकारेश्व पहुंच गई।

यहां भी इन बदमाशों ने चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया। वापस लौटने के दौरान यह गैंग डिग्गी कल्याणजी की यात्रा में घुसी और यहां भी वारदात की। पुलिस टीम ने इस गैंग की 5 महिलाओं व 2 पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से लूटी गई 8 सोने की चेन रिकवर हुई। साथ ही 2 लग्जरी कारें भी रिकवर हुई हैं। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया हैं।

# पाक तस्करों ने ड्रोन से बॉर्डर पर फेंकी 8.50 करोड़ की ड्रग्स

### इसी पोस्ट पर पहुंचने वाले हैं सीएम भजनलाल



महानगर संवाददाता

**बीकानेर।** पाकिस्तानी तस्करों की ओर से लगातार इंटरनेशनल बॉर्डर पर ड्रग्स भेजी जा रही है। बीती रात को भी बीकानेर के खाजूवाला से सटे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 8.50 करोड़ की ड्रग्स भेजी गई है। ये ड्रग्स का पैकेट बंदरी पोस्ट के पास फेंका गया है। यहां से पाकिस्तान बॉर्डर महज 130 किलोमीटर की दूरी पर है। बताया जा रहा है कि दो साल पहले इसी पोस्ट पर 300 करोड़ की ड्रग पकड़ी गई थी।

वहीं इसी पोस्ट पर 14 अगस्त को सीएम भजनलाल शर्मा भी पहुंचने वाले हैं। इधर, मंगलवार सुबह खाजूवाला पुलिस बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट महेश कुमार जाट ने बताया कि बीएसएफ इंटेलिजेंस को सूचना सिली थी कि भारतीय सीमा में पाकिस्तान की ओर से ड्रग की बड़ी खेप भेजी जा रही है। ऐसे में पूरे एरिया का सर्वे किया। इस सर्वे में बीएसएफ के 96वीं बटालियन और जी ब्रांच के अधिकारी शामिल थे। सर्च के दौरान बंदरी पोस्ट पर कीचड़ में पीले रंग का पैकेट मिला। इसे जब खोला गया तो इसमें 1.655 किलो ड्रग मिली। इस पैकेट को 6 अलग-अलग लेयर में पैक किया हुआ था।

इसी पोस्ट पर दो साल पहले तत्कालीन डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में बीएसएफ ने तीन सौ करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद की थी, जो अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई थी। बीएसएफ ने इसके बाद ही इस क्षेत्र में सख्ती बढ़ा दी थी। इधर, जिस पोस्ट पर ये हेरोइन बरामद हुई है, इसी के आगे आगे कोड़ेवाला पोस्ट पर 14 अगस्त को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आ रहे हैं। वे यहां बीएसएफ जवानों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री की यात्रा के कारण भी क्षेत्र में सर्च अभियान तेजी से चल रहा था।

# रामदेवरा जा रहे बाइक सवार 2 भाइयों को बस ने कुचला, मौत

### बाइक का पेट्रोल टैंक फटा, घिसटने से उठी चिंगारी से बस में लगी आग



महानगर संवाददाता

**जालोर।** सांचौर में तेज रफ्तार निजी बस ने रामदेवरा जा रहे बाइक सवार 2 भाइयों को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस बेकाबू हो गई और बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। हाईवे के किनारे पर लगी लोहे की सुरक्षा रैलिंग से टकराकर बस रुकी। इस दौरान बाइक का पेट्रोल टैंक फट गया और बाइक के घसीटने से उठी चिंगारी से बस में आग लग गई। हादसा नेशनल हाईवे-68 पर मंगलवार सुबह करीब 8.15 बजे रणोदर गांव की सीमा पर हुआ। एसएचओ बलदेव राम ने बताया कि प्राइवेट बस बाड़मेर के चौहटन से गुजरात के पालनपुर जा रही थी। बस में ज्यादातर मरीज बैठे थे, जो दवाई लेने गुजरात जाते हैं। रणोदर गांव की सीमा पर गुजरात की तरफ से आ रही एक बाइक की बस से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार 2 चचेरे भाई संदीप भाई पुत्र गोरधन भाई और रणजीत भाई पुत्र सोमाभाई निवासी तारापुर सोजीतरा बस के टायर के नीचे आ गए। कुचलने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

दोनों के शव और बैग में रखा सामान सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गया। बेकाबू बस टायरों में फंसी बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गई और हाईवे किनारे लगी लोहे की सुरक्षा रैलिंग से टकराकर रुकी। इस दौरान बाइक का पेट्रोल टैंक फट गया और घसीटने से उठी चिंगारी से बस में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार दोनों चचेरे भाई रामदेवरा दर्शन करने जा रहे थे।

# बेकाबू कार ने पुलिस वैन को मारी टक्कर, 7 जवानों समेत 11 घायल



### टक्कर के बाद कार में लगी आग, तीन लाख कैश व गोल्ड स्वाह

महानगर संवाददाता

**अलवर।** दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह करीब 7 बजे पीछे से कार ने आगे चल रही पुलिस वैन को टक्कर दी। टक्कर के बाद कार में आग लग गई, जिससे वह जलकर राख हो गई। वहीं वैन में सवार डीग पुलिस के सभी 7 जवान गंभीर और कार में सवार 7 में से चार लोग घायल हो गए। वहीं कार में रखे तीन लाख रुपए और सोना भी स्वाह हो गया। कार में पति-पत्नी व साली सहित एक ही परिवार के 7 लोग सवार थे, जिनमें से तीन को ज्यादा चोटें लगी हैं, वहीं 3 बच्चों को चोट नहीं आई है।

घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं पुलिस जवान विकास को अलवर से जयपुर रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार डीग से पुलिस टीम एक मुल्जिम को लेने सेलावास दौसा थाने जा रही थी। वैन में पुलिसकर्मी लक्ष्मण सिंह, विकास जाट, दुलीचंद, लोकेश यादव, सरदार सिंह सवार थे। इनकी वैन को पीछे से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी।

इसके कारण वैन पलट गई और कार में आग लग गई। कार पूरी तरह से जल गई, लेकिन कार में सवार लोगों को बाहर निकाल लिया गया। वहीं कार में गुलफाम, पत्नी हीना के अलावा इनके चार बच्चे सवार थे। गुलफाम की साली साहिल मौजूद थी। ये मुरादाबाद में रहते हैं और जयपुर में रह रहे माता-पति के पास जा रहे थे। अब इनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार तेज रफ्तार में थी, जिसने वैन को पीछे से टक्कर दी है, जिससे सात पुलिसकर्मी सहित 11 लोग घायल हो गए। पहले घायलों को पिनान अस्पताल लेकर जाया गया, वहां से अलवर रैफर कर दिया। दिल्ली से जयपुर जाते समय दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे यह हादसा हुआ है।

# झाड़-फूंक के चक्कर में गई मां और 2 बच्चों की जान

### सोते समय सांप ने डसा था, 5 घंटे बाद अस्पताल लेकर गए परिजन

महानगर संवाददाता

**बारां।** शाहाबाद के केलवाड़ा थाना इलाके में झाड़-फूंक के चक्कर में मां और 2 बच्चों की मौत हो गई। तीनों को मंगलवार सुबह सोते समय कॉमन करैत सांप ने डस लिया था। चिल्लाने पर परिजन दौड़कर पहुंचे तो उनके मुंह से झाग निकल रहा था और सांस लेने में परेशानी हो रही थी। इसके बाद परिजन तीनों को झाड़-फूंक के लिए एक स्थान पर ले गए थे, जहां उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई।

करीब 5 घंटे बाद परिजन तीनों को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। एसएचओ मान सिंह मीणा ने बताया कि रमेश बलाई निवासी महोदरा की बेटी पिंकी पत्नी ब्रजेश निवासी शिवपुरी मध्य प्रदेश रक्षाबंधन का त्योहार मनाने अपने पीहर आई हुई थी। सोमवार रात को पिंकी अपने बेटे प्रिंस व बेटी नेहा के साथ सो रही थी। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे तीनों को जहरीले सांप ने डस लिया, जिससे तीनों की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्होंने बताया कि तबीयत बिगड़ने पर तीनों चिल्लाने लगे तो आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे तो तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। कमरे में देखा तो कॉमन करैत सांप दिखाई दिया। परिजनों ने लाठी से सांप को मार दिया।



परिजन तीनों को केलवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। रमेश बलाई ने बताया कि बेटी और उसके 2 बच्चे रक्षाबंधन पर गांव आए हुए थे। इसको लेकर घर में खुशी का माहौल था। सोमवार रात को खाना खाने के बाद सभी लोग अपने-अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। सुबह करीब 5 बजे चिल्लाने की आवाज सुनकर मैं कमरे में पहुंचा तो तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। जहर के असर से तीनों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी।

# भाई को डूबता देख बहन बचाने कूदी, मौत

महानगर संवाददाता

**पाली।** रोहट थाना इलाके का दूदली गांव का मंगलवार दोपहर घर से 2 किमी दूर नाड़ी में नहाने उतरे 11 साल के चचेरे भाई को बचाने के लिए बहन भी कूद गई। ग्रामीणों ने चिल्लाने की आवाज सुनी तो बचाने दौड़े, लेकिन पानी गहरा होने के चलते दोनों ही इसमें डूब गए और मौत होगी। दोनों भाई बहन जंगल में बकरियां चराने आए थे। जैसे ही परिजनों ने उनके डूबने की सूचना सुनी, दौड़कर नाड़ी के पास आए। बच्चों को बचाने के प्रयास में कभी उन्हें सिर के बल लटकाते तो कभी उन्हें सीपीआर देने की कोशिश करते, लेकिन दोनों ही मासूमों को बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने दोनों के शव नाड़ी से निकलवाकर रोहट हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाए। रोहट थाने की एसएचओ पाना चौधरी ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से डूबे दोनों बच्चों को बाहर निकाला और रोहट हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# घूमने के बहाने बुक की टैक्सी कार लूटकर भागे बदमाश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कालवाड़ थाना इलाके में सवारी बनाकर बैठे बदमाशों के टैक्सी कार लूटने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने घूमने के बहाने टैक्सी कार को बुक किया और रास्ते में मारपीट कर ड्राइवर को नीचे उतारकर कार लूटकर फरार हो गए। इस पर पीड़ित टैक्सी ड्राइवर ने कालवाड़ थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि कार लूट की वारदात भरतपुर के डीग निवासी सीताराम के साथ हुई। वह जयपुर एयरपोर्ट के पास रहकर ओला-उबर कंपनी में टैक्सी कार चलाता है। गत दिनों खाटूश्यामजी जाने के लिए उसकी टैक्सी कार को बुक किया गया था। खाटूश्यामजी दर्शन कर उसने सवारियों को उनकी बताई जगह पर उतार दिया। अगले दिन रात करीब 12 बजे दोबारा उसकी टैक्सी को जयपुर से बाहर जाने के लिए बुक किया गया।



बुक करने पर 200 फीट बाइपास से कार में दो लड़के और दो लड़कियां कार में बैठे। हाथोज बस स्टैंड के पास कार सही नहीं चलाने की कहकर उन्होंने कार रुकवा ली। कार खुद ड्राइव करने की कहकर ड्राइवर से मारपीट कर उसे नीचे उतरा दिया। मारपीट कर सवारी बनकर बैठे बदमाश उसकी टैक्सी कार को छीन ले गए। सूचना पर कालवाड़ थाना पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन कार व लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा।

# पेट्रोल-पंप पर सो रहे श्रद्धालु को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

### रामदेवरा दर्शन कर लौट रहे साथियों का अस्पताल में समय पर इलाज नहीं मिलने का आरोप

महानगर संवाददाता

**जालोर।** बिशनगढ़ थाना इलाके के उम्मेदाबाद गांव के पेट्रोल पंप पर मंगलवार सुबह 4 बजे पेट्रोल पंप पर सो रहे श्रद्धालु को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। ऊपर से ट्रैक्टर गुजरने के बाद युवक उठा और पास में पिकअप में सो रहे साथियों को जगाया। इसके बाद उसे हॉस्पिटल ले जाया गया। साथियों का आरोप है कि इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। श्रद्धालु अपने साथियों के साथ रामदेवरा से दर्शन कर लौट रहा था। रात में सभी पेट्रोल पंप परिसर में ही सो गए थे। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। श्रद्धालु के साथी चेखाराम पुत्र सवाराम ने बताया कि जालोर के ऊपर मेड़ा गांव से देवासी समाज के 12 लोग रामदेवरा दर्शन के लिए पैदल निकले थे, जिसमें लालाराम पुत्र केवाराम हीरागर भी साथ था। रामदेवरा व बाड़मेर के उण्डू काश्मीर में रामदेवजी महाराज की जन्मस्थली के दर्शन कर वापस पिकअप में सवार होकर जालोर के लिए निकले।



इस दौरान बिशनगढ़ इलाके के उम्मेदाबाद गांव आते-आते ड्राइवर को झपकी आने लगी। ऐसे में वहीं एक पेट्रोल पंप पर गाड़ी रोककर आराम करने लगे। सुबह करीब 4 बजे पेट्रोल पंप पर आए ट्रैक्टर चालक ने लालाराम को कुचल दिया। ट्रैक्टर गुजरने के बाद लालाराम उठा और साथियों को आवाज लगाई। साथी जागे और उसे संभाला। तब तक ड्राइवर फरार हो चुका था। साथी लालाराम को जालोर के जिला हॉस्पिटल ले गए, वहां चक्कर काटते रहे, लेकिन इलाज नहीं मिला। लालाराम के साथी शेखर देवासी ने बताया कि वहां डॉक्टर ने कहा कि इलाज यहां नहीं, ट्रॉमा सेंटर में होगा। हम लालाराम को भीनमाल रोड स्थित ट्रॉमा सेंटर लेकर गए। हम आधे घंटे तक घायल लालाराम को लेकर ट्रॉमा सेंटर में घूमते रहे, लेकिन न स्टाफ मिला, न इलाज। इसके बाद लौटकर जालोर हॉस्पिटल आए। तब तक लालाराम ने दम तोड़ दिया था। हॉस्पिटल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 'जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ होगी कार्रवाई'

घटना को लेकर पीएमओ वेदप्रकाश मीणा ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर में 24 घंटे डॉक्टरों समेत मेडिकल टीम रहती है। हालांकि परिजनों ने आरोप लगाया है कि इलाज नहीं मिला। लिखित रिपोर्ट के बाद मामले की जांच करेंगे। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। बिशनगढ़ थाने के एएसआई मोटाराम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रैक्टर की पहचान कर उसे जब्त कर लिया है। ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजन को सौंप दिया है। लालाराम के चचेरे भाई ने बताया कि लालाराम के माता-पिता की मौत हो चुकी है। परिवार में वह अकेला था और मजदूरी करता था।

facebook YouTube
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# नेपाल राष्ट्र के बौध धर्म गुरु को मिलेगा जगद्गुरु सम्मान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच नेपाल के बोर्ड सलाहकार में



नियुक्त प्रमुख सलाहकार धर्म गुरु लामा घ्याचो रिम्पोछे को अंतरराष्ट्रीय सप्तऋषि अखाड़ा जगद्गुरु एवं संस्थापक स्वामी ऋषिवर सच्चिदानंद बालप्रभु महाराज वृंदावन में 28 अगस्त को पटाभिषेक समारोह में जगद्गुरु अलंकरण से उपाधि से सम्मानित करेंगे। अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच के मुख्य सलाहकार एडवोकेट डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म नेपाल ने बताया कि ये नेपाल राष्ट्र के पहले बौध धर्म गुरू हैं, जिनको इस उपाधि से अलंकृत किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय सप्तऋषि अखाड़ा के महामंडलेश्वर शिवम महाराज ने बौध धर्म गुरु रिम्पोछे को आमंत्रण भेज कर वृंदावन आमंत्रित किया है। उन्हें यह सम्मान सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करने और आज के युग में धर्म अध्यात्म एवं मानवता के उत्थान के लिए बौध धर्म गुरु के अद्वितीय योगदान तथा बौध धर्म के साथ-साथ सनातन संस्कृति और भारत की प्राचीन सभ्यता को बढ़ावा देने पर प्रदान किया जा रहा है। जगद्गुरु की उपाधि के बाद बौद्ध धर्म गुरु की भारत के सभी राज्यों में यात्राएं निकाली जाएंगी।

### विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने भीलवाड़ा के शाहपुरा में स्मारक एवं मूर्ति का किया अनावरण

# अमर शहीद हेमू कालानी का साहस और त्याग युवाओं के लिए प्रेरणा : देवनानी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अमर शहीद हेमू कालानी भारत के सबसे कम उम्र के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। उनका साहस और त्याग आज भी देश के युवाओं के लिए प्रेरणा है। यह स्मारक ना केवल उनके बलिदान की कहानी कहेगा, बल्कि आने



वाली पीढ़ियों को भी राष्ट्रभक्ति का संदेश देगा। शाहपुरा के लिए यह एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर साबित होगी।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी मंगलवार को भीलवाड़ा जिले के एक दिवसीय दौरे के दौरान शाहपुरा स्थित सिंधी कॉलोनी में अमर शहीद हेमू कालानी के स्मारक व मूर्ति अनावरण समारोह में आमजन को संबोधित कर रहे थे। समारोह महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज के सान्निध्य में नगर पालिका शाहपुरा और पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि अमर शहीद हेमू कालानी ना केवल अच्छे छात्र थे, अपितु अच्छे तैराक, साइकिल चालक और उत्कृष्ट धावक भी थे। 19 वर्ष की आयु जीवन को समझने की शुरुआत होती है, उस उम्र में देश के लिए फांसी के फंदे का वरण करना, राष्ट्र धर्म के निर्वहन का सर्वोच्च आदर्श है। शहीदों के जीवन दर्शन यह बताते हैं कि आजादी की जंग के जांबाज क्रांतिकारी योद्धा अपना मरण त्योहार मनाकर स्वतंत्रता का उपहार देने के लिए ही अवतरित होते हैं। इस अवसर पर स्थानीय विधायक लालाराम बैरवा, अमर शहीद हेमू कालानी के परिजन मुंबई से कमला कालानी, सुरेश कालानी और नरेश कालानी समारोह में मौजूद रहे। समारोह में देशभक्ति गीत और पुष्पांजलि अर्पण का आयोजन हुआ।

### ओरल रीडिंग फ्लूएंसी कार्यक्रम पर हुई परिचर्चा

# प्रदेश के सभी स्कूलों में 8 को होगी मेगा पीटीएम : कुणाल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के तहत कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए चल रहे ओरल रीडिंग फ्लुएंसी कार्यक्रम की रीडिंग



रेमेडिएशन कार्य योजना और क्रियान्वयन पर शिक्षा संकुल में समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शासन सचिव शिक्षा कृष्ण कुणाल ने 1 सितंबर तक कैंपेन के परिणाम जारी करने और 8 सितंबर को प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में मेगा पीटीएम की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि 5 सितंबर को रीडिंग रेमेडिएशन का औपचारिक शुभारंभ होगा। इसका उद्देश्य कमजोर पड़ने वाले विद्यार्थियों को अतिरिक्त अभ्यास और व्यक्तिगत मार्गदर्शन के जरिए उनकी पठन क्षमता में सुधार करना है। कुणाल ने विद्यार्थियों तक पुस्तकें एवं वर्क बुक शीघ्र पहुंचाने, टीचर ऐप र लर्निंग वीडियो अपलोड करने और सिटिंग मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देने के निर्देश दिए। सिटिंग मॉडल के अंतर्गत कक्षा में विद्यार्थियों को उनकी पठन क्षमता के स्तर के अनुसार बैठाकर उन्हें लक्षित सहायता दी जाती है, ताकि सीखने की गति तेज हो सके। बैठक में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल, निदेशक प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा सीताराम जाट, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक सुरेश कुमार बुनकर, उपायुक्त डॉ. ओमप्रभा, यूनिसेफ, बीसीजी और वाधवानी फाउंडेशन के प्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा का दीक्षांत समारोह

# विद्यार्थी शिक्षा का उपयोग राष्ट्र व समाज की उन्नति में करें : बागडे

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षांत का अर्थ शिक्षा का अंत नहीं, अपितु अर्जित योग्यताओं से जीवन की नई शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी शिक्षा का समुचित उपयोग राष्ट्र और समाज की उन्नति में करें। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद जनजातीय विश्वविद्यालय से अपेक्षा है कि जनजाति क्षेत्र में उच्च शिक्षा का प्रभावी प्रचार हो, इसलिए हमें शिक्षा में जनजातीय वर्ग के बच्चों की संख्या बढ़ानी है, ताकि शिक्षा के माध्यम से वे नौकरी और व्यवसाय कर सकें और उनकी गरीबी दूर हो। हमें प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्कूलों की शिक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए।

राज्यपाल बागडे मंगलवार को गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा के षष्ठम दीक्षांत समारोह को माही डेम रोड बड़वी स्थित माही भवन विश्वविद्यालय परिसर में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां से डिग्री प्राप्त कर रहे युवाओं का कर्तव्य है कि वे अपने गांव के स्कूलों में हो रही पढ़ाई पर भी ध्यान दें। अपनी विद्या को अपने तक ही सीमित नहीं रखें, इसे दूसरों को भी देने का प्रयास करें। विद्या तमाम बंधनों से मुक्त करती है। ज्ञान मिलने पर अहंकार से मुक्ति मिलती है। शिक्षा का उद्देश्य बौद्धिक क्षमता विकसित कर समस्या के समाधान का मार्ग निकालना है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य भी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। मैंने आज मां त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन कर यह कामना की है कि यहां के बच्चों की बौद्धिक क्षमता में बढ़ोत्तरी हो, शिक्षक मुक्त हाथ से विद्या प्रदान करें और सभी लोगों को अच्छा स्वास्थ्य मिले। इस अवसर पर उन्होंने बांसिया भील, राणा पूंजा, राजा डूंगरिया, कालीबाई आदि को भी याद किया। समारोह में 22 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि तथा 34 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कौटिल्य शोध भवन व स्वामी विवेकानंद छात्र कल्याण भवन का लोकार्पण एवं संकाय भवन का शिलान्यास किया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने की। उन्होंने स्वागत उद्बोधन देते हुए विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



#### राज्यपाल ने त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में की पूजा



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मंगलवार को बांसवाड़ा के मां त्रिपुरा सुंदरी में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां त्रिपुरा सुंदरी से प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की।

# ई-केवाईसी से वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच रही गैस सब्सिडी

## लाभार्थी एप एवं एलपीजी वितरकों के माध्यम से करवा सकते हैं बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश सरकार कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण (ई-केवाईसी) का प्रावधान मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभार्थियों के लिए किया गया है।

उल्लेखनीय है कि योजना का लाभ असल हकदारों तक पहुंचाने के लिए आधार आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) लाभार्थियों की सटीक पहचान, वास्तविक समय और लागत की प्रभावी गणना, प्रमाणीकरण और डी. डुप्लीकेशन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आधार प्रमाणीकरण के विभिन्न तरीकों में से बायोमेट्रिक (चेहरा, उंगली, आंख की पुतली आधारित) प्रमाणीकरण सबसे सुरक्षित और विश्वसनीय साबित हुआ है। यह योजना के दुरुपयोग को रोकने और सब्सिडी लाभ को इच्छित प्राप्तकर्ताओं तक पहुंचाने को सुनिश्चित करता है। इन कारणों से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग निरंतर मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के अंतर्गत एलपीजी रिफिल प्राप्त करने वाले सभी पात्र लाभार्थियों को बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण (ईकेवाईसी) करवाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।



#### इस तरह कर सकते हैं ई-केवाईसी

लाभार्थी कई सुविधाजनक विकल्पों के माध्यम से बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण (ई-केवाईसी) पूरा कर सकते हैं। जैसे स्व-प्रमाणीकरण संबंधित तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीएस) के मोबाइल एप के माध्यम से, एलपीजी वितरक के अधिकृत डिलीवरी कर्मियों से उनके दरवाजे पर बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण करने का अनुरोध भी कर सकते हैं। वैकल्पिक रूप से लाभार्थी प्रमाणीकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आधार कार्ड और अपने घरेलू गैस उपभोक्ता कार्ड (डीजीसीसी) या नवीनतम रिफिल कैश मेमो के साथ व्यक्तिगत रूप से एलपीजी वितरक के पास जा सकते हैं।

### गेल और आरएसजीएल की ओर से नीमराना में जागरुकता कार्यक्रम

# पर्यावरणीय दृष्टि से बेहतर विकल्प है तरलीकृत प्राकृतिक गैस : जैन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्र सरकार के उपक्रम गेल इंडिया और राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस द्वारा नीमराना में लंबी दूरी के वाहनों के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस एलएनजी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गैल के कार्यकारी निदेशक कपिल कुमार जैन ने कहा कि परिवहन में स्वच्छ और हरित ऊर्जा के साथ ही ईंधन के अधिक ठोस विकल्प के रूप में एलएनजी बेहतर साधन है। उन्होंने कहा कि गैल इंडिया और आरएसजीएल द्वारा नीमराना में एलएनजी स्टेशन की स्थापना ट्रांसपोर्टरों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है।

कपिल जैन ने कहा कि साझाकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सरकार की हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और परिवहन ईंधन के रूप में एलएनजी के आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी लाभकारी होने की जानकारी पहुंचाने के लिए किया गया है। कमलजीत सिंह ने




कहा कि ट्रकों सहित लंबी दूरी के भारी परिवहन साधनों के लिए एलएनजी तकनीक और इसके लाभ खासतौर से कम लागत, कम उत्सर्जन और परिचालन दक्षता के लिए एलएनजी बेहतर विकल्प है। उन्होंने उपस्थित ट्रांसपोर्टरों को विस्तार से जानकारी दी और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया कि नीमराना में एलएनजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एलएनजी स्टेशन की स्थापना का काम शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर गेल की ओर से जयंत खुराना, आरएसजीएल से विवेक रंजन, दीप्तांशु पारीक, अतुल शुक्ला, नीमराना एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल कौशिक सहित क्षेत्र के ट्रांसपोर्टरों ने हिस्सा लिया।

### खान विभाग में 6 अगस्त तक 2968 करोड़ 11 लाख रुपए का राजस्व अर्जित

# राजस्व के लिए पुराने बकाया सहित अन्य स्रोतों पर फोकस

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** खान एवं भूविज्ञान विभाग राजस्व में बढ़ोत्तरी के लिए एग्रेसिव रणनीति बनाते हुए रुटिन राजस्व वसूली के साथ ही बकाया वसूली सहित अन्य संभावित स्रोतों पर फोकस करेगा। प्रमुख शासन सचिव खान एवं भूविज्ञान टी. रविकांत ने मंगलवार को खनिज भवन में निदेशक माइंस दीपक तंवर सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में राजस्व बकाया वसूली, डेलिनियेशन से ऑक्शन और एलओआई जारी होने से लेकर ऑक्शन खानों को परिचालन में लाने तक की ठोस रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग की पुरानी बकाया, जुर्माना राशि बकाया, कोर्ट स्टे को छोड़कर शेष बकाया, कोर्ट स्टे प्रकरणों में प्रभावी पैरवी करते हुए स्टे वैकेट करके राशि वसूली और अवैध खनन गतिविधियों के दौरान जुर्माने की राशि सहित पुरानी व चालू बकाया वसूली के ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने इस तरह की बकाया



राशि की वसूली के एमई एएमई कार्यालयानुसार मासिक कार्ययोजना बनाकर राजस्व अर्जन की पाक्षिक समीक्षा पर जोर दिया।

प्रमुख शासन सचिव रविकांत ने बताया कि 6 अगस्त तक विभाग द्वारा 2968 करोड़ 11 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है। यह गत वर्ष की तुलना में अधिक है, पर विभागीय अधिकारियों को एमनेस्टी योजनाओं, पुरानी बकाया राशि और समय-समय पर लगाई जा रही जुर्माना राशियों की वसूली पर भी खास ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य के माइंस सेक्टर को देश का अग्रणी सेक्टर बनाने पर जोर देते हुए समग्र फोकस पर जोर दे रहे हैं, ताकि एक्सप्लोरेशन से लेकर ऑक्शन और परिचालन से राजस्थान निवेश, रोजगार और राजस्व संग्रहण में अग्रणी बन सके।

खान विभाग के निदेशक दीपक तंवर ने बताया कि राजस्व अर्जन पर विभाग का खास फोकस है और बकाया राजस्व वसूली के सभी संभावित प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं। इस वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया जाएगा। अतिरिक्त निदेशक माइंस महेश माथुर ने कार्ययोजना की जानकारी दी। इस अवसर पर वित्तीय सलाहकार गिरिश कछारा, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, जेएलआर गजेंद्र सिंह, अधीक्षण खनि अभयंताओं में एनएस शक्तावत, प्रताप मीणा, ओपी काबरा, जय गुरुबख्सानी, धर्मेंद्र लोहार, एसपी शर्मा, एमई आसिफ मोहम्मद अंसारी, अनुज गोयल, दीपक गहलोत और एसीपी जयेश नीनामा सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### बिहार एसआईआर मामला : जिंदा लोगों को मृत बताने पर चुनाव आयोग बोला- गलतियां स्वाभाविक

# आधार नागरिकता का सबूत नहीं, चुनाव आयोग अपनी जगह सही : सुप्रीम कोर्ट

महानगर संवाददाता

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का पक्का सबूत नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग का यह कहना सही है कि आधार कार्ड से नागरिकता साबित नहीं होती। जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्य बागची की बेंच ने यह बात बिहार में वोटर लिस्ट में बदलाव को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कही। कोर्ट ने कहा कि वोटर लिस्ट में किसे शामिल करना है और किसे नहीं, यह तय करना चुनाव आयोग का काम है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि आधार एक्ट में भी यह साफ लिखा है कि आधार नंबर नागरिकता का प्रमाण नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया से कई लोगों का नाम वोटर लिस्ट से कट सकता है। खासकर उन लोगों का जिनके पास जरूरी कागजात नहीं हैं।

**आधार कार्ड भारत की नागरिकता का प्रमाण नहीं :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आधार कार्ड, नागरिकता का ठोस प्रमाण नहीं



है। इसका मतलब है कि सिर्फ आधार कार्ड के भरोसे यह नहीं माना जा सकता कि कोई व्यक्ति भारत का नागरिक है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने बिहार में वोटर लिस्ट को अपडेट करने के मामले की सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट में बिहार में होने वाले चुनावों के लिए वोटर लिस्ट में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने कहा, ÷चुनाव आयोग का यह कहना सही है कि आधार को नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के तौर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसकी जांच होनी चाहिए। याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल के अलावा अभिषेक मनु सिंघवी, गोपाल शंकरनारायणन, प्रशांत भूषण और वृंदा ग्रोवर जैसे वकीलों ने भी अदालत में अपनी-अपनी बातें रखीं। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर अगली सुनवाई बुधवार को करेगा।

# अटेली, काठूवास व कुंड स्टेशनों पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेल यातायात रहेगा प्रभावित

## सुगम रेल संचालन के लिए फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखंड के मध्य किया जा रहा है दोहरीकरण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा जयपुर मंडल के फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखंड के मध्य अटेली-काठूवास-कुंड स्टेशनों पर दोहरीकरण कार्य के कारण नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कारण कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इनमें 19619 फुलेरा-रेवाड़ी एक्सप्रेस और 19622 रेवाड़ी-फुलेरा एक्सप्रेस 1 से 29 अगस्त तक (दोनों 29 ट्रिप), 14705 भिवानी-ढेहर का बालाजी एक्सप्रेस और 14706, ढेहर का बालाजी-भिवानी




एक्सप्रेस 20 से 29 अगस्त तक (दोनों 10 ट्रिप), 19620 रेवाड़ी-फुलेरा एक्सप्रेस और 19621 फुलेरा-रेवाड़ी एक्सप्रेस 20 से 29 अगस्त तक (दोनों 10 ट्रिप), 19618 रेवाड़ी-मदार एक्सप्रेस 20 से 29 अगस्त तक (10 ट्रिप) एवं 19617 मदार- रेवाड़ी एक्सप्रेस 20 अगस्त, 22, 23, 25, 26 एवं 28 अगस्त को (6 ट्रिप) प्रारंभिक स्टेशन से रद्द रहेंगी। वहीं 21 अगस्त, 24, 27 एवं 29 अगस्त को (04 ट्रिप) मदार से प्रस्थान करने वाली 19617 मदार-रेवाड़ी एक्सप्रेस फुलेरा तक संचालित होगी। यह ट्रेन फुलेरा-रेवाड़ी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

#### मार्ग परिवर्तित ट्रेनें (प्रारंभिक स्टेशन से)

- 1 से 29 अगस्त तक (29 ट्रिप) दिल्ली से प्रस्थान करने वाली 14087 दिल्ली-जैसलमेर अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन खैरथल, अलवर, बांदीकुई, दौसा, गांधीनगर जयपुर एवं जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- 1 से 29 अगस्त तक (29 ट्रिप) जैसलमेर से प्रस्थान करने वाली 14088 जैसलमेर-दिल्ली अपने निर्धारित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, अलवर एवं खैरथल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- 3 अगस्त, 6, 10, 13, 17, 20, 24 एवं 27 अगस्त को (8 ट्रिप) चंडीगढ़ से प्रस्थान करने वाली 22452 चंडीगढ़-बांद्रा टर्मिनस अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- 26 अगस्त को (1 ट्रिप) गोंडा से प्रस्थान करने वाली 19604, गोंडा-दौराई (अजमेर) अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### अटेली स्टेशन पर नहीं रुकेंगी ट्रेनें

- 22 से 29 अगस्त तक दिल्ली सराय से प्रस्थान करने वाली 20473 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी ट्रेन अटेली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। वहीं 21 से 28 अगस्त तक उदयपुर सिटी से प्रस्थान करने वाली 20474 उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय ट्रेन अटेली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।

#### लालगढ़-पुरी-लालगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस साप्ताहिक का श्रीगंगानगर तक विस्तार

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए लालगढ़-पुरी-लालगढ़ सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का श्रीगंगानगर तक विस्तार किया है। 20472 पुरी-श्रीगंगानगर सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 13 अगस्त से पुरी से 06:35 बजे रवाना होकर दूसरे दिन लालगढ़ स्टेशन पर 20:33 बजे आगमन व 20:35 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 02:05 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी। इसी प्रकार 20471 श्रीगंगानगर-पुरी साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 17 अगस्त से श्रीगंगानगर से 14:10 बजे रवाना होकर लालगढ़ स्टेशन पर 18:30 बजे आगमन व 18:32 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 09:30 बजे पुरी पहुंचेगी।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25